ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु
गुरुर देवो महेश्वर:
गुरुर साक्षात परम ब्रह्म
तस्मै श्री गुरुवे नम:

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 05 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 214, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

















पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के बाद प्रफुल्ल कुमार सिंह अपने पिता की राजनीतक विरासत को आगे बढा रहे हैं। अपनी काबिलियत, दूरदर्शिता एवं अभिव्यक्ति की क्षमता के बदौलत प्रफुल्ल कुमार सिंह ने पत्रकार के तौर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री के साथ सरकारी प्रतिनिधिमंडल की भूमिका में 30 से अधिक देशों का भ्रमण किया। इतना ही नहीं उनकी संवाद स्थापित करने की कला ने वैदेशिक संबंधों को नया आयाम गढ़ने एवं ऊंची मुकाम तक पंहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता के दिलों में बसते हैं प्रफुल्ल कुमार सिंह

## पत्रकार के रूप में प्रतिनिधिमंडलों के साथ **कई देशों** का किया है दौरा

पत्रकारिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर कई देशों का भ्रमण करने वाले प्रफुल्ल कुमार सिंह हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कदवर नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। हुसैनाबाद के घर-घर की समस्याओं को सुलझाते रहे हैं। ओजस्वी, यशस्वी, युवा शख्सियत प्रफुल्ल कुमार सिंह की विरासत में ही सामाजिक सरोकार का ज्ञान मिला है। उनके पिता अवधेश कुमार सिंह ख्याति प्राप्त नेता व मंत्री रहे हैं। यही वजह है कि अपने करियर के प्रारंभ से ही प्रफुल्ल सिंह ने पत्रकारिता को चुन कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपनी काबिलियत, दूरदर्शिता एवं अभिव्यक्ति की क्षमता के बदौलत प्रफुल्ल कुमार सिंह ने पत्रकार के तौर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री के साथ सरकारी प्रतिनिधिमंडल की भूमिका में 30 से अधिक देशों का भ्रमण किया। इतना ही नहीं उनकी संवाद स्थापित करने की कला ने वैदेशिक संबंधों को नया आयाम गढ़ने एवं ऊंची मुकाम तक पंहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। जिसका प्रमाण है वर्ष 2013 का भारत-चीन के बीच संपन्न हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास का साक्षी बनना। ये सिलसिला इतने पर थमा नहीं। फॉरेन कॉसपोंडेंट क्लब ऑफ साउथ एशिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर के अलावे प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के निदेशक पद पर विराजमान होकर श्री सिंह ने अपनी संगठनात्मक कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।



## सामाजिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि

- प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य, सहकार भारती
- सहकारिता प्रकोष्ठ, अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड
- निदेशक, बिहार-झारखंड हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन 2020 से वर्तमान...
- निदेशक, भूमि विकास बैंक, झारखंड-बिहार 2020 से वर्तमान तक
- निदेशक बिस्कोमान (बिहार-झारखंड मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी) 2020 से वर्तमान तक
- 2024 लोक सभा चुनाव में पलामू भाजपा के विजयी प्रत्याशी श्री बीडी राम जी के चुनाव प्रबंधन, सभाओं का आयोजन, मंच संचालन सहित मीडिया व सोशल नेटवर्किंग साइट पर कवरेज की जिम्मेवारी का सफलतापूर्वक निर्वह
- महासंपर्क अभियान पलामू जिला के सह संयोजक 2023-24
- झारखंड राज्य में 140 नए किसान उत्पादक संघ का गठन
- 100 कमजोर बूथ अभियान के सह संयोजक पलामू जिला
- भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (ठउवक) के सदस्य
- स्कूल से लेकर कॉलेज तक 100 आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों की शिक्षा का खर्च उठाना
- सचिव, ए.के. सिंह डिग्री कॉलेज, जपला (14000 छात्र)
- बी.एन. इंटर कॉलेज (3500 छात्र)
- महिला सशक्तिकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम कराना
- सदस्य सहकार भारती 2018 से वर्तमान तक
- सदस्य इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र 2003 से 2018
- 'युवा पलामू संस्था के जरिए विभिन्न सामाजिक कार्यों में संलग्न रहते हुए रक्तदान शिविर लगवाना, नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाने के अलावा पलामू जिल के हुसैनाबाद क्षेत्र में सखी ग्रुप बनाकर लोगों को पलाश के पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहन देने जैसे कार्य शामिल है।
- गैर सरकारी संगठन 'सेवा' के जरिए ग्रामीण इलाकों में गरीबी के कारण कुपोषण का शिकार हो रहे बच्चों के बीच अभियान चलाकर उन्हें प्रोत्साहन देने का काम लंबे समय से चल रहा है।
- ग्रामीण इलाकों में भूमि विकास बैंक के जरिए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना।

### जीवन परिचय

- **नाम : प्रफुल्ल कुमार सिंह**
- **पिता का नाम : स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह (पूर्व मंत्री)**
- **जन्मतिथि : 11 सितंबर 1978**
- **शैक्षिक योग्यता : पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जर्नलिज्म, बीए (आनर्स)**
- **वर्तमान पता : आबादगंज (मिशन स्कूल के सामने) डाल्टनगंज, जिला पलामू (झारखंड)**
- **कार्यालय का पता : ग्राम बरवाडीह, पोस्ट सकलदीपा, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू (झारखंड)**
- **मोबाइल : 9873557017**
- **ईमेल : singhpraful@gmail.com**



## पिता के पदचिन्हों पर चल अब जनता की आवाज बनेंगे प्रफुल्ल कुमार सिंह

अब वर्तमान समय में वे अपनी पिता के राजनीतिक विरासत को बढ़ा रहे हैं। हुसैनाबाद की जनता अब इन्हें नेता के रूप में स्वीकार कर लिया है। सिंह लेखक के तौर पर भी अपनी भूमिका रेखांकित किया है, इन्हें इंडियन मीडिया कांग्रेस का सर्वश्रेष्ठ सम्मान से नवाजा गया। वहीं वर्ष 2016-17 में बेस्ट ऑनलाइन कैटेगरी के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली के द्वारा नारद सम्मान से भी पुरस्कृत किया गया। सम्मान-सराहना पुरस्कारों ने इन्हें समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगिण विकास में अपने योगदान देने की प्रेरणा दी है। जिसके बदौलत वो निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। पफुल्ल कुमार सिंह ने अपने जीवन के विभिन्न चरणों में सामाजिक सेवा की भावना को अन्यान्य गतिविधियों के माध्यम से नित नए अध्याय को लिखा है। नए तौर-तरीकों, नए रंग-आकार, नए-नए रूपों में अपनी सामाजिक कार्यों को गढ़ा है। यह सर्वविदित है कि इनके रग-रग में सेवा भावना इन्हें विरासत में मिली है जो इनके पिता एवं पलामू के कुशल, अनुभवी, कार्यकर्ताओं के चहेते नेतृत्वकर्ता स्व. अवधेश कुमार सिंह से मिली है। पलामू के कद-पद प्रतिष्ठा के प्रमाणित राजनेता स्व. अवधेश बाबू का राजनितिक जीवन अपने आप में विशाल वृक्ष की भांति विस्तारित छायादार है। जिन्होंने जगनारायण पाठक जैसे दिग्गज को परास्त कर महज 26 वर्ष की आयु में ही 1972 में विधायक बने। दो बार बिहार विधानसभा एवं दो बिहार विधान परिषद के सदस्य भी निर्वाचित हुए। इतना ही नहीं सहकारिता आंदोलन से उपजे स्व० अवधेश बाबू डालटनगंज केन्द्रीय सहकारिता अधिकोष के सचिव भी रहे। इसके अतिरिक्त भूमि विकास, बिहार स्टेट हाउसिंग फेडरेशन एवं बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव के निदेशक पद पर रहते हुए विभिन्न विभागों में तकरीबन 15 हजार लोगों को नौकरी भी लगवाई जो अपने आप में गरीबों-दलितों-पिछड़ों-शोषितों से जुड़े रहने एवं उनके समुचित विकास के लिए कार्यरत रहने का प्रमाण है। यही सिलसिला उन्हें अन्ततः 1997 में तत्कालीन बिहार राज्य का सहकारिता एवं श्रम मंत्री के पद तक ले गया। जिसके बाद उनका कार्यकाल आज भी लोग भूले नहीं भूलते हैं। छात्र जीवन से लेकर राजनीति तक अपने पिता के किया-कलापों से प्रभावित प्रफुल्ल कुमार सिंह ने भी छात्र जीवन से ही खुद को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर छात्र हित में भगीरथ प्रयास किया। आज भी युवा पलामू के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन, नशामुक्ति का अभियान, वंचितों जरूरतमंदों तक वस्त्र एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर अंत्योदय विकास की धारा में एक बूंद की भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र में लगातार सखी ग्रुप बनाकर लोगों को पलास के पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित कर पर्यावरण संरक्षण एवं आर्थिक स्वावलंबन के जरिये विकसित भारत की ओर अग्रसर देश की नींव को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाई।

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

पिता स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह कोऑपरेटिव आंदोलन के अग्रणी रहे हैं। 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक में विभिन्न कोऑपरेटिव संस्थाओं में चेयरमैन एवं डायरेक्टर की भूमिका में रहे।

**1972** से 1980 तक बिहार विधानसभा के सदस्य रहे।

**1983** से 1989 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे।

**1995** से साल 2000 तक बिहार सरकार में मंत्री व विधायक रहे।

### उपलब्धियां

फॉरेन क्रांसपॉनडेंट क्लब ऑफ साउथ एशिया के एक्जक्यूटिव डॉयरेक्टर **(साल 2017 से 2021 तक)**

- प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के निदेशक (साल 2012-2017
- बेस्ट ऑनलाइन अवार्ड ऑफ इंडिया का सम्मान (साल 2016-17)
- इंडियन मीडिया कांग्रेस का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिक लेखक सम्मान

### विशेष

- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ 25 से अधिक देशों में रिपोर्टिंग का अनुभव
- **2013** में भारत-चीन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास की कवरेज

**2013** में यूनाइटेड किंगडम में आयोजित आईसीसी चैम्पियन क्रिकेट ट्राफी की कवरेज

**2012** में श्रीलंका में आयोजित टी-20 क्रिकेट मैच की कवरेज

**2011** में भारतीय क्रिकेट टीम के वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरे की कवरेज










# अब 18 वर्ष से ही मिलेगा महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ

## 7,00,000 लाभुकों के खाते में एक-एक हजार रुपए ट्रांसफर किये



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर नामकुम के खोजाटोली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब योजना के तहत लाभुकों के न्यूनतम आयु में संशोधन कर दिया गया है। अब इसका लाभ 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाएं ले सकेंगी। पहले योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष के लाभुक कवर किए गए थे।

कार्यक्रम में रांची, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा और गुमला जिले की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों के 7,00,000 लाभुकों के खाते में एक-एक हजार रुपए ट्रांसफर किये। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दो महीने के बाद चुनाव है। ये लोग आए दिन संप्रादयिक तनाव फैलाने में लगे हैं। इन्हें इसमें मास्टर डिग्री प्राप्त है। अखबार भी पढ़ेंगे तो उसमें भी उसी की बू आनी शुरू हो गई है। एक नेता आते हैं असम से, लगता है उन्होंने हिंदू-मुस्लिम भड़काऊ भाषण में सबसे अधिक डिग्री प्राप्त किया है। यहां आए दिन आते हैं और तनाव का माहौल बनाने लगते हैं। कभी सरकार गिराने में लगते हैं कभी हिंदू-मुस्लिम करते हैं। लेकिन डरने की बात नहीं है। यहां के लोग गरीब जरूर हैं लेकिन स्वाभिमानी है। अपना राज्य तो संभलता नहीं है। यहां आ जाते हैं जहर घोलने। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि कई रोजगार हमने दिया है लेकिन हमारे विपक्ष के लोगों के आंख में टीन का चश्मा लग गया है। ये लोग अंधा हो गए हैं। यहां का नेता को दिखाई नहीं दे रहा था तो असम से मध्यप्रदेश से नेता आकर हमारे झारखंडी भाईयों के बीच हिंदू-मुस्लिम करने में लगे हैं। नौकरी की बात हमारे विपक्ष के लोग हमेशा करते हैं। इनको पता नहीं है कि पांच साल में एक भी जेपीएससी इन लोगों ने नहीं करवाया। हमलोग आते ही जेपीएससी का परीक्षा करवाकर राज्य में 300 बीडीओ, सीओ, कलेक्टर बनवाया।

### सखी मंडल की दीदियों, स्वास्थ्यकर्मियों ने दिया सरकार का साथ : कल्पना सोरेन

कार्यक्रम में गांडेय विधायक व मुख्यमंत्री की पित्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस सरकार के आते ही कोरोना महामारी शुरू हो गई थी। उस वक्त हमारी सखी मंडल की दीदियों, स्वास्थ्यकर्मियों सभी ने अपने जान की परवाह किए बीना हेमंत सोरेन का साथ दिया। उन्हें मैं तहे दिल से शुक्रिया देना चाहती हूं। ये कोई कार्यक्रम नहीं है। एक व्यक्ति का जुड़ाव है, आपका आपार प्रेम है।

### मुख्यमंत्री जो कहते हैं वो करते हैं : सत्यानंद भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते है वो करते है। साढ़े चार साल के सरकार के कार्यकाल में कई उतार चढ़ाव आए। इन परस्थियों में हमारे मुख्यमंत्री ना कभी झुके ना कभी रुके। आपकी सरकार आपकी योजना आप की सरकार के माध्यम से गांव के सभी मुलभुत समस्याओं के सामाधान किया जा रहा है। पूर्व में डबल इंजन की सरकार थी।

### महिला सशक्तिकरण पर हो रहा काम : रामेश्वर

वित्त मंत्री रामेश्वर उराव ने कहा कि बेसिक्ली तीन आवश्यक्ता होती है पेट भरने के लिए रोट, तन ढ़कने के लिए कपढ़ा और रहने के लिए आवास की आवश्यक्ता होती है। इस सरकार ने केवल रोटी की व्यवस्था नहीं की चावल की व्यवस्था की, दाल की व्यवस्था की और सब्जी की व्यवस्था की। हमारी सरकार ने सचमुच में महिला सशक्तिकरण पर काम किया है।

# झारखंड में महिला मुंशी पद के लिए आवेदन पत्र जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के हर थानों में महिला मुंशी के लिए आवेदन पत्र जारी कर दिया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर यह आवेदन जारी किया गया है। आवेदन पत्र में महिला मुंशी बनने के लिए कई शर्तें भी रखी गई हैं। उन शर्तों को पूरा करने के बाद ही महिला पुलिसकर्मी थानों में मुंशी का काम कर पाएंगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को बताया कि महिला पुलिस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह तय किया गया था कि कम से कम शहर के हर थाने में महिला मुंशी की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस मामले को लेकर कई बार डीजीपी अनुराग गुप्ता से बात भी की थी। डीजीपी ने कहा कि थाने में जो भी महिला पुलिसकर्मी मुंशी बनकर जाए वह किसी दबाव में नहीं जाए, बल्कि खुद से तय करें कि उन्हें महिला मुंशी बनना है या नहीं। प्रभारी के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य मुंशी का ही होता है। मुंशी को थाने में समय भी ज्यादा देना होता है। ऐसे में जो महिला पुलिसकर्मी 12 से 14 घंटे तक काम करने में सक्षम हैं वही महिला मुंशी के लिए आवेदन करें। आवेदन पत्र के ऊपर में यह लिखा गया है कि फॉर्म को वही महिला पुलिसकर्मी भरें जो थाना में आवश्यकता अनुसार लंबी अवधि यानी 12 से 14 घंटा कार्य करने के लिए तैयार हो। इसके लिए उन्हें अपने गृह जिला, वर्तमान पदस्थापना और इकाई का नाम लिखना है। फार्म भरते समय यह भी लिखना है कि आपको झारखंड के कौन से स्थानीय भाषा की जानकारी है। यदि आवेदन करने वाली महिला आरक्षी को झारखंड के किसी स्थानीय भाषा की जानकारी होगी तो उनकी वैसे ही थाने में पदस्थापना होगी, जहां जनजातीय समुदाय के लोग रहते हैं।

# राज्यपाल ने कुलपति सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद के कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही महतो ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। दूसरी ओर, राज्यपाल से बाल कल्याण संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजभवन में मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल से अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के डॉ. ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में भेंट की।

## ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार



**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करते चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुखेदवनगर थाना क्षेत्र के यमुनानगर निवासी प्रवीण कुमार साव उर्फ गोलू, अमित कुमार, अजित कुमार गुप्ता उर्फ हड्डा और कौशल सिंह शामिल है। इनके पास से 3.22 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना के मछली चौक विद्यानगर में अवैध मादक पदार्थों का खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस टीम को देखकर आरोपित भागने लगे। भागने के क्रम में दो आरोपितों को पकड़ा गया। इसके बाद उनके निशानदेही पर अन्य दो को पकड़ा गया।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन भूमि के तहत अवैध कब्जे को हटवाया

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से लेकर अरगोड़ा और नामकुम स्टेशन तक अवैध कब्जे को लेकर ऑपरेशन भूमि के तहत अभियान चलाया। रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने बुधवार को बताया कि लगातार रेलवे लाइन के आसपास अवैध कब्जा को लेकर शिकायत मिल रही थी। इसके बाद लोकल पुलिस और डीआरएम हटिया ऑफिस के इंजीनियरिंग विभाग से इन अवैध कब्जे को लेकर समन्वय स्थापित कर एक स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया । इसी क्रम में आरपीएफ और लोकल पुलिस चुटिया के साथ मिलकर रांची रोड स्टेशन से पंचवटी चौक और नेपाल हाउस से दुर्गा मंडप तक विशेष अभियान चलाया । इस दौरान कुल अवैध निर्मित 163 झोपड़ियों को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान किसी अनहोनी घटना की सूचना नहीं मिली।


शैक्षिक महासंघ ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

## उच्च शिक्षा में छुट्टियों की कटौती का विरोध शुरू

**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छुट्टियों की गई कटौती को वापस लेने के लिए स्मारपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड राज्य का समस्त उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बहुत उम्मीदें जगी है एवं आपसे कई समस्याओं के समाधान में सकारात्मक परिणाम मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को छुट्टी में हुई कटौती की जानकारी देते हुए कहा कि इस कटौती से उच्च शिक्षा के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी असहज महसूस कर रहे हैं।

## सिविल कोर्ट ने क्रिमिनल अपील याचिका की खारिज, सजा बरकरार

**रांची।** सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को प्रज्ञा केंद्र के संचालक से 5.31 लाख रुपये की लूट मामले में सजायाफ्ता पंकज कुमार पासवान की सजा को बरकरार रखा है। एसडीजेएम रूपम स्मृति टोपनो ने लूट एवं आर्म्स एक्ट में दोषी पाकर पंकज कुमार पासवान को गत 29 जुलाई को तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये जुमार्ना लगाया था। इसी सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील याचिका दाखिल की थी। लूट की घटना को लेकर आशीष कुमार ने 11 नवंबर, 2022 को मैक्लुस्कीगंज थाना में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएलएमए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी। अमित अग्रवाल की ओर से 19 अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने जेल में बिताई गई अवधि को देखते हुए जमानत देने का अनुरोध किया। इसका विरोध ईडी की ओर से किया गया। ईडी की ओर से कहा गया कि मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप तय कर दिया गया है। बाहर आने पर ट्रायल प्रभावित हो सकता है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत देने से इनकार किया।

## गुरुजी क्रेडिट सीमा 15 लाख से बढ़ाकर 50 लाख हो : कुमार गौरव

**रांची।** झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। इस दौरान छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इसमें उच्च एवं तकनीकी शिक्षण में होने वाले व्यय का वहन राज्य के अधिसंख्य, खासकर अनुसूचित जनजाति के युवा नहीं कर पाते हैं। आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए राज्य के युवाओं की ओर से आयोग हेमंत सरकार का आभार व्यक्त करता है। साथ ही आग्रह किया कि सभी बैंक शिक्षण ऋण के ब्याज दरों को कम रखें। गुरुजी क्रेडिट कार्ड की सीमा पन्द्रह लाख से बढ़ाकर पचास लाख की जाये।

# सरकार रोजगार के प्रति गंभीर नहीं, युवा अपने भविष्य को लेकर हैं चिंतित : सुदेश

- हमारी तैयारी लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी रोजगार के प्रति गंभीर नहीं रही। नए पदों का सृजन करने की बात तो दूर यह सरकार रिक्त पदों को भी भर नहीं पाई है। आज राज्य के युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वर्तमान राजनीतिक हालात ने राज्य की छवि को धूमिल किया है। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की हमारी तैयारी है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दैरान अधिवक्ता सह समाजसेवी आशुतोष वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सिपाही बहाली में सरकार की बड़ी गलती की वजह से हमने अपने परिवार के 12 नौजवानों को खो दिया है। सरकार अपने ही बनाए हुए नियमावली का बहाना बना कर अपनी जिम्मेदारी से मुकर नहीं सकती है। इस बहाली में राज्य के लाखों युवा शामिल हो रहे हैं यह उनकी मजबूरी है। सरकार ने रोजगार के अवसर न देकर युवाओं को ऐसा करने पर मजबूर कर दिया है।

मुख्यमंत्री जी घटना होने के बाद मूल्यांकन कर रहे हैं जबकि सरकार का दायित्व था कि ऐसी घटना ही न हो। बिना किसी तैयारी के सरकार ने यह दौड़ आयोजित की थी। अपने कार्यक्रम के लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई बाधित कर रही है। यह सही नहीं है। पार्टी में शामिल हुए आशुतोष वर्मा का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों के विषय में बेहतर सोचने वाले लोगों की इस राज्य की आवश्यकता है।

# राज्य में नौजवान मर रहे, जनप्रतिनिधि धरने पर बैठे हैं और सीएम घूम रहे हैं : बाबूलाल मरांडी



- ग्रामसभा का अधिकार छीन रही हेमंत सरकार
- राज्य के दिव्यांग 160 दिन से पेंशन के लिए धरने पर बैठे हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को राजभवन के पास धरने पर बैठे झारखंड प्रदेश मुखिया संघ, झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ, झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ, झारखंड व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना, ज्ञापन लिए और भाजपा सरकार बनने पर उनके समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान से कुछ भी लेना देना नही है। उन्होंने धरना पर बैठे लोगों से कहा कि आप सब हेमंत सरकार से उम्मीद नहीं करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद ग्राम सभा पर टिका है। हेमंत सरकार ग्राम सभा को कमजोर कर सारे अधिकार को अपने अधिकार में रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि धरना, की स्थिति तब पैदा होती है जब सरकार समस्याओं को सुनना नही चाहती। भाजपा मुखिया संघ के धरना के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकार को कहेंगे कि जन प्रतिनिधियों से बात कर समस्या का समाधान करे। उन्होंने कहा कि चारो तरफ अराजकता का माहौल है। राज्य के 15 होनहार युवा सरकार के गलत निर्णय के कारण दौड़ते-दौड़ते अपनी जान गवां बैठे।

## मंत्री इरफान ने गरीबों की चिकित्सा सहायता की राशि दी

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी की ओर से उनके प्रतिनिधि अजहरुद्दीन ने गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को 20,000 रुपये की सहायता राशि के चेक सौंपे, जो पैसे की कमी के कारण अपना इलाज नहीं कर पा रहे थे। यह सहायता राशि फर्स्ट इंस्टॉलमेंट के रूप में दी गई है और जल्द ही दूसरी किश्त भी दी जाएगी। मंत्री के प्रतिनिधि अजहरुद्दीन ने बुधवार को कहा कि मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी का एकमात्र उद्देश्य है कि कैसे समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद की जाए, ताकि वे बेहतर इलाज प्राप्त कर सकें।



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 05 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 214, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




## झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की अगली बैठक 06 सितम्बर (शुक्रवार) को अपराह्न चार बजे से होगी। इस संबंध में बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय नेआदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी।

## सचिवालय सेवा के पदाधिकारी 3 दिनों के सामूहिक अवकाश पर

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 10 सितंबर से 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में सचिवालय सेवा संघ रांची के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा की ओर से राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव सरकार के सभी प्रधान सचिव सरकार के सभी सचिव सभी विभाग अध्यक्षों को पत्र लिख कर जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि सचिवालय सेवा स्वीकृत कार्यबल की तुलना में लगभग आधे कार्यबल **शेष पेज 09 पर**

## पीएम ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना संदेश के साथ एक्स हैंडल पर अपना एक फोटो भी साझा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, ''श्री गुरुग्रंथ साहिब दुनिया भर में लाखों लोगों को दूसरों की सेवा और देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह हमें अपने समाज में भाईचारे और सद्भाव के बंधन को आगे बढ़ाना भी सिखाता है। इसकी बुद्धिमत्ता हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के हमारे प्रयासों में हमारा मार्गदर्शन करती रहे।

### आज कल




## किस जिले को कितनी मिली राशि

| | |
|---|---|
| ₹33,54,95,000 | रांची के लाभुकों के खाते में |
| ₹7,52,93,000 | खूंटी के लाभुकों के खाते में |
| ₹8,07,81,000 | लोहरदगा के लाभुकों को मिला |
| ₹7,67,98,000 | सिमडेगा के लाभुकों को मिला |
| ₹13,65,60,000 | गुमला के लाभुकों के खाते में |



केंद्र ने कोरोना का ऐसा टीका लगवाया, जिससे चलते-फिरते मर रहे हैं लोग | उत्पाद सिपाही बाहाली के लिए चल रहे दौड़ के दौरान 12 युवकों की मौत

# युवाओं की मौत कोरोना टीके के दुष्प्रभाव से

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही बाहाली के दौड़ के क्रम में 12 युवकों की मौत पर बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के हमले पर जोरदार पलटवार करते हुए केंद्र सरकार के कोरोना टीकाकरण पर गंभीर सवाल खड़ा किया। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय मंईयां सम्मान योजना को लेकर नामकुम के खोजाटोली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पांच जिलों के सात लाख माता-बहनों के खाते में पैसे ट्रांसफर करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कोरोना के दौरान देश में करोड़ों लोगों को ऐसा टीका लगवाया, जिसका दुष्प्रभाव साफ दिख रहा है। आज चलते-फिरते लोगों की मौत हो जा रही है। बुजुर्गों को तो छोड़िए, स्वस्थ युवा भी देखते-देखते मौत का शिकार हो रहे हैं। हमारे यहां कांस्टेबल बहाली के लिए चल रही दौड़ में कुछ युवाओं की जान चली गई है। हम इस मामले की जांच करवा रहे हैं। इसे लेकर विपक्ष के लोग हम पर आरोप लगा रहे हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि इन युवाओं की मौत केवल दौड़ लगाने की वजह से नहीं हुई है।

इसके पीछे कोरोना टीके का दुष्प्रभाव हो सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा, भाजपा ने कोरोना का टीका बनाने वाली कंपनियों से पैसा-चंदा वसूला और लोगों को जबरन ऐसा टीका लगवाया, जिसकी वजह से सर्दी-खांसी जैसी मामूली बीमारी में भी मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल में हमारे एक सांसद की पत्नी का 28 साल की उम्र में मामूली बीमारी से निधन हो गया।




### ऐसा टीका लगवाया, जो दुनिया के शेष हिस्सों में नहीं लगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने जो टीका दुनिया के बाकी हिस्सों में नहीं लगा, वह हमारे देश के लोगों को लगवाया। इन्होंने बड़ी चतुराई से इस दवा को पूरे दुनिया में बंद करने के नोटिस को दबा दिया। ये सब इन लोगों ने सिर्फ पैसा और चंदा तसीली के लिए किया। बता दें कि झारखंड के उत्पाद विभाग में कांस्टेबल के 583 पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया में दौड़ के दौरान 12 युवकों की मौत हुई है। **शेष पेज 09 पर**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी 82 शिक्षकों को सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को विज्ञान भवन में 82 चयनित शिक्षकों को 'शिक्षक पुरस्कार 2024' से सम्मानित करेंगी। 'शिक्षक पुरस्कार 2024' के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 16 शिक्षकों का भी चयन किया है। यह पहली बार है जब उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया जा रहा है। अब तक यह पुरस्कार केवल स्कूल शिक्षकों तक ही सीमित था। इसमें पारदर्शी और ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, स्थानीय निकायों और राज्य क्षेत्र बोर्ड से **शेष पेज 09 पर**

## शिबू और हेमंत के खिलाफ एफआईआर का दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा सोशल मीडिया प्रभारी और आईटी सेल के प्रभारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बुधवार को अरगोड़ा थाने में आवेदन दिया है। इसे लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुंचा और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। इस बाबत, सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा की रैली मोरहाबादी मैदान में थी और उसी दिन दो बजकर पैंतीस मिनट पर झामुमो के अधिकारिक ट्विट्टर (एक्स) से एक पुलिस



कर्मी के पीठ पर जूता का निशान का फोटो पोस्ट किया और लिख दिया की भाजपा के लोगों ने उक्त पुलिस को पीटा है। जब उस पोस्ट पर हल्ला मचा कि यह झारखंड पुलिस का नहीं है और घटना भी झारखंड में नहीं घटी है तब झामुमो ने उस पोस्ट को हटा दिया। **शेष पेज 09 पर**

## देश में और मजबूत होगा हाईवे नेटवर्क बनेंगी 74 नई सुरंगें

**नई दिल्ली।** देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपये है। सरकार की ओर से 15,000 करोड़ रुपये की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है। मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपये की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं। **शेष पेज 09 पर**

## एफसीआई गोदाम संचालक के ठिकानों पर सीबीआई की रेड

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एफसीआई (फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) के अनाज घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार सुबह कांट्रेक्टर एवं गोदाम संचालक रामजी पांडे और संजय शर्मा के घरों में छापेमारी की है। इस दौरान भारी नकदी और कई दस्तावेजों की बरामदगी की सूचना मिल रही है। एजेंसी ने नोट गिनने वाली मशीन मंगवाई है। गिरिडीह जिले के सरिया में एफसीआई के गोदाम संचालन का ठेका लंबे समय से रामजी पांडे के पास था। आरोप है कि उन्होंने गोदाम से 16 हजार टन से भी ज्यादा अनाज की फर्जी कागजात के आधार पर निकासी की और



उसकी कालाबाजारी की है। इससे निगम को करोड़ों रुपए की चपत लगी है। सीबीआई की टीम ने गिरिडीह के शास्त्रीनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर तलाशी शुरू की है। एक अन्य गोदाम संचालक संजय शर्मा द्वारा भी इसी तरह की गड़बड़ी किए जाने की आशंका है। उनके आवास पर भी छापेमारी चल रही है। अनाज की हेराफेरी और कालाबाजारी का यह मामला एफसीआई की एक टीम द्वारा गोदामों के निरीक्षण के दौरान पकड़ में आया था। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि जनवितरण प्रणाली के तहत वितरण के लिए रखा गया हजारों टन अनाज फर्जी कागजात के आधार पर निकाला गया। इसके बाद एफसीआई ने इसकी जांच सीबीआई से कराने का निवेदन किया था। शुरूआती जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई थी कि एफसीआई के गोदामों से निकाला गया अनाज बंगाल के राइस मिलों में पहुंचाया गया और फिर पॉलिश कर उसे बाजार में बेच दिया गया। **शेष पेज 09 पर**

### इंडिया

# शिक्षकों की यात्रा गुरु से सेवा प्रदाता तक



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

प्राचीन भारत में शिक्षक को गुरु यानी राह दिखाने वाला माना जाता था और इसलिए गोविंद यानी ईश्वर से भी ऊपर उनका स्थान बताया गया था जो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताते थे .गुरु और शिष्य की परंपरा एक संस्कार की तरह थी जिसमें से योग्य नागरिक या राजा निकलते थे .गुरुकुल में कृष्ण और सुदामा एक साथ पढ़ते थे वहां कोई राजा या कोई दरिद्र नहीं था .धीरे धीरे भारत में आक्रमणकारी आए और यहां की सभ्यता संस्कृति के ताने बाने को नष्ट कर दिया . पश्चिमी और पूर्वी सभ्यता में भी मौलिक अंतर भावना का था .शिक्षक बिना किसी



भेदभाव के पढ़ाने को अपना धर्म समझते थे पर जैसे जैसे राजा और प्रजा में अंतर आता गया वैसे वैसे दोनों की शिक्षा बदलती चली गई. भेदभाव का यह अंतर अंग्रेजों के राजकाज में सबसे ज्यादा बढ़ा और एक स्पष्ट सीमारेखा सी खींच दी गई .भारत की आजादी के बाद सत्ता पक्ष और धनाढ्य वर्ग अधिक से अधिक पैसे खर्च कर सबसे अच्छे शिक्षकों की सेवा लेने लगा जबकि आम आदमी सरकारी या कम पैसे में काम करने वाले शिक्षकों के पास बच्चों को पढ़ाने को अपनी कमजोरी मन बैठा. यहां से एक वर्ग संघर्ष और पैसे कमाने के लिए कोई भी रास्ता अपनाने की होड़ मच गई जिससे समाज में भ्रष्टाचार बढ़ा .आज यह खाई इतनी बड़ी हो गई है कि समाज में बड़े अंग्रेजी स्कूलों और श्रेष्ठ संस्थानों में पढ़े और हिंदी माध्यम से पढ़े लोगों के बीच एक दूसरे के प्रति अविश्वास और भय बना हुआ रहता है या बहुत हद तक घृणा का भाव आ गया है . श्रेष्ठ शिक्षक जो कभी गुरु थे अब पैसे लेकर सेवा देने वाले सेवा प्रदाता बनते जा रहे हैं जिससे उनके अंदर भी पैसे की भूख बढ़ी है दूसरी ओर विद्यार्थी जो पहले उनके पैर छूता था अब पश्चिमी देशों की तरह साथ में पार्टी मनाने का ऑफर कर रहा है .यह इस परंपरा और मूल्यों वाले देश के घातक है।

सरकारें समान शिक्षा व्यवस्था के नाम पर पाठ्यक्रम तक समान नहीं कर पास रही है .पब्लिक स्कूलों की किताबें और सरकारी स्कूलों की किताबें तक अलग हैं . नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कितनी कारगर हो पाएगी और केंद्रीय सरकार देश भर में फैले शिक्षा माफिया के सामने कितनी मजबूती से टिक पाएगी यह देखना शेष है .अभी कमजोर पड़ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था और जड़ें जमाती कोचिंग और निजी शिक्षा में अंतर सिर्फ खर्च या गुणवत्ता का नहीं है बल्कि माहौल का है ।सरकारी शिक्षण संस्थान आलाभकारी होने के कारण भारत की शिक्षा की मूल अवधारणा शिक्षा दान पर आधारित थे जबकि निजी संस्थान लाभकारी व्यवसाय की अवधारणा पर आधारित होने के कारण श्रेष्ठता का प्रयास तो करते ही हैं पर उनका लक्ष्य सिर्फ लाभ कमाना होने के कारण सेवा प्रदाता बन जाते हैं जिससे संस्थान रिजल्ट तो अच्छा देते हैं पर शिक्षकों का वह सम्मान नहीं रह पाता जो कभी गुरु का हुआ करता था ।

## एनआईए की कार्रवाई चार शहरी नक्सली हुए गिरफ्तार

एजेंसी

**नारायणपुर/रायपुर।** माओवादियों के 20 मार्च 23 को बंद के मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापेमारी कर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।इन लोगों पर माओवादी संगठन को रसद सप्लाई करने व अन्य कामों में सहयोग करने का आरोप है। इस मामले में जांच एजेंसी 35 अन्य माओवादियों से भी पूछताछ कर रही है। जांच में ओरछा में लम्बे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोर्राम पर माओवादी होने का आरोप है। जानकारी के जनुसार एनआईए की टीम अबूझमाड़ के ओरछा, कस्तूरमेटा, मंडाली और मल्कल गांव में नक्सलियों के सहयोगियों तक पहुंची है। अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापेमारी कर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने एक बयान जारी कर बताया कि मार्च 2023 को सड़क नाकाबंदी मामले के लिए जिम्मेदार सीपीआई (माओवादी) कैडरों और समर्थकों की तलाश में मंगलवार को नारायणपुर जिले में कई स्थानों पर तलाशी ली गई है। घटना से संबंधित मामले में कुल 35 आरोपियों को चिन्हित किया गया है। **शेष पेज 09 पर**

### रिनपास के 99 वर्ष पूरे, मना स्थापना दिवस

# रिनपास केवल अस्पताल नहीं ज्ञान-विज्ञान का केंद्र है : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिनपास के 99 वर्ष पूरे होने पर एकेडमिक ब्लॉक में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजोय कुमार सिंह और डॉक्टर अरुण कुमार सिंह थे। स्वागत भाषण रिनपास निदेशक जयति सिमलई ने किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा थे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने रिनपास के 99 वर्ष पूरे करने और शतक में कदम रखने की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे बीच निम्हंस जैसे बड़े संस्थान के चिकित्सक बैंग्लोर से आए हैं। इनके कार्यशाला से बहुत चीजों को सीखने की आवश्यकता है। हमारे कार्यपद्धति, तौर-तरीके व इनके कार्यपद्धति व तौर-तरीकों को सीखना, समझना है और साझा करते हुए समन्वय स्थापित करना है। रिसर्च के महत्व के बारे बताते हुए कहा कि रिसर्च अनुभवी व वरीय चिकित्सकों और स्टूडेंट के द्वारा दीर्घकालीन समय तक किए गए अपने कार्य पद्धति की एक बहुत बड़ी समझ, अनुभव होती है। रिसर्च नहीं करने वाले चिकित्सकों के प्रमोशन में परेशानी होती है। कुछ चिकित्सक 200 रूपए फीस लेते हैं और 50 रूपए की दवाई देते हैं। परंतु, कुछ चिकित्सक 200 रूपए की फीस लेते हैं और दवाई 2000 रूपए की दे देते हैं। ऐसे चिकित्सकों को समझना होगा कि चिकित्सा मानवता का विषय है न कि धन उपार्जन का। रिनपास एक बहुत बड़ी संस्था है। इसका क्षेत्रफल 332 एकड़ है। इसका प्राकतिक वातावरण मनोरम है। संस्था में कढ़ाई, बुनाई, चादर बुनने का भी काम होता है। अर्द्धव्यवसायिक ज्ञान दिया जाता है। इसको व्यवसायिकरण की तरफ भी ले जाना चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए बताया कि मैंने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट सदन के पटल पर रखा है।

कार्यक्रम के अन्त में रिम्स संस्थान के कर्मियों को बेस्ट वर्कर अवार्ड दिया गया। इसमें बेस्ट फिमेल नर्स मुनुरैन बारला, बेस्ट कम्पांउडर गुलाम अशरफ, बेस्ट फिमेल सफाई सेवक मैरी कुजूर, बेस्ट मेल सफाई सेवक सुकरा उरांव, बेस्ट फिमेल गार्डेनर मीना देवी, बेस्ट मेल गार्डेनर जतरू उरांव, बेस्ट फिमेल व्यावसायिक कार्यकर्ता विजय लक्ष्मी, बेस्ट मेल व्यावसायिक कार्यकर्ता जुम्मु अंसारी सहित विभिन्न क्षेत्रों के 19 लोगों को अवार्ड दिया गया।

इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर मसरूर जहां ने किया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, रिनपास के निदेशक जयति सिमलई, प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग अजोय कुमार सिंह, डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, वक्ता डॉ मनोज कुमार शर्मा, डॉ हिरेन्द्र बिरूआ, डॉ अमूल रंजन, डॉ मनीष किरण, डॉ अर्चना सिंह, डॉ सुजीत मिश्रा, डॉ अभिषेक प्रसाद, डॉ विनोद कुमार महतो, डॉ सिद्धार्थ सिन्हा, डॉ अमित शर्मा, डॉ रूपा घोष, डॉ भुवन ज्योति, डॉ जेके सोलंकी, डॉ जयप्रकाश, डॉ अशोक कुमार प्रसाद, डॉ संजय मुंडा आदि शामिल थे।




### नोमोफोबिया के शिकार हो रहे हैं बच्चे : डॉ मनोज शर्मा

प्रो. (डॉ) मनोज कुमार शर्मा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। इन्होंने व्यवहारिक लत विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोबाइल यूज के कारण तनाव, शरीर में दर्द, आंखों में जलन, गले में दर्द आदि समस्याएं उत्पन्न हो रही है। नोमोफोबिया के जो शिकार हुए हैं वे मोबाइल के बिना नहीं रह सकते हैं। इस लत के शिकार बच्चे भी बड़ी तेजी हो रहे हैं। इंटरनेट गेमिंग इसका उदाहरण है। इसका शारीरक, मानसिक तौर पर प्रतिकुल असर देखने को मिल रहा है। जागरूकता सबसे बड़ा और कारगर इलाज है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय स्तर के सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें शहर और आस पास के 66 स्कूलों की कुल 264 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव, बैजनाथ सिंह, विजय कुमार राय, शशिकांत, आलोक कुमार के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम देशभर के 18 अंचलों के 48 शहरों में आयोजित होने वाली अखिल भारत की व्यापक स्तर की प्रतियोगिताओं में से एक है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में शैक्षणिक संवर्धन पर ध्यान केन्द्रित करना, प्रतिस्पर्धा की भावना को सृजित करना तथा उनके बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को उनके जीवन में अच्छा करने, ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जन करने तथा आत्मविश्वास संवर्धन करने हेतु एक मंच प्रदान करता है।

## मारवाड़ी युवा मंच का नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर कल

**रांची।** कैंसर को हराना है, उससे हारना नहीं, सभी को समझाना है, घबराना नहीं। इसी मंत्र को आधार बनाते हुए मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा कल शुक्रवार को कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट के पास एवं शनिवार को मेन रोड स्थित चर्च कॉम्प्लेक्स के सामने, प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उदेश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों के बिच जागरुकता फैलाना एवं प्राथमिक जांच कर भविष्य मे आने वाली किसी भी तरह की परेशानी को दूर भगाना एवं उनसे बचाव करना है। इस कार्यक्रम के संयोजक रांची शाखा के स्वास्थ प्रभारी युवा अखिल टीकमानी एवं युवा राहुल मित्तल हैं, सह संयोजक नीरज अग्रवाल, रोहित सरावगी, अमित जांगिड़, यश सुरेखा, प्रवीण अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, सौरव बजाज, रौनक झुनझुनवाला, सौरव सरावगी, उज्ज्वल मुरारका हैं एवं परियोजना प्रमुख युवा नीरज अग्रवाल हैं। उक्त जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

## आदर्श दुर्गा पूजा पंडाल टंकी साइड धुर्वा समिति ने किया खूंटी पूजन



**रांची। आदर्श दुर्गा पूजा पंडाल टंकी साइड धुर्वा समिति के सदस्यों ने समिति की 59वीं वर्षगांठ पर बुधवार को सायं 4:00 बजे टंकी साइड धुर्वा के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ दुर्गा पूजा उत्सव के लिए खूंटी पूजन किया। पूजन कार्यक्रम में मोहल्ले वासियों ने भी अपनी सहभागिता दी। पंडितजी के मंत्रोचार के साथ खूंटी पूजन संपन्न हुआ। पूजन के उपरांत उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।**

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज में मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा की हर रक्तदाता जीवन दाता होता है। इसी लिए रक्तदान को महादान कहा गया है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि जिस अनुपात में रक्त की जरूरत अस्पतालों में देखने को मिलती है उस अनुपात में रक्तदाताओं की भी जरूरत है। देश का एक भी मरीज की मृत्यु रक्त की कमी के वजह से नहीं हो इस दृष्टि से भी हम भारतवासियों को हमेशा रक्तदान करने रहना चाहिए। कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल डॉ वर्मा के संबोधन से प्रेरित होकर विभिन्न विभागों के 17 विद्यार्थियों ने रक्त दान किया। रक्तदान के पश्चात सभी रक्तदाताओं को जूस, बिस्किट, मीठा दिया गया।

## राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम मामले में गवाही 23 को

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में शिकायतकर्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना है। बुधवार को मामले में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, गवाह के नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 23 सितंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई रांची के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में हो रही है। बता दें कि हाईकोर्ट से राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्राप्त है। मामले में 6 जुलाई को राहुल गांधी पर आरोप तय किया गया था। मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर लालपुर थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने सिविल कोर्ट रांची में 23 अप्रैल 2019 में शिकायतवाद (केस संख्या 1993/19) दर्ज कराया था।

## राज्य स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स-2024 की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित डीएवी स्पोर्ट्स-2024 राज्य स्तरीय बालक-बालिका वर्ग-अंडर14, 17 एवं 19 आयु की खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के विद्यार्थियों ने शूटिंग, चैस, कबड्डी, खो-खो, योगासन, एरोबिक्स, क्रिकेट, स्किप्पिंग रोप, बॉक्सिंग, वुशु, कराटे एवं एथलेटिक्स जैसी प्रतिस्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। बुधवार को विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय प्राचार्य-सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## हरतालिका तीज पर्व कल

## भगवान शिव-पार्वती एवं गणेश जी की पूजा का विशेष महत्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि सनातन धर्म मे हरतालिका तीज पर्व का बहुत अधिक महत्व है, इस वर्ष 6 सितंबर दिन शुक्रवार को हरतालिका तीज है, यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से शुरू हो रहा है जो की 6 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 21 मिनट पर समाप्त होगा ऐसे मे उदया तिथि के आधार पर हरतालिका 6 सितंबर को मनाया जाएगा, इस वर्ष यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर शुक्ल योग बन रहा है। इस दिन गर, वणिज, करण के साथ हस्त नक्षत्र का संयोग बनेगा। इस दौरान चंद्रमा तुला राशि में रहेगा, ऐसे में पूजा पाठ से जुड़े कार्य करने पर मनमाहे परिणामों का प्राप्ति होता है। हरतालिका व्रत सुहागिन महिलाओं का वर्ष भर का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध व्रत होता है। इस दिन शिव- पार्वती की पूजा का विधान है इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, तरक्की और सुखी दांपत्य जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती है। तथा कुंवारी कन्याएं अपने भावी जीवन साथी एवं सुखी दांपत्य को प्राप्त करने के लिए करती है। इस दिन महिलाएं अपने-अपने घरों में पूरे विधि विधान से विधिवत पूजा अर्चना करती है। हरतालिका तीज में भगवान शिव माता गौरी और गणेश जी की पूजा का विशेष महत्व है।

## रांची में सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव कल से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय सेना अपने निःस्वार्थ सेवा के लिए जानी जाती है और यह पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्तंभ है। समाज से जुड़ने के अपने प्रयासों के तहत, रांची में 06 से 08 सितम्बर तक तीन दिवसीय 'सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य नागरिक समाज और सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को मजबूत करना और राष्ट्र के युवाओं को प्रेरित करना है। यह आयोजन 06 सितम्बर को प्रातः 9:00 बजे मोरहाबादी मैदान में प्रारंभ होगा, जिसमें कई नागरिक और सैन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन सभी के लिए खुला होगा और नागरिकों को अपनी सेना के बारे में जानने और उनसे बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा।

इस आयोजन में विभिन्न सैन्य हथियारों और उपकरणों की व्यापक प्रदर्शनी होगी। दर्शकों को एरियल डिस्प्ले, डेयरडेविल मोटरसाइकिल शो, डॉग शो और हॉट एयर बैलूनिंग के रोमांचक कार्यक्रमों से मनमोहित किया जाएगा। इसके अलावा, इस महोत्सव में विभिन्न आर्मी बैंड्स, कलारीपयट्टू, मल्लखंभ, भांगड़ा और अन्य मार्शल आर्ट्स प्रस्तुतियों के साथ संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला भी शामिल होगी, जो राष्ट्र की विविध धरोहर को प्रदर्शित करेगी। इसमें युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने की प्रक्रिया और उसके बाद के जीवन के बारे में मार्गदर्शन के लिए प्रेरक स्टॉल भी होंगे।




























## एक नजर

### झारखंड दिव्यांग पुरुष क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल 8 को

**रांची।** झारखंड दिव्यांग पुरुष क्रिकेट टीम के चयन के लिए ओपन ट्रायल 8 सितंबर को पुराना विधानसभा मैदान सेक्टर वन स्थित अरुणोदय क्रिकेट अकादमी में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया गया है। यह ट्रायल चतुर्थ फिजिकली डिसेबिल टी 20 चैंपियनशिप के क्वालिफायर मैच के लिए हो रहा है। ट्रायल झारखंड के पूर्व रणजी खिलाड़ी अरुण विद्यार्थी की देखरेख में होगा। इस संदर्भ में विशेष जानकारी मनीष कुमार, प्रिंस कुमार, भेला बाउरी और ऋषिकेश चौधरी से ली जा सकती है। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को यूआईडी और अपना किट लेकर आना होगा। डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव आफताब आलम खिलाड़ियों और एसोसिएशन के सदस्यों को सम्मानित करेंगे।

### सड़क किनारे मिला शव

**तमाड़।** तमाड़-नौड़ी सड़क किनारे पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अड़की के जोबला भूसूडीह निवासी परिक्षित स्वासी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के छोटे भाई सुनील स्वासी ने बताया की परिक्षित स्वासी का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था ।वह लगभग दस सालो से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था घटना के दिन वह घर से पैदल लगभग सुबह आठ बजे निकला था । काफी देर से घर नही आने के कारण जब उनके श्वजनो ने खोजबीन की तो पता चला परिक्षित स्वासी तमाड़ नौड़ी सड़क के लादू सरना के समीप उनका शव पड़ा हुआ है सूचना मिलने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंच इसकी जानकारी तमाड़ थाना को दी आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

### मनी लांड्रिंग मामले की जांच करने साहिबगंज पहुंची ईडी

**रांची।** मनी लान्ड्रिंग के मामले की जांच के लिए ईडी की दो सदस्यीय टीम बुधवार की सुबह साहिबगंज पहुंची. टीम में अधिवक्ता आतिश कुमार भी शामिल हैं. ईडी की टीम पहले वन विभाग के गेस्ट हाउस पहुंची. वहां से साहिबगंज व्यवहार न्यायालय गई और एडीजे 3 के कार्यालय में दस्तावेलों की जांच-पड़ताल के बाद न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े कार्यों को पूरा किया. इसके बाद टीम गेस्ट हाउस लौट गई. बताया जा रहा है कि ईडी पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव से जुड़े केस को पीएमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कराने की प्रक्रिया में लगी है. इसमें कुछ दिनों का समय लग सकता है. तब तक टीम साहिबगंज में रुकेगी. ज्ञात हो कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सितंबर 2023 में बच्चू यादव जमानत पर रिहा हुए थे।

### चंपाई सोरेन का हाउस गार्ड वापस

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने और विधायकी से इस्तीफा देने के बाद राज्य सरकार ने उनका हाउस गार्ड वापस ले लिया है। उनके बेटे बाबूलाल सोरेन का बॉडीगार्ड भी वापस ले लिया गया है. चंपाई सोरेन बुधवार को सरायकेला पहुंचे. उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है. इस बार हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ लहर चल रही है.

### गूंज परिवार शिक्षक सम्मान समारोह कल

**सिल्ली।** आगामी 6 सितंबर को अंबेडकर पार्क के समीप दोपहर 1 बजे से गूंज परिवार की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी शिक्षक एवं पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी गूंज परिवार की ओर से दी गई।

# कल्याण विभाग के स्कूलों में बहाल हो सुविधा : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मंत्री दीपक बिरुआ ने कल्याण विभाग के अस्पतालों और विद्यालयों के संचालक संस्थाओं के साथ कल्याण कॉम्प्लेक्स में एक संवाद बैठक में कहा कि विद्यालयों और अस्पतालों की बुनियादी सुविधाएं तुरंत और यथाशीघ्र बहाल किए जाए। मंत्री ने प्रत्येक संचालक से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कल्याण विद्यालयों और ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के लंबित भुगतान हेतु भी यथाशीघ्र पहल कर आवंटन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। श्री बरुआ ने कहा कि इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक परिणाम राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर उत्साहवर्धक रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के संख्या बल में वृद्धि की गई है। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के लिए समेकित और समर्पित प्रयास में सभी की भागीदारी की आवश्यकता है। दीपक बिरुआ ने कहा कि कल्याण विभाग के अधिकारी चाहे विभाग में हों या क्षेत्र में, पूरे समर्पित भाव से कार्य निष्पादित करें। संवाद बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री अजय नाथ झा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आतंकी संगठन एक्यूआईएस के डॉक्टर ने तैयार किया था रांची रैडिकल ग्रुप



**रांची।** झारखंड सहित कई राज्यों में आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के विस्तार के प्लान पर काम कर रहे मास्टरमाइंड डॉक्टर इश्तियाक अहमद ने रांची रैडिकल ग्रुप (आरआरजी) नामक मॉड्यूल खड़ा किया था। इसमें जिन लोगों को भर्ती किया जा रहा था, उन्हें फिदायीन यानी आत्मघाती हमले की ट्रेनिंग के लिए तैयार किया जा रहा था। इसके लिए रांची के पास एक सुदूर पहाड़ी-जंगली इलाके में कैंप बनाया गया था। दिल्ली स्पेशल सेल की टीम डॉक्टर इश्तियाक और उसके चार अन्य साथियों को लेकर रांची पहुंची है। टीम ने दो दिनों में कई जगहों पर तलाशी ली है। टीम ने उस जंगल और पहाड़ की भी खाक छानी है, जहां एक्यूआईएस में भर्ती किए गए लोगों के लिए ट्रेनिंग कैंप बनाया गया था। बतौर रेडियोलॉजिस्ट काम करने वाला डॉ. इश्तियाक रांची और हजारीबाग के कई हॉस्पिटल और क्लिनिक में सेवा देता था। एक्यूआईएस के रांची रैडिकल ग्रुप से उसने जिन लोगों को जोड़ा था, उनके ब्रेनवॉश के लिए वह उन्हें कई तरह के लिटरेचर और तकरीरें उपलब्ध कराता था। उसने चार लोगों को ट्रेनिंग के लिए राजस्थान भेजा था। वहां से लौटने के बाद उन्हीं की निगरानी में रांची में ट्रेनिंग कैंप चलाने की तैयारी थी। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने रांची से डॉ. इश्तियाक, हजारीबाग से मो. फैजान के अलावा राजस्थान से इनामुल अंसारी, शाहबाज अंसारी, मोतिउर्र रहमान और अल्ताफ अंसारी को 22 अगस्त को गिरफ्तार किया था। सभी लोग झारखंड के ही रहने वाले हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सैनिक बाजार दुकानदार संघ राज्यपाल से मिला



रांची। सैनिक बाजार दुकानदार संघ का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में राज्यपाल से मिला। राज्यपाल का स्वागत करने वालों में दिनेश ठक्कर, विमलेश सिंह, सोनी मेहता और रिजवान उल हक शामिल थे। राज्यपाल को अंग वस्त्र देकर गुलदस्ता भेंट किया गया। सैनिक बाजार दुकानदार भाइयों की परेशानियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया। उन्होंने सभी विषयो पर गंभीरता से सुनकर निर्णय लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला यहां के सांसद व रक्षा राज्य मंत्री का है। उन्होंने टेलीफोन पर मंत्री संजय सेठ से बात भी की और उन्होंने आश्वासन दिया कि हम लोग मिलकर बैठकर समस्या का हल निकालेंगे और दुकानदारों का लीज रिन्यूअल भी होगा और भाड़ा भी कम होगा। उनके इस आश्वासन से दुकानदारों में हर्ष है।

### बेड़ो और लापुंग में शिक्षक दिवस पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो ।** बेड़ो और लापुंग प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं एवं कोचिंग सेंटर में शिक्षक दिवस की व्यापक तैयारियां की गई हैं। लापुंग प्रखंड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह, राजकीय प्राथमिक विद्यालय माडी. मंगराटोली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुदगुद, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल, आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया, आरसी प्राथमिक विद्यालय सेमला सहित विभिन्न विद्यालयों में स्कूली छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम के दौरान भारत के दिवंगत राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, संत जगत महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाएगी।

# ईडी ने मधुकॉन प्रोजेक्ट्स के खिलाफ दायर की पीसी

**रांची।** बैंकों से एक हजार करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले रांची एक्सप्रेसवे और मधुकॉन प्रोजेक्ट्स के खिलाफ ईडी ने (अभियोजन शिकायत) पीसी दायर किया है. ईडी ने हैदराबाद में ईडी की विशेष अदालत में पीसी दायर किया है. जिसपर अदालत ने संज्ञान लिया है. ईडी ने जानकारी देते हुए बताया कि ईडी ने सीबीआई, एसीबी रांची द्वारा मेसर्स रांची एक्सप्रेसवेज लिमिटेड (आरईएल) और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की. इसके बाद सीबीआई ने मेसर्स रांची एक्सप्रेसवेज लिमिटेड और अन्य के खिलाफ सीबीआई मामलों के विशेष अदालत रांची के समक्ष आरोप पत्र दायर किया. इस परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए मधुकॉन समूह ने एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) मेसर्स रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड का गठन किया था. मधुकॉन प्रोजेक्ट लिमिटेड इस परियोजना का इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) ठेकेदार था.

**लोन लेने के बाद भी परियोजना को पूरा नहीं कर सका :** ईडी ने बताया कि मधुकॉन समूह पूरी लोन राशि प्राप्त करने के बावजूद परियोजना को पूरा नहीं कर सका और बाद में उनका अनुबंध समाप्त कर दिया गया. झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई. ईडी की जांच से पता चला है कि मेसर्स आरईएल ने केनरा बैंक के नेतृत्व में बैंकों के एक संघ से 1030 करोड़ रुपये का लोन प्राप्त किया था. हालांकि मधुकॉन समूह ने पूरे लोन राशि का उपयोग बताए गए उद्देश्य के लिए नहीं किया और इसे अन्य कार्यों में उपयोग के लिए अपनी संबद्ध संस्थाओं को दे दिया, और अपने संबंधित शेल संस्थाओं को फर्जी काम देकर लोन की हेराफेरी भी की. कई वर्षों से समूह की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं थी और रांची-जमशेदपुर परियोजना के लिए टेंडर लेने के बाद, मधुकॉन समूह ने मेसर्स आरईएल नाम का एक एसपीवी बनाया ।

### श्री जानकीरमन मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी गठित

# बैठक में प्रस्तुत हुआ वर्ष 2022 व 2023 का लेखा-जोखा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
श्री जानकीरमन मंदिर खलारी में इस वर्ष का दुर्गा पूजा महोत्सव भी रंजन सिंह बिट्टू व अवधेश यादव के नेतृत्व में संपन्न होगा। बुधवार को मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर हुए बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शशिकुमार सिंह ने की। बैठक की शुरूआत करते हुए शशिकुमार सिंह ने बताया कि एक ट्रस्ट बनाया गया है, जिसके वे अध्यक्ष व गिरिधर तिवारी कोषाध्यक्ष हैं। बैठक में चर्चा के दौरान कहा गया कि श्रीजानकीरमन मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है। इसलिए ट्रस्ट का बायोलाज सहित सभी ट्रस्टी व अन्य पदाधिकारियों का नाम सार्वजनिक किया जाय। राजनसिंह राजा ने कहा कि बीते वर्ष के दुर्गा पूजा आयोजन के भव्यता की क्षेत्र में खूब प्रशंसा हुई। इसे देखते हुए, सर्वसम्मति से तय हुआ कि पूर्व की कमेटी ही इस वर्ष भी पूजा का आयोजन करेगी। जिसके अनुसार दुर्गा पूजा कमेटी 2024 के अध्यक्ष रंजनसिंह बिट्टू तथा सचिव अवधेश यादव होंगे। इससे पूर्व गिरिधर तिवारी द्वारा वर्ष 2022 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा आयोजन के आय-व्यय की भी जानकारी दी गई। बैठक में विचार आया कि पूरे वर्ष पूजा त्योहार के जितने भी आयोजन मंदिर में होते हैं उसे सभी के सहयोग से भव्य तरीके से किया जाय। बैठक के अंत में मंदिर के सक्रिय सदस्य शिवप्रसाद साहु के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### सुभाष मुंडा हत्याकांड के आरोपित छोटू खलखो की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त सचिंद्र बिरुआ की कोर्ट ने बुधवार को सीपीआइएम (माकपा)नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के आरोपित छोटू खलखो की जमानत याचिका खारिज कर दी है। 26 जुलाई 2023 को सीपीआइएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या रातू थाना क्षेत्र के दलादली चौक स्थित दफ्तर में ताबड़तोड़ गोली मारकर की गयी थी। सुभाष मुंडा की हत्या जमीन विवाद को लेकर करायी गयी थी। छोटू खलखो पर सुपारी देकर हत्या कराने का आरोप है। घटना के बाद एसआइटी का गठन किया गया था। एसआइटी ने मुख्य साजिशकर्ता छोटू खलखो, विनोद कुमार और बबलू पासवान सहित कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# दो लाख तक लोन वाले किसानों को मिलेगा ऋण माफी योजना का लाभ : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ कृषि और कृषि से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। मौके पर विभागीय अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए दीपिका ने कहा कि सभी अधिकारी टीम वर्क के तहत काम करें और काम ऐसा होना चाहिए, जिससे सरकारी योजनाओं का फायदा राज्य के अंतिम कृषक तक पहुंच सके। नेपाल हाउस के सभागार में हुई इस बैठक में कृषि निदेशक कुमार ताराचंद ने बताया की वित्तीय वर्ष 2024 में कृषि निदेशालय से संबंधित योजनाओं का लाभ राज्य के लगभग 4 लाख 12 हजार किसान बंधुओं को दिया गया है और 2 लाख से अधिक किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचने की उम्मीद है। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत वैसे किसान जिनकी बकाया राशि दो लाख रुपये तक है उन्हें चिह्नित कर लिया गया है तथा उनकी ऋण माफी इसी

> *किसान समृद्धि योजनान्तर्गत ग्राम सभा द्वारा पारित 4960 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं*

माह में कर दी जायेगी। झारखंड राज्य मिलेट मिशन के अंतर्गत अभी तक 9722 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है पंजीकरण की प्रक्रिया अभी चालू है, जिसका लाभ राज्य के कृषक उठा सकते हैं। किसान समृद्धि योजनान्तर्गत ग्राम सभा द्वारा पारित 4960 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। गौरतलब है कि किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत लगभग 6738 सौर ऊर्जा आधारित पंप सेट का वितरण किया जाना है। किरण पासी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 202-25 में मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य 3.5 लाख मैट्रिक टन रखा गया है तथा अभी तक लगभग 1.1 मैट्रिक टन का उत्पादन किया जा चुका है।

### पेट में चाकू मार की पिता की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के मुड़ला टोली निवासी साधो उरांव (52) के पेट में मंगलवार रात उसके पुत्र अमित कुमार (29) ने चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक मजदूरी का काम करता था। घटना शाम करीब सात बजे की है। बताया जाता है कि पिता की हत्या के बाद पुत्र ने शराब पी ली। इधर, घटना की जानकारी गांव के लोगों ने बुढ़मू के हतनई गांव निवासी उसके दामाद को दी। बाद में दामाद ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनीत कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं हत्या में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार पिता-पुत्र में शराब के नशे में आये दिन मारपीट की घटना होती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया।

# दर्जनों युवाओं ने थामा युवा आजसू का दामन



**रांची।** बूटी मोड स्थित वार्ड नो 5 के दर्जनों युवाओं ने अभिषेक शुक्ला व आमिर के नेतृत्व में युवा आजसू का दामन थामा। मौके पर मौजूद रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने सभी नए सदस्यों का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया। श्री शुक्ल ने कहा कि रांची महानगर में युवा आजसू एक धारदार एवं सशक्त संगठन तैयार करने की ओर अग्रसर है। युवा आजसू रांची महानगर एवं राज्य के सभी युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की तैयारी में है। मौके पर मौजूद युवा आजसू के आमिर ने कहा कि वह एवं उनके सभी साथी आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का जो राज्य के युवाओं के प्रति जो सोंच है वह सभी उस सोंच से प्रभावित होकर युवा आजसू में जुड़े है। आजसू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप सेः आमिर, अरमान, वासिद ,सोहेब, साहिल, शाहनवाज, आदिल, फिरदौस, अजीजुल, फैजान, हसीब,अफरीद, शकील, सलमान, के अलावा दर्जनों युवा साथी मौजूद थे।

### गुरुगोष्ठी में उठा शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था करने की मांग

# मैराथन बैठक में भूखे पेट रहना मुश्किल : संजय



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र में अलग-अलग कैटेगरी के विद्यालयों का दो दिवसीय गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुगोष्ठी के दौरान प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत विद्यालयों में चलने वाली कार्यक्रम का समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षकों से चलने वाले कार्यक्रम और उसके प्रभाव पर चर्चा की गई। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं खासकर प्रधान शिक्षकों को प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत प्रयास के कार्यक्रम को बेहतर तरीके से लागू करने, प्रातः कालीन सभा के दौरान अलग-अलग हाउस के द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन एवं बेहतर शैक्षणिक माहौल में उनकी भूमिकाओं की जानकारी ली गई। 10:00 बजे से 4:00 तक चलने वाली गुरु गोष्ठी के दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं ने भोजन व्यवस्था करने की मांग की। कहा कि भूखे पेट 10:00 से 4:00 तक चलने वाली गुरुगोष्ठी में भोजन की व्यवस्था होने से शिक्षक शिक्षिकाएं सकारात्मक रूप से बैठक में लंबे समय तक भाग ले सकते हैं। शिक्षक शिक्षिकाओं ने कहा कि महीने में एक दिन बैठक होती है। इसलिए विभाग को इस तरह की व्यवस्था लागू करनी चाहिए ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो सके। बैठक के दौरान बीपीओ लीलावती तिर्की ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आप सभी की मांग पर सहानुभूति तरीके से विचार किया जाएगा। जिला से निर्देश मिलने के बाद उसी अनुरूप कार्य किए जाएंगे। बैठक के दौरान अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग विषय पर चर्चा की गई। एक शिक्षकीय विद्यालयों में होने वाली समस्याओं को शिक्षकों ने मुख्य रूप से उठाया। इस मौके पर सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष लाल दिलीप कुमार सिंह, सहायक अध्यापक रूपेश कुमार पाठक, प्रभारी प्रधानाध्यापक देवराम भगत, संजय कुमार महतो, हेमचंद्र साहु, गिरेन्द्र कश्यप, बाबूलाल साहु, बुधनाथ मुंडा, अमर पहान, सुखलाल मुंडा, दिव्या ज्योति धान, उर्मिला कुमारी, इभांजालिस्ता टोप्पनो, सुरेंद्र गोप, सुशीला देवी, उषा सरोजिनी मिंज, वीणा केरकेट्टा, संध्या टोप्पनो, सुनीता कुमारी, अमृत देवी, सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर मौजूद थे।

### चेहल्लुम में बतौर मुख्य अतिथि शामिलः डॉ परमेश्वर भगत

**ईटकी।** गत मंगलवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने इटकी प्रखंड के विभिन्न अखाड़ाधारियों जैसे टुड़गुडू, रानी खटंगा, टिकरा एवं स्टेशन रोड में चेहल्लुम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और अखाड़ाधारियों को जोश भरा। इस अवसर पर डॉ भगत ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता और भाईचारे की अहमियत पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें तलवार बाजी,लाठी खेल का प्रदर्शन दिखाया गया। डॉ भगत ने उपस्थित लोगों को अपने विचार साझा किए और उन्हें प्रेरित किया। उनके योगदान को लेकर आयोजनकताओं और उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना की। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने सामाजिक समरसता कायम करने का आह्वान किया। मौके पर शेख फि रदौस, उमर फारूक,आकाज मंजर, सफिउल हक, साजिद अंसारी,मो वारिस, महताब अंसारी, मो अकिल, मो साहिद, बाबू भाई, मो कुदुस, मो खालिद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने सम्माननीय शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया। वहीं स्कूल परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह हर्ष, सराहना और कृतज्ञता से भरा हुआ था। इस वर्ष का विषय था 'रेट्रो मेट्रो'। लाइव बैंड ने 90 के दशक की बॉलीवुड धुनों को प्रस्तुत किया, जिससे पुरानी यादें ताजा हो गईं। इसके बाद शिक्षकों को समर्पित एक रैप प्रस्तुति दी गई। एक नाटक का मंचन किया गया जिसमें आधुनिक कक्षा का दृश्य जीवंत किया गया। दिन का समापन कुछ मजेदार खेलों, जैसे रिवर्स चेराड्स, के साथ हुआ। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने छात्रों से, जो उनके सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं, लगातार सीखते रहें। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपनी पुरानी गलतियों से सीखते हुए, अपने व्यक्तिगत और व्यावहारिक जीवन में एक बेहतर इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए।

### चांद नजर आया, ईद मिलादुन्नबी 16 को

**रांची।** पैगंबर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर 16 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी मनायी जाएगी। यह जानकारी एदारा ए शरिया के महासचिव मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को रबीउल अव्वल महीने की चांद ओडिशा व बंगाल में नजर आया। राउरकेला के दारुल कजा एदारा ए शरिया ने चांद की शरई शहादत ली है। रबीउल अव्वल महीने की पहली तारीख गुरुवार को होगा और 16 सितंबर को बारह रबीउल अव्वल होगा। इस दिन रांची समेत राज्यभर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाली जाएगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी अल्लापूजा एक्सप्रेस

रांची। दक्षिण-रेलवे के अंतर्गत ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण अल्लापूजा-धनबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पोत्तनूर-इरुगुर होकर चलेगी।

‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम

# उपायुक्त ने बरही प्रखंड की गौरियाकर्मा पंचायत के शिविर का किया निरीक्षण

- शिविर स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया निरीक्षण, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का हुआ वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम के तहत् आज बुधवार को उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय शिविर का निरीक्षण करने के लिए बरही प्रखंड के गौरियाकर्मा पंचायत के शिविर का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में शामिल हुए लोगों को ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है । उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं । स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना, छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनायें हैं जिनका लाभ लेने के लिए ग्रामीण अपने पंचायत स्तरीय शिविर में आवेदन कर सकते हैं । उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के सभी स्वीकृत लाभुकों को 1000 रु की राशी हस्तांतरित की जा रही है।इस योजना के तहत् 2।5 लाभूक महिलाओं को लाभ दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




## ग्रामीणों से अच्छा व्यवहार करते हुए सभी सुयोग्य तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश

उपायुक्त द्वारा पंचायत स्तरीय शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए उचित कार्रवाई को लेकर मौके पर मौजूद प्रखंड के पदाधिकारियों को निदेशित किया । उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ देना उद्देश्य है । सभी स्टॉल पर मौजूद विभागीय पदाधिकारी और कर्मी को ग्रामीणों से अच्छा व्यवहार रखते हुए आवेदन भरने में कोई कठिनाई आती हो तो गाइड करने के निर्देश दिया। साथ ही सभी सुयोग्य व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस हेतु ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए ज्यादा से ज्यादा आवेदन जमा कराने के निर्देश दिए। स्टॉल निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों को जांचते हुए आवेदकों से भी बात किया एवं पोर्टल में इंट्री की प्रक्रिया के बारे में उपस्थित कर्मी से जानकारी ली।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।उपायुक्त, बीडीओ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कल्याण मंच से अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण,जाति,आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आदि का वितरण किया गया। इस दौरान 73 छात्र छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण भी किया गया।

## आम जनता योजनाओं की जानकारी लेकर इसका लाभ ले : सुधीर

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के जमीरा पंचायत में 4 सितम्बर की आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के कार्यक्रम को आयोजन किया गया। जिसमें में मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा, मुखिया अमरुन निशा, शेख बहादुर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ देने और लाभ पहुँचाने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।विशेषकर ग्रामीण जनता लाभ उठाएं और जो योजनाओं से संबंधित योजनाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, तो शीघ्र ही संबंधित प्रतिनिधियों या उपस्थित अधिकारियों से मदद लें।अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया गया। सभी विभाग के लगे स्टोल कर्मी अपने अपने विभाग के योजनाओं के बारे बताया। साथ ही बाल विकास परियोजना के द्वारा गोंद भराई कार्यक्रम किया गया व लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना राशन कार्ड, जॉब कार्ड सावित्री किशोरी स्मृति योजना व सामाजिक योजना का फार्म लिया गया।

# न्यूज बॉक्स

## दर्शना सिंह को हजारीबाग चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष( किसान मोर्चा ) टोनी जैन ने आज राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह से मिलकर हजारीबाग विधानसभा चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी । दर्शना सिंह ने कहा की यहां के कार्यकर्ता मैं काफी अनुशासन है ,और अनुशासित रहते हैं वह भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित है। यहां पर हम हजारीबाग विधानसभा चुनाव के साथ-साथ आसपास की विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे, और झारखंड में अपनी सरकर बनाएंगे।टोनी जैन ने कहा आपसे मिलकर काफी अच्छा लगा आपके नेतृत्व में हजारीबाग के कार्यकर्ता अच्छा कार्य करेंगे और अपने प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से जिताएंगे। हजारीबाग के कार्यकर्ताओं में चुनाव का काफी अनुभव है सभी लोग लगभग पांच, छ,चुनाव में प्रत्याशी के लिए काम किए हैं। भारतीय जनता पार्टी से जो भी प्रत्याशी लोकसभा, विधानसभा में आता है उसे हमारे कार्यकर्ता हर संभव जीताने का प्रयास करते हैं।

## वाहनों के पार्ट्स और बैट्री चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार




**रामगढ़।** विगत कुछ महीनों से रामगढ़ थाना अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर टायर बैट्री चोरी की घटनाएं घट रही थी। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना काण्ड सं-204/2024 एवं 234/2024 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। यह जानकारी 4 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा प्रेस वार्ता में दी गु । उन्होंने बताया की गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों का पता लगाते हुए ग्राम सोसो, उसरा थाना-रजरप्पा से नवल किशोर महतो उम्र करीब 45 वर्ष, पिता स्व भीनु महतो, ग्राम-उसरा सोसो, पो०-सोसो, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ को पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की पकड़े व्यक्ति से आवश्यक पूछताछ करते हुए उनका अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया एवं उनकी निशानदेही स्थान पर छापामारी कर रामगढ़ थाना कांड सं-204/24 में ट्रक/ट्रबों से चोरी गई कुल 06 टायर तथा रामगढ़ थाना कांड सं0-234/24 में चुटूपालू घाटी में दुर्घटनाग्रस्त टेलर से चोरी गई 06 टायर एवं दो बैट्री को ग्राम सोसो, बासवाड़ी स्थित अभियुक्त के बंगला ईंट भट्ठा के पास से बरामद किया गया। साथ हीं टायर / बैट्री चोरी के कांडों में प्रयुक्त किये गये बोलेरो वाहन नं० जेएच01एबी-5028 एवं टायर खोलने हेतू उपयोग किये गये औजारों को जब्त किया गया। पकड़े व्यक्ति नवल किशोर महतो का पूर्व से हीं कई कांडों में अपराधिक इतिहास रहा है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की प्रथम बैठक हुई संपन्न, लॉटरी ड्रॉ कूपन का किया गया शुभारंभ

**हजारीबाग।** मां दुर्गे का पावन पर्व दुर्गा पूजा जिसको लेकर श्रद्धालुओं में एक अलग उत्साह और उमंग देखने को मिलता है। मां दुर्गे का भव्य त्यौहार की तैयारी प्रारंभ हो गई है ,इसी को लेकर महासमिति में से एक बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में मंगलवार को देर शाम सचिव दीप नारायण निषाद की अध्यक्षता में प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत माता रानी की जयकारों के साथ किया गया बैठक में पूजा को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया वहीं बैठक के दौरान लॉटरी ड्रॉ कूपन का शुभारंभ किया गया ।जिसका ड्रॉ 16 अक्टूबर को पंडाल परिसर बड़ा बाजार के पास किया जाएगा। बैठक की समाप्ति के उपरांत महासमिति के संरक्षक सदानंद सेन एवं सक्रिय सदस्य राम सागर गुप्ता के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, साथ महासमिति के प्रति किए गए उनके सेवा कार्यों को याद किया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर के खेल महोत्सव में अपना परचम लहराया



**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर के प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया ।आयुषी कुमारी ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड प्राप्त कर राष्ट्र स्तर के प्रतियोगिता के लिए चुनी गई। निशा कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही की छात्राओं ने राज्य स्तर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय अशोक कुमार सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे खेल के प्रति बेहतर सोच जागृत करें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद हमारी रक्त परिसंचरण प्रणाली को बेहतर बनाकर पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बेहतर करता है। तब जाकर हमारा शरीर पूरी तरह स्वस्थ रह पाता है ।उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद के साथ-साथ पौष्टिक भोजन और सकारात्मक सोच अति आवश्यक है।

## कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का हुआ आयोजन, दी गई खरीफ फसल से संबंधित जानकारी



**बरही।** बरकट्ठा पंचायत के बेड़ोकला पंचायत चाँदगढ़ गांव में कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन किया गया. उक्त जानकारी देते हुए बीटीएम चिंताहरण पाठक ने बताया कि कार्यक्रम खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (एनएफएसएम) योजना के तहत आयोजित की गई थी. जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों के उत्पादन, रख रखाव और मृदा क्षरण संबंधित जानकारियां देना था. इस पाठशाला में बतौर प्रशिक्षक आईसीएआर गौरिया करमा के कृषि वैज्ञानिक डॉ पंकज कुमार सिन्हा ने थे. उन्होंने किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी. इस दौरान किसानों को खरीफ मौसम में लगे मडुवा के उन्नत खेती, फसल निरीक्षण कीट व्याधि , बीमारियों से बचाव, आई पी एम/ आई एन एम की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. इसके साथ अन्य फसलों के संबंधित जानकारी, मृदा जांच के लाभ निकाय, गुड़ाई से लाभ तथा अन्य विषयों पर भी चर्चा किया गया. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्री पाठक ने राज्य सरकार की कृषि सम्बंधित फसल बीमा योजना, कृषि समृद्धि सोलर योजना आदि सहित मिलेट योजना के अन्तर्गत मोटे अनाज की खेती के लिये किसानो को प्रोत्साहान किया. उन्होंने बताया कि इसका लाभ लेने के लिए कृष्ण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है. इसके साथ ही उन्होंने खाद्य ऐओम पोषण सुरक्षा योजना अन्तर्गत अनुदानीत राशि से कृषि यन्त्र के बारे मे जानकारी दिया।

# अवैध नशीला इंजेक्शन के 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ब्लू रंग की स्कूटी जिसका रजि० नं0-पीबी32डी-1566 पर दयानंद भगत उर्फ दुखु साव सवार होकर नशीला इंजेक्शन लेकर बेचने हेतू रांची रोड़ होते हुए रामगढ़ की तरफ आ रहा है। यह जानकारी 4 सितम्बर को प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद. के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची रोड श्री निकेतनम मार्बल दुकान के निकट छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान ब्लू रंग के स्कूटी सवार व्यक्ति दयानंद भगत उर्फ दुखु साव उर्फ राजा उम्र-45 वर्ष पिता स्व दुर्गा भगत ग्राम-काली चौक, माईल बाजार चितरपुर थाना-रजरप्पा जिला-रामगढ़ को पकड़ा गया। स्कूटी में रखा झोला एवं डिक्की का तलाशी लिया गया जिससे करीब 300 पीस पेंटाजोसिन लेक्टेब इंजेक्शन एंड - फेनिरामाइन मेलिएट इंजेक्शन कंपनी का नशीला (इंजेक्शन) बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की बरामद नशीला (इंजेक्शन) के संबंध में पुछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उक्त नशीला इंजेक्शन को अन्य अभियुक्त द्वारा उपलब्ध कराया गया। जिसे बिक्री हेतू ले जा रहे थे। बरामद सामानों को जब्त कर एवं पकड़े व्यक्ति को लेकर थाना आये। बरामद नशीला (इंजेक्शन) का जांच औषधि निरीक्षक रामगढ़ से कराया गया । उनके द्वारा बरामद नशीला (इंजेक्शन) के संदर्भ में बताया गया दवा शेडयूल एच1 श्रेणी का होना एवं इसे बिना चिकित्सीय परामर्श के नहीं दी जा सकती है। बिना औषधि अनुज्ञप्ति के बिक्री नहीं की जा सकती है। बरामद प्रतिबंधित नशीला (इंजेक्शन) बिना किसी वैध औषधि अनुज्ञप्ति के बिक्री करने के आरोप में पकड़े व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया एवं इनके स्वीकरोक्ति बयान के आधार पर काण्ड में संलिप्त अन्य दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# अनुप्रिया ने किया मंडईखुर्द का दौरा कहा, हर समस्या का समाधान संभव

- अनुप्रिया फाउंडेशन के प्रति लोगों का बढ़ता जा रहा विश्वास, लोगों का कहना अब हजारीबाग की हालत बदलेगी

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने मंडईखुर्द का दौरा किया। जहां पहुंचकर लोगो के साथ चर्चा कर उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना और सभी के साथ सामंजस्य बनाकर उपरोक्त समस्याओं का त्वरित समाधान करने का विश्वास दिलाया। लोगों ने बताया कि उनके बीच निगम के द्वारा कचड़ा डंप का एरिया मंडई खुर्द मे बनाया गया है, रोजगार , बिजली, स्वच्छ पेयजल एवं सड़क के साथ साथ-साथ नशा का व्यापक समस्या है , उक्त समस्याओं का अगर निवारण हो जाए तो उनका जीवन स्तर बेहतर हो सकता है। अनुप्रिया ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए अनुप्रिया फाउंडेशन से जुड़ने की सलाह दी और बताया कि जितनी अधिक संख्या में लोग फाउंडेशन से जुड़ेंगे, उतने ही तेजी से समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। क्षेत्र की जनता को रोजगार से जोड़ना, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना , स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक अनुदान दिलाना, बिजली एवं सड़कों की उत्तम व्यवस्था आदि हमारे फाउंडेशन की प्राथमिकता में है। अनुप्रिया फाउंडेशन के भावना में हजारीबाग के प्रति गहरा प्रेम , अटूट आस्था एवं हजारीबाग की हालात बदलने का जज्बा है। आपका साथ और विश्वास अनुप्रिया फाउंडेशन के माध्यम से हजारीबाग की तस्वीर बदल सकती है। अनुप्रिया फाउंडेशन के होते हुए अब हजारीबाग को हार मानने की जरूरत नहीं बल्कि हर हालत से लड़ने के लिए खुद को तैयार रखना है। मंडईखुर्द के ग्रामीणों ने भी अनुप्रिया का गर्म जोशी से स्वागत अभिनंदन किया और उनके नेक विचार और सफल प्रयासों के लिए उन्हें खूब सराहा। मौके पर अर्जुन यादव, शंकर राणा, मोहन महतो, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## अपनी काबिलियत से डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक से राष्ट्रपति बने

**रामगढ़।** भारत में अनेक महान लोग हुए हैं । उन्हीं में से एक थे डॉ एस राधाकृष्णन जो शिक्षक थे लेकिन वे एक महान विद्वान थे और उनमें देश की सेवा की भावना भरी हुई थी । अपनी इसी सेवा भावना और महानता के कारण वे देश के राष्ट्रपति बने । यह बात बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही । उन्होंने कहा की डॉ एस राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 एक सामान्य परिवार में को हुआ था।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले सरयू साव ने की ट्रांसफार्मर की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**विष्णुगढ ।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्थानों क्रमशः पंचायत चानो के झिनझिरबेड़ा गांव , पंचायत नागी के कूबीटाड टोला में , पंचायत मडमो के नीमबखरी वार्ड 2 में पंचायत जोबर के बंदखारो मोड में , एवं पंचायत गालहोबार के पुरनी केंदवाडीह में , ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से , ग्रामीण आधुनिक युग में भी अंधेरे में जीने को विवश है । ग्रामीणों की विद्युत ट्रांसफर की समस्या के मध्य नजर प्रखंड उप प्रमुख सह झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सरयू साव ने , अधीक्षण अभियंता हजारीबाग , विद्युत विभाग को आवेदन देते हुए अविलंब ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की है ।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बकसपुरा एवं कुसुंभा पंचायत में संपन्न

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत आपकी योजना , आपकी सरकार , आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुई । योजना को सफल बनाने में श्री कुमार एवं श्री दास के द्वारा दिन-रात कड़ी मेहनत की जा रही है । आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत में लगाए गए सभी स्टॉलो में विधिपूर्वक आवेदन प्राप्त किए गए । पंचायत बकसपुरा एवं कुसुंभा में कुल 1943 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें 865 आवेदन शिविर में ही स्वीकृत किए गए , एवं 1078 आवेदन पर जांच जारी है जिसे लंबित रखा गया है। शिविर को सफल बनाने में प्रखंड नाजिर विनोद कुमार, प्रवीण बक्शी, कालेश्वर यादव , अभय कुमार, उमेश कुमार, कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, मनोज श्रीवास्तव , राजकुमार , द्वारिका रजवार, इत्यादि पदाधिकारी गण, गन मान्य प्रतिनिधि गण, एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सेक्स रैकेट का खुलासा

# चार लड़कियां, तीन लड़कों सहित बिहार पुलिस के दो जवान गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में चल रहे एक सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। एक होटल से पुलिस ने चार लड़कियों के साथ तीन लड़कों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। धंधे में शामिल होने के संदेह में बिहार पुलिस के दो जवान भी गिरफ्तार किये गये हैं। कोडरमा पुलिस ने होटल के मालिक और मैनेजर को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जिले के बागीटांड़ स्थित स्पाइसी होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा था। देह व्यापार में शामिल सभी लोग बिहार के नवादा के रहनेवाले बताये जा रहे हैं। सेक्स रैकेट मामले में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें सदर अस्पताल मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। उसके बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसकी पुष्टि एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने की है।



### धंधे में बिहार पुलिस के जवान भी शामिल

जितवाहन उरांव ने बताया कि होटल के बेसमेंट में ग्राहकों की मांग पर बाहर से लड़कियां लायी जाती थी। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में गिरफ्तार लोगों में बिहार पुलिस के दो जवान भी शामिल हैं। होटल संचालक अश्विनी कुमार भी नवादा के रहने वाले है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल के बेसमेंट से भारी मात्रा में शराब और कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किये हैं। होटल स्पाइसी बिहार-झारखंड की सीमा से सटा हुआ है, जहां हर वीकेंड पर लोगों की भीड़ लगी रहती है। इस होटल के आसपास कई अन्य होटलों की जांच भी पुलिस कर रही है।

गणित विभाग में विदाई सह स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

# कुलाधिपति बीएन साह ने की कार्यक्रम की प्रशंसा, बच्चों को दिया आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में 4 सितम्बर को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में स्नातक प्रतिष्ठा तथा स्नातकोत्तर गणित विभाग के प्रथम सत्र में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। स्नातकोत्तर के सत्र 2022 -24 तथा स्नातक के 2021-24 के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। । कार्यक्रम का संचालन बी एससी तृतीय सत्र की छात्रा खुशी कुमारी तथा छात्र निखिल कुमार ने किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू , तिलकामांझी तथा स्वतंत्रता सेनानी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उसके बाद विभाग के शिक्षकों तथा छात्रों के द्वारा केक कटिंग किया गया। तत्पश्चात स्वागत गान का आयोजन किया गया , जिसमें स्नातकोत्तर तृतीय सत्र की छात्राओं ने स्वागत गान की प्रस्तुति दी। उसके बाद स्वागत एवं विदाई समारोह के बच्चों को गुलाब का फूल एवं कलम देकर सम्मानित किया गया । स्वागत के बाद



गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ने सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रथम सत्र में नामांकन लेने वाले छात्रों का स्वागत अभिनंदन तथा विदाई के लिए उपस्थित छात्रों को प्रोत्साहित किया। उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का ज्ञान भी अर्जित करने की सलाह दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रशंसनीय रहा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ चंदन कुमार एवम धन्यवाद ज्ञापन जतरु महतो ने किया

मौके पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो (डॉ) एस एन साहा, प्रतिकुलपति प्रो (डॉ ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ )अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श अजय कुमार , संकायाध्यक्ष विज्ञान विभाग डॉ प्रतिभा गुप्ता ,विभिन्न विभागों के व्याख्यातगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### साकची में चालक का मिला शव, हत्या का आरोप

जमशेदपुर। साकची बस स्टैंड में मंगलवार सुबह 6 बजे एक चालक का शव मिला। उसकी पहचान चक्रधरपुर निवासी विक्की महतो के रूप में की गई। वह साकची बस स्टैंड में रहकर गाड़ी चलाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर साकची थाना प्रभारी संजय कुमार पहुंचे और लोगों से पूछताछ की। विक्की की पत्नी सहित पूरा परिवार भी जमशेदपुर पहुंचा। परिजनों ने शव पर चोट के निशान देखकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के छोटे भाई सन्नी महतो ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस का फोन आया कि उसके भाई का शव मिला है। वे लोग बस स्टैंड पहुंचे। विक्की के शरीर पर चोट के निशान हैं।

### पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

कोलेबिरा। जिला के कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गत लचरागढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित स्वर्गीय सूरजमल अग्रवाल, स्वर्गीय रघुनंदन साव, स्वर्गीय स्कॉलस्टिका डांग स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन का शुभारंभ क्लमेंट टेटे के द्वारा फुटबॉल किक मारकर किया गया।सभी अतिथियों को टूर्नामेंट आयोजन की तरफ से बैच पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं अतिथियों ने आए हुए सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाड़ियों को शुभ संदेश दिया।वही केलमेंट टेटे ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासनात्मक तरीके से खेल खेले, आपको देखकर कल आने वाले पीढ़ियों में खेलने वाले खिलाड़ियों को शिक्षा मिलेगी। विधायक जी आज उपस्थित नहीं हो पाए और उन्होंने सभी खिलाड़ियों,खेल प्रेमियों दर्शक बांधुओं को शुभकामनाएं दी हैं।

### योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हो रहा है प्रयास : जोसिमा खाखा

सिमडेगा। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार न सिर्फ योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। बल्कि योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसी कड़ी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू किया है। इसके तहत एक बार फिर राज्य सरकार योजनाओं को लेकर ग्रामीणों के घर पहुंच रही है। ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण योजना का लाभ ले सके। जोसिमा खाखा बुधावर को पाकरटांड़ क्रुसकेला पंचायत में आयोजित आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ जोसिमा खाखा, प्रमुख रजत लकड़ा, डीएसडब्लयू सुरजमुनी आदि ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया गया।

#### सनराइज एकेडमी के निदेशक के फर्द बयान पर दर्ज हुआ मामला

# अनुसंधान में जुटी पुलिस




नवीन मेल संवाददाता। बरही
बीते 2 सितंबर को दुष्कर्म के आरोप में करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के संचालक सह निदेशक सुरेश प्रसाद के साथ हुई मारपीट और विद्यालय में तोड़ फोड़ करने वालो के खिलाफ बुधवार को बरही थाना में मामला दर्ज किया जा चुका है. एसआई एन के पांडेय से मिली जानकारी के अनुसार मामला संचालक के फर्द बयान के आधार पर दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार संबंधित मामले में सुजीत कुमार, शिव कुमार केसरी, सूरज कुमार केसरी, रोहित कुमार केसरी, अमित कुमार केसरी, पवन कुमार केसरी, दीपक कुमार केसरी, दीपू कुमार केसरी, शिवम कुमार केसरी, रमेश प्रसाद केसरी, शिवम प्रसाद केसरी, गौतम कुमार, पवन केसरी, पंकज केसरी, राज केसरी व चंचल देवी को नामजद व 10 अज्ञात पर मामला दर्ज किए गए है. सभी आरोपी करियातपुर के निवासी बताए गए हैं. इन सबों पर साजिश के तहत लूटपाट, हिंसा, तोड़फोड़, लज्जा भंग, जान से मारने की नियत से मारने आदि जैसे कई गंभीर आरोप लगाये गए हैं. हमले का उद्देश्य उन्हें और उनके परिवार को शारीरिक नुकसान पहुंचाना था. हमलावरों ने न केवल उनकी पत्नी और पुत्री के साथ छेड़खानी करते हुए उनके गले से सोने की चेन छीन ली, स्कूल का लैपटॉप और सीसीटीवी तोड़ दिया. बीच बचाव करने आए उनके शिक्षको के साथ भी मार पीट किया गया. अपने फर्द बयान में संचालक श्री प्रसाद ने यह भी बताया कि बीते 15 अगस्त को भी झंडोतोलन नही करने को लेकर उन्हें धमकी दी गई थी. धमकी के बावजूद, उन्होंने झंडोत्तोलन किया, जिसके बाद उनके खिलाफ यह षड्यंत्र रचा गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरेश प्रसाद, उनके परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बचाया. सबंधित मामले में संचालक ने पुलिस से निष्पक्ष जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग किया है. पुलिस मामला दर्ज कर अनुसंधान में लग गई है।

### थानसिंहडीह ओपी टी पॉइंट के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की हुई मौत



तिसरी (गिरिडीह)। लोकाय थाना क्षेत्र अंतर्गत थानसिंहडीह ओपी टी पॉइंट के पास मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान गांवा थाना क्षेत्र के गढ़ीसाख निवासी मनोज भुला पिता लालजीत भुला के रुप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार मनोज बाईक से बड़कीटांड सिकंदरा स्थित अपने बहन के ससुराल गया था वापसी के दौरान वह टी पॉइंट के पास असंतुलित होकर सड़क किनारे स्थित झाड़ियों में जा गिरा. आस पास के लोगों ने थानसिंहडीह पुलिस को मामले की जानकारी दी. जिसके बाद ओपी प्रभारी नीरज कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर परिजनों को इसकी सुचना दी.जिसके बाद पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### नागरिकों की शिकायतों का होगा त्वरित समाधान : थाना प्रभारी

जलडेगा। हाई स्कूल मैदान जलडेगा में 10 सितंबर 2024 को जलडेगा पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पूरे सिमडेगा जिला में जलडेगा थाना से इस कार्यक्रम का शुरूआत होगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण किया जाना एक अच्छे प्रशासन की बुनियादी आवश्यकता है। विशेषकर पुलिस के विरूद्ध नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनने एवं उसका निवारण करना लोकोन्मुख प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## जनता विस चुनाव में अहम भूमिका निभाएगी : केदार कश्यप




नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक का आयोजन हुआ। राज्य मंत्री केदार कश्यप के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारी विधानसभा संरक्षक रंजन कुमार पटेल, कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहू, संगठन प्रभारी बबन गुप्ता, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल बेसरा, दुर्ग विजय सिंह देव, उपाध्याय पाणिग्राही, हुम्‍ सिंह मांझी बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(समाज कल्याण शाखा)
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email Id –dcpsramgarh@gmail.com

–: आवश्यक सूचना :–
बाल कल्याण समिति, रामगढ के पत्रांक 338 / बा0क0स0,रामगढ दिनांक 29.08.2024 के पत्र के आलोक में



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक बालक पवन भूईयाँ, उम्र – 07 वर्ष लगभग, पिता – स्व0 निटो मांझी, माता – स्व0 करमी देवी, लगभग 01 वर्ष से अधिक समय से बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के आदेश से वात्सल्यधाम, बालगृह, रामगढ़ में आश्रय प्राप्त कर रहा है। बालक की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–
नाम –पवन भुईया, उम्र – 7 वर्ष
पिता – स्व0 निटो मांझी,
माता – स्व0 करमी देवी,
पता –अज्ञात रंग –गेहुवा।
ऊँचाई –4 फिट 5 इंच लिंग –पुरूष
वजन –22 कि0ग्रा0

उक्त बालक के जैविक माता–पिता, अभिभावक, अगर इस बालक को पहचानते है या जानते है तो उचित प्रमाण पत्र के साथ अपना दावा विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दो माह के अन्दर प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा दो माह के पश्चात् बालक को कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त घोषित कर दिया जायेगा। उसके बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
सम्पर्क करने हेतु पता –
1.बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 , दूरभाष संख्या – 9504331523।
2.जिला बाल संरक्षण इकाई,समाज कल्याण, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591
ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
रामगढ़
PR 334707 (District)24-25*D

### खिंडा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कुरडेग। आपकी योजना, आपकी सरकार , आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को खिंडा पंचायत के पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया ।झारखण्ड सरकार के निर्देश पर सरकार की योजनाओं का लाभ शिविर में दिया गया ।ग्रामीणों के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये गये। उनमें मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना , अबुआ आवास योजना, अबुआ स्वास्थ योजना , मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरीत ग्राम योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, जाति,आवासिय और आय प्रमाण पत्र शामिल हैं इसके अलावे सभी प्रकार के पेशन योजना के आवेदन लिए गए ।शिविर में सभी विभाग के अलग अलग स्टॉल लगे थे । शिविर में कुल 1661 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 334 आवेदनों का निष्पादन शिविर में किया गया।

#### आदिवासियों की जमीन पर कब्जा को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी

# कर्मचारी ने आरोप को बताया निराधार

◆समर्थन में पूर्व विधायक राजकुमार यादव पहुंचे
◆दूसरे पक्ष ने की सीबीआई जांच की मांग



नवीन मेल संवाददाता। तिसरी गिरिडीह
तिसरी प्रखंड अंतर्गत पालमो में आदिवासियों की जमीन पर कब्जा को लेकर सोमवार से रामजीत मुर्मू के नेतृत्व में दर्जनों महिला - पुरुष ने दूसरी बार अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। इस बार प्रखंड के सीओ और कर्मचारी पर एकतरफा सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। इनका कहना है कि दलित, आदिवासियों का जमीन आज तक लूटा गया है। अधिकारी, कर्मचारी द्वारा भूमाफियाओं से मिलकर जमीन को लुटाया जा रहा है। वहीं उन्होंने तिसरी के राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार पर इस एवज में दस हजार रुपए रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा 25000 की मांग की गई थी जिसके बाद 10000 रिश्वत लिया गया। इसको लेकर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने भी धरना का समर्थन किया है। उन्होंने बुधवार को धरना स्थल पहुंचकर बकायदा समर्थन देने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन का फर्जी हुकुम नाम बनाकर उसे कब्जा करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने तिसरी के राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार द्वारा दस हजार रूपए रिश्वत लेने के मामले को उपायुक्त के संज्ञान में देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि तिसरी में कृषि फॉर्म, बाजार हाट, सीएमआई, गैरमजरुआ जमीन का भुमाफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है और पदाधिकारी मौन हैं। उन्होंने मिडिया के माध्यम से अंचलधिकारी और उपायुक्त से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। इधर दूसरे पक्ष के श्याम बिहारी सिंह के पुत्र पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि उनका 1954-55 से पंजी टू में जमाबंदी कायम है, आरटीआई से मांग करने पर जमींदार मंझलू मांझी के नाम से 2010 में जमाबंदी कायम करवाया गया है।

### दुर्गा पूजा समिति तामड़ा की हुई बैठक, संजय केसरी बने अध्यक्ष

सिमडेगा। दुर्गा पूजा समिति तामड़ा की आवश्यक बैठक देवी मंदिर तामड़ा में मंगलवार के शाम सुंदर साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्रि मनाने को लेकर चर्चा किया गया। वहीं बताया गया कि सप्तमी के दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भव्य पंडाल निर्माण करते हुए मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा की जाएगी ।जहां पर सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया। जहां पर सर्व समिति से संजय केसरी को अध्यक्ष बनाया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या – 17/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 04.09.2024
1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केतार | RWD/GARHWA/ 44/2024-25 | प्रखण्ड केतार ग्राम बासडीह खुर्द मेन रोड (जलमीनार) से होते हुए स्व0 जगदीश यादव के आम पेड़ तक पथ निर्माण कार्य। (2.300 कि0मी0) | 293.201 | दो करोड़ तिरानबे लाख बीस हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 2 | सगमा | RWD/GARHWA/ 45/2024-25 | मुख्य पथ सगमा से विक्रमा पासवान के घर होते हुए विगवा खाड़ी तक पथ निर्माण कार्य।(3.500 कि0मी0) | 400.309 | चार करोड़ तीस हजार नौ सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | भवनाथपुर | RWD/GARHWA/ 46/2024-25 | प्रखण्ड भवनाथपुर, ग्राम धनीमंडरा मेन रोड से कामेश्वर पासवान के घर होते हुए विश्वनाथ बियार के घर तक पथ निर्माण कार्य।(1.700 कि0मी0) | 265.106 | दो करोड़ पैंसठ लाख दस हजार छः सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 4 | खरौंधी | RWD/GARHWA/ 47/2024-25 | प्रखण्ड खरौंधी, ग्राम पिपरी पुल से मेन रोड पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य।(1.500 कि0मी0) | 190.025 | एक करोड़ नब्बे लाख दो हजार पाँच सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |
| 5 | खरौंधी | RWD/GARHWA/ 48/2024-25 | ग्राम हरिहरपुर पासवान टोला बंगला से आनन्द सिंह के घर होते हुए मुंशी बैठा के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.600 कि0मी0) | 216.248 | दो करोड़ सोलह लाख चौबीस हजार आठ सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गढ़वा
PR 334759 Rural Development(24-25).D

#### पोल्ट्री फार्म की दुर्गंध से परेशान लोगों ने की बैठक

# प्रशासन से की हस्तक्षेप की मांग



नवीन मेल संवाददाता। गांडेय/ गिरिडीह
गांडेय प्रखंड के मोहनडीह में गांव मे पोल्ट्री फार्म से हो रही दुर्गंध से परेशान लोगों ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव के साथ बैठक कर समस्या निदान की गुहार लगाई। लोगों ने बताया कि उक्त फार्म से अत्यंत दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों सहित उधर से गुजरनेवाले राहगीरों को भी काफी परेशानी हो रही है। बगल में ही सरकारी स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं। कहा कि, मना करने के बावजूद पोल्ट्री संचालक बात नहीं मानते। ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत भी दी गई है। दूसरी तरफ, पोल्ट्री फार्म संचालक को भी लोगों के सामने बुलाकर उनका पक्ष जानने की कोशिश हुई, तो रोजगार का हवाला देकर उन्होंने कोई विकल्प नहीं होने और इसे बंद करने के प्रति असमर्थता जाहिर की गई। बैठक में शामिल राजेश यादव सहित गांडेय पंचायत के मुखिया अमृतलाल पाठक एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्याम किशोर पाठक ने कहा कि, नियम प्रावधान के अनुसार आबादी और स्कूल के बगल में पोल्ट्री फार्म लगाने की क्या व्यवस्था है जैसे बिंदुओं पर प्रशासन को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि यह विवाद नहीं बढ़े।

#### बिहार बॉर्डर से सटे जंगलों में अवैध शराब भट्ठी का हो रहा संचालन

# बिहार के लिए सप्लाई में होती है आसानी

नवीन मेल संवाददाता। गावां / गिरिडीह
गावां प्रखंड के जंगलों में अवैध शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा है, जो बिहार बॉर्डर से सटे हुए हैं। इस अवैध कारोबार के पीछे की मुख्य वजह है बिहार में शराब की आसानी से सप्लाई करना। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, अवैध शराब भट्ठी के संचालक बिहार में शराब की मांग को पूरा करने के लिए इस अवैध कारोबार को चला रहे हैं। बरमसिया पिकेट के महज 500 मीटर के दूरी में दर्जनों घरों में शराब भट्ठी संचालित की जा रही हैं। सूत्रों की माने तो इस शराब में जहरीली पदार्थ डाल कर शराब को तैयार किया जाता है। जिससे कई कई लोगो की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



आश्चर्यजनक बात यह है कि कई बार छापेमारी के बावजूद अवैध शराब भट्ठी का संचालन जारी है। प्रशासन की ओर से की गई छापेमारी के दौरान अवैध शराब भट्ठी के संचालकों ने अपने स्थान बदल लिए हैं और फिर से अवैध कारोबार शुरू कर दिया है। शराब माफिया पर बिहार व झारखंड के कई थानों में एफआईआर दर्ज है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब भट्ठी के कारण जंगलों में अपराध बढ़ रहे हैं और युवा गलत रास्ते पर जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इस अवैध कारोबार पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा
☎ 06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 11.09.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.09.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.09.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | Emergent Traffic Restoration in Pataldih- Deori- Gawan- Satgawan Road (MDR-84) from Km 0.00 to 30.567 Km (Total Length =30.567 km) under Road Division, Koderma for the Year 2024-25 (Under Vivekadhin ) | 642010.00 | 13000.00 | 1250.00 | 02(दो) माह |
| 2 | | | Emergent Traffic Restoration in Doranda- Sankh- Vendro- Patna Road (MDR-114) from Km 0.00 to 22.40 (Total Length =22.40km) under Road Division, Koderma for the Year 2024-25 (Under Vivekadhin) | 904748.00 | 18100.00 | 1250.00 | 02(दो) माह |

➢ निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र, GSTiN, UCAN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल, कोडरमा
PR 334671 Road (24-25)_D

### गठबंधन सरकार समस्याओं के समाधान लिए लोगों के द्वार तक पहुंच रही है : प्रखंड प्रमुख




नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर
प्रखंड के केरेया पंचायत में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के निर्देशानुसार ठेठईटांगर प्रमुख, विपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित हुए। मौके पर मौजूद प्रखण्ड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा कि हमारी सरकार आपके द्वार तक आई है। आज कांग्रेस गठबंधन की सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हर एक पंचायत में पीछले 3 साल से लगा रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अतिरिक्त हरा राशन कार्ड बनाया जायेगा। वहीं सरकार की योजनाएं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य हमारे सरकार ने तय किया है। सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से लक्ष्य से परे हटकर सभी को पेंशन का लाभ देना है।

# जमशेदपुर महिला विवि की एनसीसी कैडेट अनमोल परी मिश्रा का भूटान के लिए चयन

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई की सीनियर अंडर ऑफिसर अनमोल परी मिश्रा का चयन प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भूटान के लिए किया गया है। अनमोल परी मिश्रा इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल विश्वविद्यालय और एनसीसी का गौरव बढ़ा रही हैं, बल्कि पूरे झारखंड और बिहार राज्यों का भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व करेंगी। यह कार्यक्रम 3 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा, जिसमें देश के युवा कैडेट्स हिस्सा लेंगे।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता ने अनमोल परी मिश्रा को बधाई देते हुए कहा, ₹यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। अनमोल परी मिश्रा की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे



भूटान में विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगी। कुलपति ने 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल विनय आहूजा को भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा, ₹कर्नल विनय आहूजा और उनकी टीम की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रशिक्षण ने इस सफलता को संभव बनाया है। हम अनमोल के इस चयन पर गर्व महसूस करते हैं।केयर टेकर ऑफिसर (सीटीओ) प्रीति ने

*कुलपति ने 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल विनय आहूजा को भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी*

अनमोल को प्रेरित करते हुए कहा, अनमोल परी मिश्रा ने हमेशा अनुशासन और उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी यह उपलब्धि सभी कैडेट्स के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। हम उन्हें इस नए सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। अनमोल परी मिश्रा का चयन विश्वविद्यालय और एनसीसी इकाई के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और यह अन्य कैडेट्स को भी प्रेरित करेगा। विश्वविद्यालय की ओर से अनमोल परी मिश्रा को भूटान में अपनी यात्रा के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई हैं।

"जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल और सबल मानोगे तो सबल ही बन जाओगे। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# प्रचार से अधिक पेड़ बचाने का हो प्रयास

इस बार की भीषण गर्मी में पर्यावरण की और पेड़ पौधे लगाने की चर्चा बहुत हुई।बरसात होते ही उत्साही प्रकृति प्रेमियों सरकारी संस्थानों के अलावा राजनीतिक लोगों ने भी सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक इसे खूब प्रचारित किया । इस बार भी बहुत लोगों की दिलचस्पी यहीं तक थी यह नहीं सोचा कि उनका रोपा हुआ पौधा आने वाले ग्रीष्मकाल से पहले तक बच पाएगा या नहीं? झारखंड में महुआ चुनने के लिए आग लगाने से लेकर पर्वतीय इलाकों के वनों में लगी आग से लाखों पेड़ जल जाते हैं। इसके अलावा, वन्य जीव, जड़ी बूटियां, घास, छोटे-छोटे पौधे, पक्षी आदि के विनाश का तो कोई आंकड़ा ही नहीं है।आग से प्रभावित वनों की जैव-विविधता को बचाने के लिए लोगों ने कई पत्र अपनी राज्य सरकारों को सौंपे हैं, लेकिन बारिश आते ही सारे प्रयास ठंडे बस्ते में चले गए। अतः वन और पर्यावरण के प्रति इस घोर लापरवाही के बाद पेड़ उतने ही लगाने चाहिए, जितना कि इन्सान स्वयं देखभाल करके बचा सकता है। जंगल के बीच में पेड़ लगाकर भगवान भरोसे छोड़ना समय और पैसा, दोनों का नुकसान है। और यह हर वर्ष नर्सरी में उगाए गए पौधों के प्रति भी अन्याय है, लेकिन जो लोग अपनी जिम्मेदारी और देखरेख में पौधरोपण कर रहे हैं, उनके द्वारा रोपे गए पौधे आग और सूखे, दोनों से बच जाते हैं। आंकड़ों के आधार पर यह भी कहा जा रहा है कि लगभग 73,000 प्रजातियों के 30.40 खरब पेड़ दुनिया में मौजूद हैं। लेकिन दूसरी तरफ पता चलता है कि प्रतिवर्ष 15 अरब पेड़ विकास के नाम पर काटे जाते हैं और यह भी बताया जाता है कि इतने ही पौधों का रोपण भी किया जाता है। इसके आधार पर पता चलता है कि प्रति व्यक्ति 400 से अधिक पेड़ धरती पर हैं। यदि यह सच होता, तो वे भीषण तापमान को रोकने में मददगार हो सकते थे। दूसरी ओर, भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से 24.62 प्रतिशत क्षेत्र में ही वन हैं, जबकि स्वस्थ पर्यावरण मानक के अनुसार, 33.3 प्रतिशत क्षेत्र में पेड़-पौधे होने चाहिए थे। धरती पर कार्बन को नियंत्रित करने में पेड़ पौधों के अलावा घास की भी अहम भूमिका है। भारत के भूगोल में विविधता के कारण प्राकृतिक वन क्षेत्रों में बहुत अंतर दिखाई देता है।? भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के वन क्षेत्र में बेहतर सुधार हुआ है और इसके आधार पर अनुमान लगाया जाता है कि यहां प्रति व्यक्ति 28 पेड़ हैं। अरुणाचल प्रदेश में 80 प्रतिशत वन क्षेत्र है, उत्तराखंड में 71 प्रतिशत और राजस्थान में 10 प्रतिशत से भी कम वन क्षेत्र है। इसलिए भारत की वन नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक-तिहाई क्षेत्र को वनों के अंतर्गत लाना पड़ेगा।एक व्यक्ति को जीवन काल में 7-8 पेड़ों से प्रतिवर्ष 740 किग्रा ऑक्सीजन मिलती है। हर व्यक्ति एक वर्ष में सिर्फ पांच पेड़ लगाए, उनमें से 75 प्रतिशत भी बचा सके, तो धरती पर ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी।

> आंकड़ों के आधार पर यह भी कहा जा रहा है कि लगभग 73,000 प्रजातियों के 30.40 खरब पेड़ दुनिया में मौजूद हैं। लेकिन, दूसरी तरफ पता चलता है कि प्रतिवर्ष 15 अरब पेड़ विकास के नाम पर काटे जाते हैं।

# शिक्षा के व्यापार में गुम होते आदर्श शिक्षक



आज की बात



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

सिर्फ शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम दुनिया में कोई भी सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकते है और बेहतर शिक्षा, संस्कार, कला-गुणों का संचार विद्यार्थी में आदर्श शिक्षक ही कर सकते है। जीवन में शिक्षक का स्थान माता-पिता तुल्य होता है, क्योंकि शिक्षक ही विद्यार्थियों को जीवन में योग्य मार्गदर्शन देकर सफलता के प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए काबिल बनाते है। जीवन में गुरु बिना ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। शिक्षक गुणों की खान होते है, शिक्षक ज्ञानी, विशेषज्ञ, मृदुभाषी, दूरदृष्टि, सहनशील, उत्तम श्रोता-वक्ता, समझदार, प्रोत्साहन कर्ता, अनुसंधानकर्ता, जिज्ञासा वृत्ति, परोपकारी, सत्य, निष्ठा, त्यागी, सदाचारी, धैर्यवान, निर्व्यसनी होते है। शिक्षक अपने सभी विद्यार्थियों को एक स्तर से देखते है, कभी कोई भेदभाव नहीं करते। शिक्षक शिल्पकार की भूमिका में होते है जो अपने विद्यार्थियों को कलागुणों से निखारकर आदर्श विद्यार्थी में तब्दील करते है। हमारे देश में महान शिक्षक समाज सुधारकों के रूप में हमें मिले है। क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले एवं उनकी पत्नी क्रांतिज्योती सावित्रीमाई फुले जिन्होंने भारत देश में सर्वप्रथम स्त्री शिक्षा की ज्योत जलाने के लिए समाज की घृणा सहन करके लड़कियों के लिए पहली स्कूल स्थापित की। ज्योतिबाजी ने अपनी पत्नी को पढ़ाकर-लिखाकर एक आदर्श शिक्षिका बनाकर एक इतिहास बनाया और फिर दोनों ने मिलकर शिक्षा के मोल को समझकर समाज में नई क्रांति की शुरूआत की। लोगों के ताने, गालियाँ, फब्तियां, तिरस्कार सहते थे, उनपर लोग पत्थर, कीचड़, गोबर फेकते थे। पूरा समाज उनके विरुद्ध होकर भी फुले दंपत्ति निस्वार्थ भाव से अपना सब कुछ त्याग कर शिक्षा की लौ जलाते रहे। एक पल के लिए अगर हम उनके संघर्ष के दिनों की कल्पना भी करे तो हमारी रूह कांप जाती है, ऐसा असहनीय दर्द भरा संघर्ष उन्होंने शिक्षित समाज की नींव रखने के लिए सहा।

धीरे-धीरे अनेक महान समाज सुधारकों ने शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्थानों की स्थापना की। इन शिक्षा संस्थानों का केवल एक ही उद्देश्य था कि सबको बिना किसी भेदभाव या ऊंच-नीच के एक समान शिक्षा का अधिकार मिल सकें। आज हम आधुनिक युग में शिक्षा का स्तर देखते है तो, इसका स्वरूप पिछले कुछ दशकों के मुकाबले बिलकुल विपरीत नजर आता है। बच्चों के शिक्षा के प्राथमिक स्तर अर्थात नर्सरी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा एक पैकेज के रूप में पैसे के हिसाब से मिलता है, इसमें पुस्तकें, यूनिफार्म, कोचिंग, स्टेशनरी हर चीज पहले से तय होती है। शिक्षा के बाजार में प्रतियोगिताएं भी खूब चलती है। कुछ महंगे शिक्षा संस्थान तो फाइव स्टार होटल जैसा अत्याधुनिक सेवा-सुविधाओं वाला पैकेज भी विद्यार्थियों को प्रदान करते है। शिक्षा के क्षेत्र में अब दिखावे को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। सरकारी और निजी ऐसे दो प्रकार के शिक्षा संस्थान हमारे देश में है। सरकारी संस्थान में शिक्षकों का वेतन बेहतर होने के कारण वहां के शिक्षकों की आर्थिक स्थिती समाधानकारक होती है। देश में केंद्र सरकार के आईआईटी, आईआईएम, विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे संस्थान अपने बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाने जाते है, परंतु अन्य संस्थानों में बहुत बुरी स्थिति में शिक्षा प्रणाली नजर आती है। अनेक प्रवेश परीक्षाओं, शिक्षक भर्ती में फजीवाड़ा नजर आता है। बड़े-बड़े वेतनभोगी शिक्षकों को अपने विषय का ज्ञान नहीं होता। बहुत से राज्यों की सरकारी शिक्षा संस्थान कबाड़ की दुकान नजर आती है, विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में। नकली पदवी के लिए भी रैकेट सक्रिय है। शिक्षा विभाग में बहुत सी गंभीर समस्याओं की बातें तो जानते है, लेकिन कोई भी खुलकर विरोध नहीं करता है। आज शिक्षक भी व्यभिचार, भ्रष्टाचार, भेदभाव, नशाखोरी करता हुआ दिखता है। प्रसिद्ध निजी शिक्षण संस्थान जो आर्थिक रूप से मजबूत है, वे शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने और बेहतर सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करने का प्रयत्न करते नजर आते है, लेकिन छोटे निजी संस्थान में नियमानुसार योग्यतापूर्ण शिक्षक की भर्ती केवल नाम के लिए होती है, क्योंकि अत्यल्प वेतन पर शिक्षक को नौकरी पर रखना उस शिक्षक से धोखा है, इसलिए ऐसे संस्थानों में हर साल अयोग्य नये शिक्षक आते-जाते है। इस कालावधि में विद्यार्थियों का बहुत नुकसान होता है, शिक्षक भी अपने छोटे-से वेतन के हिसाब से कामचलाऊ शिक्षा प्रदान करते है। ऐसे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों विकसित समाज के लिए रुकावट का काम करते है। आजकल देश में गिरते शिक्षा के स्तर के लिए ऐसी शिक्षा प्रणाली जिम्मेदार है।

शिक्षा में अनेक कलंकित करने वाली घटनाएं नित्य घटित होती है, 15 अगस्त 2024 को नागपुर (महाराष्ट्र) के दैनिक भास्कर हिंदी समाचार पत्र के प्रथम पृष्ठ पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में 92 प्रोफेसर पद भर्ती के लिए 30 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने की खबर प्रकाशित हुयी थी, अर्थात हर एक पद के लिए 50-80 लाख रुपए के आसपास। 20 अगस्त 2024 को लोकमत समाचार पत्र में भी छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के एक महाविद्यालय के प्रोफेसर जिनका वेतन पौने तीन लाख रुपए महीना है, उन्होंने अपने एक पीएचडी के विद्यार्थी से 5 लाख रुपये रिश्वत में लेने का तय किया और इसकी पहली किस्त 50 हजार रुपए लेते हुए एंटी करेप्शन ब्यूरो द्वारा प्रोफेसर पकडी गयी, यह खबर प्रकाशित हुयी थी। ऐसी खबरें अक्सर ही पढ़ने-सुनने को मिलती है, इस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी वर्ग इस हकीकत को काफी अच्छे से जानते है। लेकिन इसकी भयावहता का शिकार केवल गरीब और योग्य उच्च शिक्षित उम्मीदवार होता है क्योंकि वह रिश्वत नहीं दे सकता, इसलिए नौकरी प्राप्त कर पाना कठिन होता है। बहुत बार इस समस्या के बारे में कुलगुरु, सत्ताधारी नेता, मंत्री महोदय को अवगत कराया गया लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। गलत मार्ग से शिक्षक जैसे पवित्र पद प्राप्त करने वाले क्या सच में अपने पद की गरिमा, न्याय, निष्ठा बनाकर आदर्श शिक्षक बन पाएंगे? हमारे देश में 20 सालों से भी अधिक समय से योग्य उम्मीदवार यूजीसी-नेट, सेट, स्लेट जैसी असिस्टेंट प्रोफेसर पद हेतु योग्यता परीक्षा पास करके, एमफिल, पीएचडी पदवी प्राप्त करके, अपने जीवन के अनेक वर्ष, पैसा, उम्र इस उच्च शिक्षा को प्राप्त करने में खर्च करके भी उन्हें योग्यतानुसार नौकरी नहीं मिली इसलिए उनकी जिंदगी तबाह हो चुकी है। महाराष्ट्र राज्य में सरकारी सहायता प्राप्त (ग्रांटेड) कॉलेजों में प्रोफेसर पदों या नौकर भर्ती की जिम्मेदारी कॉलेज को दी गयी है, वेतन सरकार करता है लेकिन पद भर्ती कॉलेज करता है। अधिकतर शिक्षा संस्थान में अनुबंध पर शिक्षकों को दिहाड़ी मजदूर से भी कम वेतन प्राप्त होता है। इस महंगाई में जीवन जीना बहुत मुश्किल हो जाता है, इसलिए बहुत बार हताश होकर ऐसे शिक्षक आत्महत्या भी करते है।एक बार मैं चंद्रपुर (महाराष्ट्र) के ग्रामीण क्षेत्र के राज्य सरकार द्वारा अनुदानित लड़को के आवासीय आश्रम विद्यालय में एक दिन के लिए रुका था, तब बरसात का समय था, आश्रम भवन खंडहर की तरह था, दरवाजे की जगह लकड़ियों के टुकड़े जोड़कर काम चलाया जा रहा था, कमरे के अंदर से दीवारें भीगी थी, इतने अपर्याप्त सुविधाओं में छोटे-छोटे विद्यार्थी वहां निचे दरी बिछाकर सोते थे। स्नानगृह, शौचालय बहुत अस्वच्छ थे, इसलिए वहां के विद्यार्थी आश्रम के कुएं पर ही खुले में स्नान करते थे। वहां का रसोईघर देखकर तो किसी को भी भोजन करने की हिम्मत ही नहीं होगी। दीवारों से लगकर ही नालियां बह रही थी, जिसमें मौजूद बड़े-बड़े मच्छर एक पल के लिए भी शांत बैठने नहीं देते थे, ऐसे वातावरण में सांप, बिच्छू का डर बना रहता है। वह दृश्य आज भी याद करता हूँ, तो शरीर कांप जाता है और वहां के बच्चों पर तरस आता है कि देश का आने वाला भविष्य किस बदहाल स्थिति में दिन काट रहा है। आज के युग में सच्चा शिक्षक होना बहुत मुश्किल है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आप की बात

### जीवन जितना सजता है मां बाप के प्यार से उतना ही महकता है गुरु के आशीर्वाद से



नवीन कुमार सहाय

शिक्षक हमारे समाज के निमार्ता तो है ही वही हमारे मार्गदर्शक भी है। शिक्षक उस दीपक के समान होते हैं जो अपनी ज्ञान ज्योति से अपने विद्यार्थियों को प्रकाशित करते हैं। हमारे भारतवर्ष में तो शिक्षकों को भगवान माना जाता रहा है इसलिए तो कबीर शिक्षकों की को महिमा मंडित करते हुए कहते हैं गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाए बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए हालांकि गुरु ,ब्रह्मा, गुरु ,विष्णु जैसे उद्धत भाव रखने वाले देश में शिक्षकों के प्रति आदर भाव व्यक्त करने के लिए किसी विशेष दिन की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए ।उनका आदर किसी भी दिन क्या प्रत्येक दिन किया जाना चाहिए। वैसे भी शिक्षा तो जीवन भर चलने वाली सतत पद्धति है। शिक्षक कोई भी हो सकता है और शिक्षार्थी भी कोई,एक समय में कोई सीख रहा होता है या सीखा रहा होता है मनुष्य या तो शिक्षक है, या शिक्षार्थी हैं। है ,जब कभी भी शिक्षा का आदान-प्रदान समाप्त हो जाता है वहां पतन की स्थिति अवश्यंभावी हो जाती है। एक सफल छात्र ही आदर्श शिक्षक बनने की पात्रता रखता है । वही एक सफल शिक्षक के लिए जिज्ञासु छात्र की पात्रता अनिवार्य है। वर्तमान समय में बेहतर तरीके से जीना ही हमारे शिक्षा का उद्देश्य है ।ज्ञान की सार्थकता भी तभी है जब वह हमारे जीवन में उतरे, वर्तमान सरकार ने इकसवी सदी में शिक्षा के चार स्तंभ बनाए हैं।

**1. ज्ञान के लिए सीखना**
**2. करने के लिए सीखना**
**3. होने के लिए सीखना**
**4. रहने के लिए सीखना**

हम सभी को पता है कि शिक्षा में बदलाव ही वह मार्ग है जिसके दम पर हम समाज के उन्नत भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। शिक्षा एक उद्देश्य पूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति की जन्मजात अंतर्निहित शक्तियों का विकास संभव हो पता है ।जिससे व्यक्ति सत्यम , शिवम ,सुंदरम का चिंतन करने योग्य बन सकता है। महान दार्शनिक एवं चिंतक प्लेटो के अनुसार शिक्षा नए समाज की रचना का समाज के नवनिर्माण का सर्वश्रेष्ठ साधन है। प्राचीन काल से हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में मूल्य का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। आज की शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को वह नहीं दे पा रही है जिसके वह हकदार हैं ' सा विद्या या विमुकतये ' विद्या वह है जो मुक्त करें उधर बने विद्या वह है जो विनम्र बनाएं। स्वामी विवेकानंद का कथन है कि हमें वह शिक्षा चाहिए, जिससे व्यक्ति चरित्रवान बनता है और उसकी प्रतिभा व मन की शक्ति विस्तार होता है। शिक्षा का सीधा संबंध व्यक्ति के विकास से है शिक्षा जीवन के संस्कारों को ही कहा गया है वस्तु तथा संस्कार युक्त जीवन ही शिक्षा का ध्येय है। नई शिक्षा नीति में शिक्षक की भूमिका और भी बढ़ जाती है। जिस तरह कुम्हार मिट्टी को आकार देकर उपयोगी बर्तन को बनता है उसी तरह से शिक्षक अपने छात्रों को तराश कर उसे सुंदर और सम्मानित जीवन प्रदान करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हैं।

## देश की बात

# चीन के मुकाबले अब कहां है भारतीय इकोनॉमी



चंद्रभूषण

ग्लोबलाइजेशन की लहर बीते कुछ सालों में थम गई है। हर देश में अपना-अपना देखने, दूसरों के कारोबार में अड़ंगा लगाने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है। कोविड महामारी का दौर थमते ही दो-दो लड़ाइयों ने मुद्रास्फीति बढ़ा दी है और इसके असर से विदेश-व्यापार और पर्यटन पर निर्भर कुछ देश दिवालिया होने की तरफ बढ़ गए हैं। पड़ोस में श्रीलंका और बांग्लादेश में संपूर्ण अराजकता की स्थिति हमने देखी है और पाकिस्तान इसके बिल्कुल मुहाने पर पहुंच कर वापस लौटा है। इन हालात को देखते हुए भारत का आर्थिक प्रदर्शन अपेक्षाकृत अच्छा कहा जाएगा।

**भारत की खूबी :** भारत अभी दुनिया का अकेला ऐसा देश है, जिसकी रूस और अमेरिका-यूरोपीय संघ से समान मैत्री है। हाल तक यूरोप अपनी ईंधन जरूरतों के लिए काफी हद तक रूस पर ही निर्भर करता था लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस के तेल निर्यात पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। वहीं, पिछले ढाई वर्षों में रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर भारत अपने विशाल तेल परिशोधन ढांचे के बल पर यूरोप और अफ्रीका को पेट्रोल-डीजल का निर्यात कर रहा है।

**इन्फ्रा डेवलपमेंट :** इधर, एक अर्से से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट का योगदान बहुत ज्यादा रहा है। सरकारी और निजी, दोनों तरह की पूंजी सड़क, रेलवे, बिजलीघर, बंदरगाह, रिफाइनरी, हवाई अड्डे, गोदाम और कोल्ड स्टोरेज वगैरह बनाने में जुटी है। इनमें रिफाइनरीज के लिए अभी छप्पर फाड़कर कमाई करने का वक्त है।

**आर्थिक ट्रेंड :** दुनिया में ग्रोथ की तीन प्रमुख रणनीतियां अभी तक देखी गई हैं। 1930 के दशक में अमेरिका ने, 1990 के दशक में यूरोपीय संघ ने, इस सदी के पहले दो दशकों में चीन ने और दसेक वर्षों से भारत ने भी ह्यइन्फ्रास्ट्रक्चर लेड ग्रोथह्न का रास्ता अपनाया है। उसके पहले भारत की ग्रोथ ह्यकंजम्प्शन लेडह्न, उपभोग आधारित मानी जाती थी, जबकि सन 2000 से 2020 तक दिखी चीन जैसी ह्यएक्सपोर्ट लेड ग्रोथह्न हमारा सपना है।

**बदलाव आया :** दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि और विकास की रणनीतियों पर पुनर्विचार जारी है, क्योंकि हाल तक इस बारे में जो अनुमान लगाए गए थे, पिछले सात-आठ वर्षों में संरक्षणवाद, महामारी और लड़ाइयों के इर्दगिर्द बनी गुटबंदी ने उनका भट्ठा बिठा दिया है। इस दिशा में सबसे चर्चित पूवार्नुमान पीडब्यूसी का माना जाता है, जिसने 2016 में अगले 34 वर्षों के लिए, यानी सन 2050 तक के लिए कुछ आर्थिक भविष्यवाणियां की थीं। इसके लिए उसने ऋ7 के मुकाबले ए7 नाम की एक अलग, अघोषित श्रेणी खड़ी की थी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

> प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं के लिए ही प्रार्थना करना। दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति के नाते करें: ''मैं आपका बच्चा हूं। आप मेरे पिता हैं। आप मैं एक हैं।''

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

अतीत में आपको अपनी प्रार्थनाओं का उत्तर न मिलने से निराशा हुई होगी, परन्तु विश्वास मत खोइए। ...ईश्वर कोई मूक,भावनारहित प्राणी नहीं हैं। वे तो साक्षात् प्रेम हैं। यदि आपको पता हो, कि उनके साथ सम्पर्क करने के लिए किस तरह ध्याान जाता है, तो वे आपकी प्रेमभरी मांगों की पूर्ति करेंगे। हमारी आवश्यकताओं की प्राकृति के अनुसार प्रार्थना कैसे और कब करनी चाहिए, इसे ठीक-ठीक जान लेने से ही इच्छित परिणाम प्राप्त होते हैं। जब सही विधि का प्रयोग किया जाता है, तो यह ईश्वर के उचित नियमों को चालित करती है; इन नियमों को संचालन वैज्ञानिक रूप से परिणाम लाता है।

प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं के लिए ही प्रार्थना करना। दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति के नाते करें: ''मैं आपका बच्चा हूँ। आप मेरे पिता हैं। आप मैं एक हैं।'' जब आप गहराई से और निरन्तर प्रार्थना करेंगे तो आपके अपने हृदय में एक महान् आनन्द उमड़ता हुआ अनुभव होगा। जब तक वह आनन्द प्रकट नहीं होता तब तक सन्तुष्ट न हों, क्योंकि जब उस सर्वतृप्तिदाय आनन्द को आप अपने हृदय में अनुभव करेंगे, तब आप जान जाएँगे कि आपके द्वारा की गयी प्रार्थना से साथ ईश्वर ने सम्पर्क कर लिया है।

## फेसबुक वॉल से





## X से




## अपनी बात

# अपारे संसारे शिक्षकैव प्रजापति



उत्तम कुमार मुखर्जी
सहायक शिक्षक, एस.एस.उच्च विद्यालय रायडीह, गुमला

5 सितंबर को महान शिक्षाविद् सह भूतपूर्व रास्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन की याद में मनाया जाता है। सर्वविदित है कि इस दिन सभी छात्र- छात्राएं अपने गुरूजनों को अपने श्रद्धा, प्रेम को शिक्षक दिवस मना करके व्यक्त करते हैं, इस दिन शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं जो शिक्षकों के सम्मान को प्रदर्शित करते हैं।

मेरे विचार से शिक्षक शब्द की महत्ता को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता है क्योंकि शिक्षक के गुणों का वर्णन करना, सूर्य को दीपक दिखाने के समान है।सनातन धर्म में ₹ ब्रह्मा को सृष्टि रचियता कहा गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं स्वरचित श्लोक(पद्य) की सहायता से शिक्षक की महत्ता को प्रदर्शित करना चाहूँगा, जो इस प्रकार है----

***अपारे ज्ञानलोके शिक्षकैव प्रजापतिः***
***यथास्मै रोचते विश्वं तथैव परिवर्त्तते।।***

अर्थात इस ज्ञानलोके में शिक्षक ही ब्रह्म- देव हैं ,वे जैसा चाहते हैं, वैसा ही छात्रों की रचना करते हैं। 21 वीं शदी में हमलोंग प्रवेश कर चुके हैं वर्तमान समय मॉडल टेक्नोलॉजी का है, जिसमें हम सबों को कदम से कदम मिलाकर चलना है लेकिन प्राचीन सभ्यताओं को भी साथ लेकरके चलना है।प्राचीन काल में गुरूओं को देवतुल्य माना जाता था।संस्कृत में भी कहा गया है-मातृदेवो भव,पितृदेवो भव,आचार्यो देवो भव अर्थात मां,पिता एवं गुरुजी देवतुल्य होते हैं और वास्तव में हैं भी लेकिन पाश्चात्य सभ्यता के अनुकरण में हमारे देश के छात्र-छात्राएं अपनी मूल संस्कृति से दूर होते नजर आते हैं जो अति चिंतनीय विषय है यही कारण है कि गुरू-शिष्य के बीच संबंध में दूरियां हैं जिसे कम करने की आवश्यकता है, इसके लिए शिक्षकबन्धुओं, प्रबुद्धजनों, सरकार को इस विषय पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। कहा जाता है डॉ.राधाकृष्णन छात्रों से बहुत प्रेम करते थे, जिसके कारण उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है आज ही के दिन ( 5-9-1888 ) को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वे अच्छे शिक्षक के साथ देशप्रेमी इंसान भी थे उनके जीवन की एक रोचक घटना का मैं वर्णन करना चाहूंगा---

एक बार डॉ राधाकृष्णन अंग्रेजी की सभा में गये थे अंग्रेज भारतीयों से नफरत करते थे डॉ राधाकृष्णन को देखकर एक अंग्रेज बोले हम अंग्रेज कितने भाग्यशाली हैं, ईश्वर हमसबों को गोरा बनाये हैं भारतीय काले हैं इसका उत्तर तीन रोटी की रचना करके राधाकृष्णन जी भारतीयों की लोहा मनवाया थे,उनका कहना था पहली रोटी जब ईश्वर बना रहे थे तो वो कच्ची रह गई उससे अंग्रेज उत्पन्न हुए, दूसरी रोटी में अधिक समय देने से वो जल गई जिससे निग्रो सम्प्रदाय के लोग उत्पन्न हुए तीसरे रोटी में ईश्वर विशेष ध्यान दिये, जिससे तीसरी रोटी कच्ची और जल कर काली नहीं हुई बल्कि अच्छी तरह से पक गई जिससे हम भारतीय उत्पन्न हुए।

कथा का सार यही है कि राधाकृष्णन जी अच्छे शिक्षक, राष्ट्रपति, देशप्रेमी व्यक्ति थे, उनके आदर्शों को हम शिक्षक-छात्रों को अपना चाहिए एवं ज्ञानलोक में ब्रह्म देव सदृश शिक्षक का सम्मान करने के लिए कृत्संकल्प होना चाहिए।तब ही शिक्षक दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी।



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस 5 सितंबर देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जब डॉ राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने, तो उनके कुछ छात्रों और मित्रों ने अनुरोध किया कि उन्हें 5 सितंबर को उनका जन्मदिन मनाने की अनुमति दी जाए। इस पर उन्होंने कहा कि उनका जन्मदिन मनाने के बजाय, अगर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए, तो यह उनके लिए गौरव की बात होगी। तब से उनका जन्मदिन भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के आदर्श और प्रेरणास्रोत होते हैं। इस दिन हम अपने शिक्षक के प्रति आभार प्रकट करते हैं। हम उनकी नि:स्वार्थ सेवा का सम्मान करते हैं। शिक्षक हमें केवल ज्ञान ही नहीं देते हैं, बल्कि चरित्र निर्माण समेत संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व के कई देशों में अलग-अलग तिथियों को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। कुछ देशों में इस दिन छुट्टी रहती है, तो कुछ देशों में कार्य करते हुए शिक्षक दिवस का आयोजन किया जाता है। भारत में प्राचीन काल से ही शिक्षकों का बहुत सम्मान किया जाता है। वास्तव में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है।

## शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन

# महान शिक्षक, दार्शनिक और राजनेता थे डॉ राधाकृष्णन

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, शिक्षक और राजनेता थे। वे भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। वे 1962 से 1967 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। इससे पहले उन्होंने भारत के पहले उपराष्ट्रपति के रूप में भी कार्य किया था। उन्होंने सोवित संघ (अब रूस) में भारत के राजदूत के रूप में भी काम किया था। वे 1931 से 1936 तक आंध्र विश्वविद्यालय और 1939 से 1948 तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति रहे थे। डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को सर्वपल्ली राधाकृष्णय्या के रूप में एक तेलुगु नियोगी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका निधन चेन्नई में 17 अप्रैल 1975 को हुआ था।

डॉ राधाकृष्णन के पिता का नाम सर्वपल्ली वीरस्वामी और माता का नाम सीतम्मा था। वे पांच भाई और एक बहन में चौथे स्थान पर थे। उनका जन्म तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के तिरुमनी गांव में हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा तिरुमनी के केवी हाई स्कूल में हुई थी। उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए तिरुपति के स्कूल से की। उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा वेल्लोर के वूरहीस कॉलेज से पूरी की। एफए (प्रथम कला) कक्षा के बाद, उन्होंने 16 वर्ष की आयु में मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज में दाखिला लिया। उन्होंने वर्ष 1907 में वहां से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उसी कॉलेज से उन्होंने अपनी परास्नातक की डिग्री भी पूरी की। उन्हें पूरे शैक्षणिक जीवन में छात्रवृत्तियां मिलती रही थीं। डॉ राधाकृष्णन गणित पढ़ना चाहते थे, लेकिन उन्हें मजबूरी में दर्शनशास्त्र की पढ़ाई करनी पड़ी थी। राधाकृष्णन ने वेदांत की नैतिकता और इसकी आध्यात्मिक पूर्वधारणाओं पर अपनी स्नातक की डिग्री थीसिस लिखी थी। उस समय उनकी उम्र केवल 20 वर्ष थी। कहा जाता है कि इस थीसिस उद्देश्य इस आरोप का जवाब देना था कि वेदांत प्रणाली में नैतिकता के लिए कोई जगह नहीं है। राधाकृष्णन के अनुसार, ईसाई आलोचकों की चुनौती ने उन्हें हिंदू धर्म का अध्ययन करने और यह पता लगाने के लिए प्रेरित किया कि इसमें क्या जीवित है और क्या मृत। राधाकृष्णन ने ब्रिटिश आलोचकों के खिलाफ अपनी पीड़ा को द एथिक्स ऑफ द वेदांत में व्यक्त किया है। डॉ राधाकृष्णन के लिए, अद्वैत वेदांत हिंदू धर्म का सबसे अच्छा प्रतिनिधि था, क्योंकि यह अन्य धर्मों की बौद्धिक रूप से मध्यस्थता वाली व्याख्याओं के विपरीत, अंतर्ज्ञान पर आधारित था।



**गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:।**
**गुरुरेव परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नम:।।**
**संत कबीर दास ने कहा है-**
**गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।**
**बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।।**

*गुरु आप महान हैं कि आपने गोबिंद (भगवान) की जानकारी दी। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्राचीन धर्मसूत्रों में मां को भी शिक्षक या गुरु के रूप में मान्यता दी गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चे की प्रथम और सर्वश्रेष्ठ गुरु मां ही है।*

## प्राचीन भारत के महान शिक्षक


**बादरायण :** बादरायण को भगवान वेद व्यास के नाम से भी जाना जाता है। वे सनातन धर्म के आदि (प्रथम) आचार्य हैं। वैदिक काल की शुरुआत में केवल एक वेद था। बादरायण ने इसे सरल बनाया और चार भागों में विभाजित किया - ऋक्, साम, यजुर और अथर्व। इस कारण उन्हें वेद व्यास के नाम से जाना जाने लगा। आम लोगों के लिए उन्होंने 17 पुराणों की रचना की। कहानियों के रूप में इनके जरिए अलग-अलग समूह के लोग अपने पूज्य देवताओं के प्रति अपनी भक्ति को मजबूत करने में सक्षम हुए। व्यास ने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के सिद्धांतों का प्रचार करने के लिए इतिहास ग्रंथ 'महाभारत' की रचना की। व्यास ने अठारहवें महापुराण, श्रीमद्भागवत की भी रचना की थी, जिसे सात्वती श्रुति (वैष्णवों का वेद) के नाम से भी जाना जाता है। वेद व्यास ने हिंदू धर्म की अधिसंख्य महत्वपूर्ण वंशावली द्वारा प्रयुक्त आध्यात्मिक साहित्य का संकलन किया था, इसलिए उन्हें मूल गुरु भी माना जाता है। गुरु पूर्णिमा को उनके जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। सनातन धर्मावलंबी व्यास को चिरंजीवी या अमर मानते हैं।

**पाणिनी :** पाणिनी संस्कृत भाषा के सबसे महान वैयाकरण और गुरु थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर पश्चिम भारत के गांधार में हुआ था। इनके व्याकरण का नाम अष्टाध्यायी है। इसमें आठ अध्याय और लगभग चार सहस्त्र सूत्र हैं। संस्कृत भाषा को व्याकरण सम्मत रूप देने में पाणिनि का योगदान अतुलनीय माना जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अष्टाध्यायी मात्र व्याकरण ग्रन्थ नहीं है, इसमें तत्कालीन भारतीय समाज का पूरा चित्र मिलता है। उस समय के भूगोल, सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा और राजनीतिक जीवन, दार्शनिक चिंतन, खान-पान, रहन-सहन आदि के प्रसंग स्थान-स्थान पर अंकित हैं।

## आधुनिक भारत के महान शिक्षक

**सावित्रीबाई फुले :** महाराष्ट्र की सावित्रीबाई फुले लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने वाली पूरे भारत की पहली शिक्षिका थीं। इन्होंने पूरे देश में लड़कियों की शिक्षा के लिए अभियान चलाया था। सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योतिराव फुले ने मिलकर महाराष्ट्र में लड़कियों के लिए कई स्कूल बनवाए थे। सावित्रीबाई देश के पहले बालिका विद्यालय की प्रिंसिपल भी थीं। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। 10 मार्च 1897 को प्लेग बीमारी के कारण उनका निधन हो गया।

**स्वामी विवेकानंद :** स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में वर्ष 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उनके भाषण से पूरी दुनिया प्रभावित हुई थी। स्वामी विवेकानंद वेदांत के विख्यात आध्यात्मिक गुरु थे, पर साथ ही देश के महानतम शिक्षकों में से भी एक थे। उन्होंने समाज सुधारक की तरह भी काम किया। स्वामी विवेकानंद ने देश में गुरुकुल प्रणाली को खूब प्रोत्साहन दिया था। वे कहते थे कि ऐसे शिक्षण संस्थान जहां छात्र और शिक्षक एकसाथ रहते हैं, वहां ज्ञान, बुद्धि और दुनियादारी के बारे में ज्यादा समझा जा सकता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कालकाता में हुआ था। उनका निधन 4 जुलाई 1902 बेलूर मठ में हुआ था।



## प्राचीन काल में विद्यालय 'गुरुकुल', 'आचार्यकुल' कहलाते थे

*प्राचीन काल में विद्यालय को 'गुरुकुल', 'आचार्यकुल' इत्यादि नामों से जाना जाता था। विद्यार्थी आचार्य के कुल में निवास करते हुए गुरु सेवा और ब्रह्मचर्य रहकर षडांग वेद का अध्ययन करते थे। शिक्षक को 'आचार्य', 'उपाध्याय' और 'गुरु' कहा जाता था। विद्यार्थी को ब्रह्मचारी, व्रतधारी, अंतेवासी, आचार्य कुलवासी कहते थे।*

**प्राचीन काल में भारत में महिलाएं भी होती थीं शिक्षिका :** ऐतरेय और कोषितकी ब्राह्मणों से यह स्पष्ट है कि भारत में प्राचीन काल में महिलाएं भी शिक्षिका होती थीं। आश्वलायन गृहसूत्र से पता चलता है कि नारी शिक्षक के रूप में शिक्षिका का पद सुशोभित करती थीं। जिस समय बड़ी संख्या में नारियां अध्यापन का कार्य कर रही थीं, संस्कृत साहित्य में उस समय महिला शिक्षकों के लिए उपाध्याया या उपाध्यायी शब्दों का प्रयोग हुआ है। पंतजलि ने आचार्या शब्द का भी प्रयोग किया है। वैदिक काल में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राएं दो तरह की होती थीं - ब्रह्मवादिनी एवं सद्योवात। सद्योवात 15 या 16 वर्ष की उम्र तक, जब तक उनका विवाह नहीं हो जाता था, तब तक अध्ययन करती थीं। इन्हें प्रार्थना एवं यज्ञों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण वैदिक मंत्र पढ़ाए जाते थे तथा संगीत एवं नृत्य की भी शिक्षा दी जाती थी। ब्रह्मवादिनी हमेशा ब्रह्मचर्य का पालन करती थीं।



## राज्यों से

**आरजी कर कांड की सीबीआई जांच में खुलासा**

# नौ अगस्त को विदेशी सिम से की गई कॉल

**सबूत मिटाने की कोशिश या अंतिम संस्कार में जल्दबाजी के पीछे विदेशी सिम उपयोगकर्ता की भूमिका संभव**

**यह सिम दुबई या बांग्लादेश का हो सकता है, सिम के नंबर को केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा गया**

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के बाद अस्पताल के अधिकारियों को विदेशी सिम कार्ड से कई बार फोन कॉल्स किए जाने का खुलासा हुआ है। सीबीआई जांच में साफ हुआ है कि नौ अगस्त को सुबह 10 बजे के बाद से पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबी डॉक्टर और अन्य अधिकारियों को इस विदेशी सिम नंबर से कई बार कॉल्स किए गए। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, अपराध के बाद सबूतों को मिटाने की कोशिश या डॉक्टर के अंतिम संस्कार को जल्दबाजी में करवाने के पीछे इस विदेशी सिम उपयोगकर्ता की भूमिका हो सकती है। यह भी जांच का विषय है कि इस नंबर का इस्तेमाल किसी अन्य उद्देश्य के लिए तो नहीं किया गया। तफ्तीश में शामिल अधिकारियों का कहना है कि विदेशी सिम का उपयोग करने पर अक्सर ग्राहक की पहचान नहीं मिल पाती, क्योंकि विदेशी सेवा प्रदाता ग्राहक की जानकारी साझा नहीं करते। एक सीबीआई अधिकारी ने बताया, अक्सर विदेश से प्रीपेड सिम खरीदकर उसे भारत में इस्तेमाल किया जाता है। यह तरीका पहले भी विभिन्न जांचों में सामने आ चुका है। इस अधिकारी ने यह भी कहा कि यह सिम दुबई या बांग्लादेश का हो सकता है। इस सिम के नंबर को केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह सिम किसके नाम पर और कहां से लिया गया। सूत्रों का यह भी कहना है कि महिला डॉक्टर के शव से नमूने इकट्ठा करने से लेकर अंतिम संस्कार तक की प्रक्रिया में कई गलतियां हुई हैं, जिससे यह शक पैदा होता है कि कहीं जांच में जानबूझकर रुकावट तो नहीं डाली गई। सीबीआई इस बात की भी जांच कर रही है कि इस विदेशी सिम के जरिए कॉल करने वाला व्यक्ति कौन है और उसका उद्देश्य क्या था। इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है ताकि सच सामने आ सके।



### ममता ने पवित्र कर्तव्य की अनदेखी की : रिजिजू

**नई दिल्ली।** बलात्कार रोधी विधेयक पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कटघरे में खड़ा किया है। इसमें पीड़िता की मौत होने या 'कोमा' में चले जाने पर दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। रिजिजू ने एक्स पोस्ट में 2018 का एक पत्र अपलोड किया है। इसमें महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई की जिक्र है। किरेन रिजिजू ने लिखा, मुझे दुख है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों को त्वरित न्याय प्रदान करने के अपने सबसे पवित्र कर्तव्य की अनदेखी की। यह पत्र 2021 का है, जिसमें सारी बातें स्पष्ट है। 2018 में बलात्कार और हत्या जैसे खतरनाक अपराधों से निपटने के लिए संसद द्वारा एक कड़ा कानून पारित किया गया था। इस पर राज्य सरकारों को कार्रवाई करनी चाहिए।



### संदीप घोष के करीबी डॉक्टर विरुपक्ष बिश्वास का तबादला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. विरुपक्ष बिस्वास का बुधवार को तबादला कर दिया। पैथालॉजी विभाग में तैनात डॉ. विरुपक्ष को दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप सब-डिवीजनल अस्पताल में उसी पद पर तैनात किया गया है। डॉ. विरुपक्ष आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबी माने जाते हैं। मालूम हो कि संदीप घोष को केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में हिरासत में लिए जाने के बाद मंगलवार को राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर उन्हें राज्य चिकित्सा सेवाओं से निलंबित कर दिया क्योंकि उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चल रहा है।

## सांसद राजेश वर्मा को धमकी देने वाला बिट्टू कुमार गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** बिहार में खगड़िया लोकसभा सीट से लोजपा (आर) के सांसद सांसद राजेश वर्मा के निजी मोबाइल पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में संलिप्त अभियुक्त बिट्टू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पटना पुलिस मुख्यालय द्वारा बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के निजी मोबाईल पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में उनके निजी सचिव विकास कुमार नयाटोला बलुआही, थाना-जिला-खगड़िया ने बीते 28 अगस्त को लिखित आवेदन खगड़िया साईबर थाना में दिया था।

मामले के संज्ञान में आने के पश्चात पुलिस अधीक्षक, खगड़िया के द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### धान अधिप्राप्ति अनियमितता में पैक्स प्रबंधक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ी करने वाले पैक्स पर कार्रवाई शुरू कर दी है। वैसे पैक्स अध्यक्ष व प्रबंध कार्यकारिणी के विरूद्ध कानूनी कारवाई की जा रही है,जिन्होने खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में धान अधिप्राप्ति में अनियमितता की है। इसी कड़ी में बुधवार को छौड़ादानो प्रखंड के खैरवा पैक्स प्रबंधक, राजकुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है,कि छौड़ादानो प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, गोपाल कुमार ने बीते 30अगस्त को खैरवा पैक्स की पूर्ण प्रबंधकारिणी पर जिला सहकारिता पदाधिकारी के आदेश के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज केस नं. 209/24 के आलोक में पूर्व में खैरवा पैक्स अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। वही बुधवार को खैरवा पैक्स के प्रबंधक राजकुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है lबताया गया है।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में नाव पलटने से दो लोगों की हुई मौत

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कलवारी गांव में गंडक नदी में नाव पलटने से बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। इस घटना की सुचना नजदीकी थाने की पुलिस को दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के कलवारी गांव में लगभग आधा दर्जन लोग एक नाव पर सवार होकर जमीन मापी के लिए बूढ़ी गंडक नदी को पार कर रहें थे। इसी दौरान अचानक नाव अनियंत्रित होकर बीच नदी में ही पलट गयी, जिसके बाद नाव पर सवार सभी लोग बूढ़ी गंडक नदी में डूबने लगे। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन तबतक दो लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

## महाराजगंज के डीसीएलआर और क्लर्क रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पटना।** विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू), पटना ने महाराजगंज के जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) और उनके लिपिक को कथित तौर पर 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, एसवीयू के अपर पुलिस महानिदेशक नैयर हसनैन खान ने बुधवार को बताया कि महाराजगंज के डीसीएलआर राम रंजन सिंह और उनके लिपिक संतोष कुमार को मिलीभगत कर एक परिवादी से 20,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। खान के अनुसार, डीएसएलआर ने परिवादी से कथित तौर पर डेढ़ लाख रुपये की मांग की थी और राशि न मिलने की सूरत में, जिस जमीन को अंचलाधिकारी ने उसके नाम पर कर दिया था।

## बरेली-मुंबई के बीच चलेगी स्लीपर वंदे भारत

एजेंसी

**बरेली।** रेलवे ने बरेली-मुंबई स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन की कवायद तेज कर दी है। इसके लिए एक माह तक ट्रायल और स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। यह स्लीपर वंदे भारत एक ओर से 1600 किमी दूरी तय करेगी। माना जा रहा है कि जल्द ही शहर को देश की पहली स्लीपर वंदे भारत की सौगात मिल सकती है। वहीं, सहारनपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन भी जल्द शुरू होने की संभावना है। मुरादाबाद मंडल की भी यह पहली स्लीपर वंदे भारत होगी। मुरादाबाद में वाशिंग लाइन न होने के कारण इस ट्रेन का संचालन बरेली से शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### वैकल्पिक रूटों पर भी रेलवे कर रहा विचार

बरेली-मुंबई और सहारनपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए रूट तय हो चुके हैं, लेकिन इन ट्रेनों के लिए रेलवे वैकल्पिक रूटों पर भी काम कर रहा है। पिछले दिनों उत्तर मध्य रेलवे से सहारनपुर-प्रयागराज वंदे भारत के लिए वाया कानपुर सेंट्रल होते हुए रूट मांगा गया था, लेकिन उत्तर मध्य रेलवे ने पहले से ट्रेनों का दबाव होने का हवाला दे दिया। इधर, बरेली-मुंबई वंदे भारत के लिए वैकल्पिक रूटों पर काम चल रहा है।

**इस रूट से चलाने की योजना :** बरेली-चंदौसी-अलीगढ़-आगरा-ग्वालियर-झांसी-बीना-भोपाल-इटारसी-खंडवा-जलगांव-मनमाड़-मुंबई रूट तय कर लिया है। इस रूट पर पड़ने वाले रेल खंडों के मंडल मुख्यालयों को इस संबंध में लिखा जा चुका है। स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस का पहला वर्जन रविवार को ही कोच फैक्टरी से ट्रायल के लिए बाहर आया है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल के बाद पहली स्लीपर वंदे भारत उत्तर रेलवे को मिल सकती है। मुख्य वाणिज्य निरीक्षण राकेश सिंह ने बताया कि सहारनपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए भी रूट तय है। इस ट्रेन का संचालन भी जल्द शुरू होगा।



### लंबे इंतजार के बाद मुलायम की बहू अपर्णा यादव को मिला तोहफा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव आखिरकार लंबे इंतजार के बाद योगी सरकार ने पद से नवाजा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने राज्य महिला आयोग के पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की, जहां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की भाभी अपर्णा यादव को भी पैनल में जगह मिली। अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा को महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## लालू-राबड़ी के कार्यकाल के अपराध को देखें तेजस्वी : जीतन राम मांझी

**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बुधवार को बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जो अपराध की बात करते हैं, पहले उन्हें अपनी सरकार के रिकॉर्ड को देखना चाहिए। जीतन राम मांझी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, तेजस्वी यादव को साल 2005 से पहले का आंकड़ा निकलवाना चाहिए। जब उनके माता-पिता राज्य के मुख्यमंत्री थे, उसके बाद उन्हें आज की बात करनी चाहिए। उस समय मुख्यमंत्री आवास में अपराधियों के साथ समझौता होता था। लेकिन, अपराध होता भी है तो उन पर सबसे पहले कार्रवाई होती है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बंगाल में रेप की घटना के बाद विधानसभा में पारित किए गए कानून पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "बंगाल सरकार ने बिल लाकर एक दिखावा किया है। ममता बनर्जी को तो अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मैंने बार-बार कहा है कि एक महिला के साथ दुराचार हुआ है।



## गोरखपुर में महिला योगासन लीग का हुआ भव्य समापन समारोह

एजेंसी

**गोरखपुर ।** खेलो इंडिया नॉर्थ जोन अस्मिता महिला योगासन लीग 2024 का भव्य समापन दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोरखपुर में दो वर्गों—12 से 18 वर्ष एवं 18 से 55 वर्ष के आयु वर्ग में सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जयदीप आर्य ने करो योग, रहो निरोग के माध्यम से प्रतिदिन योगासन और प्राणायाम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राओं ने नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोरखपुर में आयोजित नॉर्थ जोन के नौ राज्यों—उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख—के लगभग 400 महिला योगासन खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पांच प्रकार के इवेंट्स—ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक पेयर, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर, और आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट्स—में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डीपीएस गोरखपुर के प्रो वाइस चेयरमैन विशाल सिंह, प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा एवं विद्यालय की पूरी टीम के सहयोग से किया। आज के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।






# सचिन खिलारी ने पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में जीता रजत

**एजेंसी। पेरिस**

पैरा-एथलीट सचिन खिलारी ने बुधवार को चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 फाइनल में रजत पदक जीता। सचिन ने 16.32 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जो क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ (एबी) भी है। हालांकि, भारतीय एथलीट 0.6 मीटर से चूकने के कारण शीर्ष स्थान से चूक गए।

कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, यह उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ (एसबी) प्रदर्शन भी था। इस बीच, क्रोएशिया के लुका बाकोविक ने 16.27 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। हांग्जो में पिछले एशियाई पैरा खेलों में, सचिन ने स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2023 और 2024 संस्करणों में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय पैरा-एथलीटों ने तीन वर्ष पहले टोक्यो पैरालंपिक खेलों में जीते गए 19 पदकों के अपने सर्वोच्च स्तर को पार करते हुए पेरिस में इतिहास रच दिया है। भारत ने अब तक 21 पदक जीत लिया है, जिसमें 3 स्वर्ण, 8 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। टोक्यो संस्करण (24 अगस्त - 5 सितंबर, 2021) में भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य सहित 19 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## पेरिस पैरालिंपिक: भाविनाबेन पटेल टेबल टेनिस महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हारीं



**नई दिल्ली। पेरिस**

टोक्यो पैरालिंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय पैरा-पैडलर भाविनाबेन पटेल को बुधवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोउ यिंग के खिलाफ एक करीबी मुकाबले वाले क्वार्टर फाइनल मैच में, पटेल अंततः 12-14, 9-11, 11-8, 6-11 के स्कोर से हार गईं।

पहले गेम ने मैच की दिशा तय कर दी, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी। पटेल ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन यिंग का कौशल अंतर साबित हुआ, चीनी पैडलर ने पहला सेट 14-12 से जीत लिया।

यिंग ने दूसरे गेम में भी अपनी गति बनाए रखी, खेल पर हावी रही और 11-9 से आरामदायक जीत हासिल की। एलिमिनेशन का सामना करते हुए, पटेल ने तीसरे गेम में वापसी की और, इसे 11-8 से जीता, जिससे मैच निर्णायक चौथे गेम में चला गया।

चौथे गेम में एक आशाजनक शुरूआत के बावजूद, पटेल अपनी गति को बनाए रखने में असमर्थ रहीं। यिंग ने नियंत्रण हासिल किया और 6-11 की जीत के साथ मैच को समाप्त कर दिया, जिससे पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतने की पटेल की उम्मीदें खत्म हो गईं।

## भारत

**भारत के पास अब कुल 21 पदक हैं, जो टोक्यो पैरा खेलों में जीते गए पदकों से दो ज्यादा हैं। भारत के पास इस समय तीन स्वर्ण, आठ रजत और दस कांस्य पदक हैं, जिससे वह पदक तालिका में 19वें स्थान पर है।**

## राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बन सकते हैं द्रविड़



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ बतौर मुख्य कोच जुड़ सकते हैं। इस साल जून में बारबाडोस में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का कोचिंग कार्यकाल भी सफल रहा है। उनकी देखरेख में ही भारत ने टी-20 विश्व कप 2024 जीता था। इसी के साथ टीम इंडिया के साथ उनके कोचिंग कार्यकाल का अंत यादगार रहा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और बड़ी नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन पर भी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी चर्चा हो चुकी है। टीम के मौजूदा कप्तान संजू सैमसन का द्रविड़ के साथ लम्बे समय से पेशेवर रिश्ता रहा है। सैमसन का शुरूआती करियर द्रविड़ की ही देखरेख में उभरा था। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, द्रविड़ ने 2014 और 2015 के आईपीएल सत्रों में टीम के मेंटॉर के रूप में काम किया। इससे पहले कि वह 2019 में एनसीए के निदेशक बनने तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ वही भूमिका निभाते रहे। राजस्थान के साथ द्रविड़ का पुराना संबंध रहा है।

# दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत 19 सितंबर से होगी। बांग्लादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है। यह घोषणा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होने की संभावना है, जो 5 से 8 सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में प्रस्तावित है। दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, मुकेश कुमार, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और केएस भरत समेत अन्य खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। इनके अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में आने की अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इनमें देवदत्त पड़िक्कल, रजत पाटीदार, यश दयाल, बी साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ भारत दो मैचों के साथ,अपने लंबे टेस्ट सीजन की शुरूआत करने के लिए तैयार है, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी ) 2023-25 का हिस्सा है। चेन्नई में पहला टेस्ट होगा जबकि कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा।



### दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में ईशान किशन का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईशान किशन का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्होंने एक हैमस्ट्रिंग इंज्यूरी के बारे में चयनकताओं और प्रबंधन को सूचित किया है। इस महीने की शुरूआत में वह बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान झारखंड की तरफ से खेल रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह चोट शायद उसी टूनामेंट के दौरान उन्हें लगी थी। दलीप ट्रॉफी में किशन को इंडिया डी में रखा गया है, जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। फिलहाल के लिए इंडिया डी ने किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है।

## आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम



**रोहित शर्मा**
**751 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर अपना कब्जा बनाए हुए हैं**

**विराट कोहली**
**737 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर हैं।**

**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी ने अपनी नई टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ने अपनी बढ़त मजबूत की। श्रीलंका के खिलाफ रूट ने लॉर्ड्स में 143 और 103 रन की शतकीय पारियां खेली। इस तरह उन्होंने बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन पर 63 अंकों की बढ़त हासिल की। रूट के अब 922 रेटिंग पॉइंट हैं, जो उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर 923 पॉइंट से सिर्फ एक कम है। वहीं रोहित शर्मा, उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली की भारतीय तिकड़ी टॉप-10 में शामिल है। वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप टेन से बाहर हो गए हैं।

## मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हारी बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

स्टार भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार एल्डिला सुत्जियादी को चल रहे यूएस ओपन 2024 टेनिस मिश्रित युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में इंडो-इंडोनेशियाई जोड़ी को अमेरिकी जोड़ी ने 6-3, 6-4 से हरा दिया। मैच 55 मिनट तक चला। अमेरिकियों ने बोपन्ना-सुत्जियादी के खिलाफ मजबूत शुरूआत की और पहले सेट के पहले तीन गेम जीते। इंडो-इंडोनेशियाई जोड़ी ने अपनी लय हासिल की और सेट को 3-3 से बराबर कर दिया। हालांकि, इसके बाद अमेरिकी जोड़ी ने बोपन्ना और उनके जोड़ीदार को कोई मौका नहीं दिया और पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।दूसरा सेट बराबरी से शुरू हुआ, हालांकि इंडो-इंडोनेशियाई जोड़ी पांचवें गेम में लड़खड़ा गई, जिससे एक महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट मिल गया। इसके बाद अमेरिकी जोड़ी ने अपने सभी सर्विस गेम बरकरार रखते हुए सेट 6-4 से जीत लिया और फाइनल में जगह बना ली। फाइनल मैच में टाउनसेंड-यंग का मुकाबला इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावस्सोरी से होगा। यूएस ओपन 2024 से बोपन्ना के बाहर होने के बाद, साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम में भारत का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया।

## ग्लोबल शतरंज लीग का नया प्रारूप अधिक दर्शकों को आकर्षित करेगा : विदित गुजराती

**दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जायेगा**



**एजेंसी। लंदन**

शतरंज में भारत तेजी से कदम बढ़ा रहा है। युवा से लेकर अनुभव तक इस खेल में भारत के पास वैश्विक मंच पर कई मजबूत दावेदार हैं। उनसे से ही एक भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, जो ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हुए हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन के फ्रेंड्स हाउस में आयोजित किया जाएगा। विदित अपने प्रदर्शन में सुधार करके अपनी टीम को इस टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। 29 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा, ''पहले सीजन में मुम्बा मास्टर्स ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन अल्पाइन एसजी पाइपर्स पर रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। निश्चित रूप से, इस साल हमारी नजर ट्रॉफी पर है। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहता हूं। मुम्बा मास्टर्स ने पहले सीजन की अपनी अधिकांश टीम को बरकरार रखा है, जिसमें मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव आइकन खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं।

### उत्तर प्रदेश में बनेंगे 18 फुटबॉल स्टेडियम और 827 फुटबॉल मैदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के 18 कमिश्नरेट में 18 फुटबॉल स्टेडियम बनाने की योजना की घोषणा की है। इस खूबसूरत खेल को और बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्याप्त फुटबॉल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में हर ब्लॉक में 827 फुटबॉल मैदान भी तैयार किए जाएंगे जिससे अधिक टूर्नामेंटों की मेजबानी को बढ़ावा मिलेगा। यह लखनऊ शहर के हर फुटबॉल प्रेमी के लिए बहुत खुशी की बात है।' सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने लखनऊ में अपनी पहली कोलकाता डर्बी की मेजबानी की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा 750 करोड़ रुपये का 'एग्रीश्योर फंड'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से 'एग्रीश्योर फंड' लॉन्च किया गया है। इस फंड का कैपिटल पूल 750 करोड़ रुपये का होगा और इससे कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एग्रीश्योर फंड को कृषि और ग्रामीण स्टार्टअप इकोसिस्टम में वृद्धि और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस फंड का साइज 750 करोड़ रुपये का है। यह सेबी के पास कैटेगरी-क्क के तहत पंजीकृत है। इस फंड को बनाने में सरकार ने 250 करोड़ रुपये, नाबार्ड ने 250 करोड़ रुपये और बैंकों एवं इंश्योरेंस कंपनियों ने 250 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एग्रीश्योर फंड सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत के प्रत्येक किसान को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता मिले। उन्होंने आगे कहा कि किसानों के समृद्ध होने से ही देश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी। हमारा विजन हर किसान को सशक्त बनाना है। एग्रीश्योर फंड कृषि क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस इवेंट में 6 लाख रुपये के प्राइज पूल वाले एग्रीश्योर ग्रीनथॉन अवॉर्ड भी दिए गए। इसमें अवॉर्ड के लिए ऐसे इनोवेटिव स्टार्टअप को चुना गया था, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में विभिन्न चरणों पर वैल्यू एडिशन किया। कुल 10 फाइनलिस्टों में से शीर्ष तीन स्टार्टअप, ग्रीनसेपियो, क्रुशिकंती और एम्ब्रोनिक्स, को क्रमशः विजेता, उपविजेता और दूसरे उपविजेता के रूप में चुना गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की काफी आवश्यकता है।



### तमिलनाडु में अब तैयार होंगे नौकरी के अवसर

## सीएम स्टालिन ने 200 करोड़ के समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन निवेश हासिल करने के लिए इन दिनों विदेश यात्रा पर हैं। उन्होंने शिकागो में 200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

सीएम स्टालिन ने बुधवार को अपने एक्स अकाउंट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, शिकागो में एक और लाभकारी दिन। चेन्नई में 200 करोड़ के अनुसंधान, विकास और इंजीनियरिंग केंद्र के विस्तार के लिए ईटन के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। इससे 500 नौकरियों के अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बताया कि भारत में एश्योरेंट का पहला ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर भी लाने की तैयारी है। जो जल्द ही चेन्नई में आने वाला है। इससे पहले उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹सैन फ्रांसिस्को में एक और सफल दिन। हमने चेंगलपट्टू जिले में ओहमियम से 400 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया है, जिससे 500 नौकरियां पैदा होंगी।यह हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने तथा इसके बेहतरीन भविष्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शनिवार को उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि 2 मिलियन युवाओं को एआई के क्षेत्र में कौशल प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब स्थापित करने के लिए गूगल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।




## देश में बीते 3 वर्ष में पांच गुना हुई फिनटेक स्टार्टअप की संख्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की फिनटेक इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 26 फिनटेक यूनिकॉर्न हैं। इनकी संयुक्त मार्केट वैल्यू 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

जेएम फाइनेंसियल की एक रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में फिनटेक स्टार्टअप की संख्या पांच गुना बढ़कर 10,200 (2024) हो गई है।

वहीं, 2021 में यह आंकड़ा 2,100 था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एक डेकाकॉर्न फिनटेक (10 अरब डॉलर से अधिक की वैल्यूएशन) है। वहीं, 25 यूनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से लेकर 10 अरब डॉलर के बीच है। 37 मिनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन 100 मिलियन डॉलर से लेकर 1 अरब डॉलर है। इसके अलावा देश में 87 सूनीकॉर्न फिनटेक स्टार्टअप हैं, जिनकी वैल्यूएशन 60 मिलियन से लेकर 100 मिलियन डॉलर के बीच है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सभी फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब है।

वित्त वर्ष 23 में इन सभी कंपनियों की अनुमानित आय 20 अरब डॉलर के आसपास थी। यह देश में मौजूद सभी बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कंपनियों की कुल आय का 5 प्रतिशत था।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की फिनटेक इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फंडिंग पेमेंट और लैंडिंग कंपनियों को मिल रही है। फिनटेक इंडस्ट्री द्वारा जुटाई गई कुल फंडिंग का 85 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों द्वारा जुटाया गया है। 2014 से 2023 के बीच भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने 1,486 डील में कुल 28 अरब डॉलर जुटाए हैं।

## दस गीगावाट एसीसी बैटरी इकाई के लिए रिलायंस को मिला ठेका

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को पीएलआई योजना के तहत 10 गीगावाट घंटा एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज प्लांट का ठेका मिला है। सरकार ने गुणवत्ता और लागत आधारित चयन (क्यूसीबीएस) प्रणाली के आधार पर पीएलआई योजना के तहत आरआईएल को 10 गीगावाट घंटा एसीसी क्षमता की बैटरी इकाई का ठेका दिया है। इससे आरआईएल को एसीसी बैटरी बनाने के लिए 3,620 करोड़ रुपये की छूट मिली है। भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि रिलायंस इंडस?ट्रीज लिमिटेड को पीएलआई योजना के तहत 10 गीगावाट घंटा एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज प्लांट का ठेका मिला है। एमएचआई ने एसीसी बैटरी स्टोरेज के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए आरआईएल को सफल बोलीदाता घोषित किया है। इसके तहत आरआईएल को क्यूसीबीएस तंत्र पर आधारित पीएलआई योजना के तहत 10 गीगावॉट एसीसी क्षमता प्रदान की गई है। मंत्रालय ने बताया कि एसीसी बैटरियां ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी की एक नई पीढ़ी हैं जो विद्युत ऊर्जा को संग्रहीत और परिवर्तित कर सकती हैं। इनका उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जाता है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और पावर बैकअप शामिल हैं।

### लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और अमेरिकी बाजार में नरमी की आशंका को लेकर घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन लाल निशान पर बंद हुआ। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 202 अंक तक टूटा और एनएसई के निफ्टी पर भी 14 दिनों से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 81 अंक तक लुढ़क गया। कारोबार के अंत में बॉम्बेज स्टॉकक एक्स चेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 202.80 अंक यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 82,352.64 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉ.क एक्सीचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 81.15 अंक यानी 0.32 फीसदी लुढ़कर 25,198.70 अंक पर बंद हुआ।

## अदाणी एंटरप्राइजेज का पहला रिटेल एनसीडी खुला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का पहला रिटेल एनसीडी (नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर) का सब्सक्रिप्शन बुधवार से आम निवेशकों के लिए खुल गया है।

एईएल की योजना इस रिटेल एनसीडी के जरिए 800 करोड़ रुपये की राशि जुटाना है। अदाणी एंटरप्राइजेज इस इश्यू के तहत 1,000 रुपये की फेस वैल्यू वाले 80 लाख नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स जारी करेगी।

### मिल रहा 9.9 प्रतिशत का ब्याज

इस इश्यू का बेस साइज 400 करोड़ रुपये का है। इसमें 400 करोड़ रुपये का ग्रीन शू ऑप्शन या ओवर सब्सक्रिप्शन भी है। इस तरह अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी के कुल रिटेल एनसीडी इश्यू का आकार 800 करोड़ रुपये है। एईएल के रिटेल एनसीडी को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयर से ए+ की पॉजिटिव रेटिंग मिली है। कंपनी इस बॉन्ड पर सालाना 9.90 प्रतिशत का ब्याज निवेशकों को देगी। एनसीडी की मैच्योरिटी अवधि 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की है।

### लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नेत्रदान पर सेमिनार

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली नेत्रदान के लिए किया प्रोत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नेत्रदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। बताते चलें कि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पीछले माह 25 अगस्त से शुरू हुआ नेत्रदान पखवाड़ा आगामी आठ सितंबर तक चलेगा। बुधवार को सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरूआत कॉलेज परिसर से हुआ। रैली में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिस पर नेत्रदान महादान,आंखें अनमोल है। आदि स्लोगन लिखा था। सेमिनार में कुलपति डॉ. कल्याण कुमार ने छात्र-छात्राओं को नेत्र दान के महत्त्व को समझाते हुए बताया कि मृत्यु के बाद नेत्र दान किया जा सकता है। उन्होंने नेत्र दान की प्रक्रिया को भी समझाया। कहा कि नेत्रदान एक महायज्ञ है और इस यज्ञ में आहुति मरणोपरांत हीं दी जाती है, लेकिन इसका प्रबंध आज और अभी नेत्रदान संबंधी फॉर्म भर कर किया जा सकता है। नेत्रदान कोई स्वस्थ व्यक्ति ही कर सकता है। नेत्रदान जैसा पुनीत कार्य द्वारा एक दूसरे व्यक्ति को भी सुंदर संसार देखने का मौका प्रदान कर सकते हैं। निधन के बाद भी आपकी आंखे जिंदा रह सकतीं हैं। प्राचार्य डॉ. विवेक कश्यप ने कहा कि सभी को मरणोपरांत नेत्र दान हेतु संकल्प पत्र भरना चाहिए ताकि, उनके बाद कोई नेत्रहीन व्यक्ति उनकी आंखों से इस खुबसूरत दुनिया को देख सके। उन्होने कहा कि सेमिनार में नेत्र दान महादान का महत्व बताना व नेत्र दान के लिए लोगों को जागरूक करना है। उन्होनें बताया कि अस्पताल में सभी नेत्र रोगों की जांच व उपचार अनुभवी व नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपलब्ध हैं। मौके पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नेत्र रोग प्रमुख प्रो.डॉ. राजीव कुमार गुप्ता,डॉ, श्रावंती सहित मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सरकार घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने का कर रही है काम : बीडीओ

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के गिद्धौर पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, बीडीओ राहुल देव,झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप दिप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सभी विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते बीडीओ ने कहा कि सरकार घर-घर जाकर अपने योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। सरकार गरीब मजदूर किसान के हित के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वही मुखिया ने भी लोगों को संबोधित किया और सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई के तहत साइकिल रैली

**चतरा।** केन्द्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत इस वर्ष भी 1 से 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह के थीम अनिमिया, वृद्धि निगरानी, उपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर साईकल रैली का अयोजन किया गया। साईकल रैली आयोजन के पूर्व पोषण अभियान अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान के पश्चात साईकल रैली को अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त साईकल रैली समाहरणालय परिसर से केशरी चौक होते हुए चतरा सदर प्रखंड परिसर तक निकली गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ग्रामीण एवं

## न्यूज बॉक्स

### फरार मैनेजर के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चतरा पुलिस की सहायता से चतरा के अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पां किया है। बालूमाथ थाना में दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा पिता-प्रभात मिश्रा बुचीडारी छठ तालाब रोड चतरा के घर पर चतरा पुलिस के सहयोग से इश्तिहार चिपकाया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में पदास्थापित एएसआई संजय चौधरी ने बताया कि भारत फाइनेंस इनक्लूजर कंपनी के ऋणधारक महिला समूह से लिया पैसा लगभग 17 लाख गबन करने का अभिषेक आरोपी है। न्यायालय द्वारा इश्तेहार जारी किया गया है। अगर अभिषेक मिश्रा एक माह के अंदर सरेंडर व न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा। मौके पर एएसआई संजय चौधरी सहित सशस्त्र पुलिस बल के साथ साथ चतरा पुलिस मौजूद थी।

### शिविर के माध्यम से लाभुकों के बीच धोती साड़ी का किया वितरण

**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन बुधवार को पेटादेरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ डीएलएओ वैभव कुमार सिंह,बीडीओ मनीष कुमार,पंचायत समिति सदस्य पूजा कुमारी,उप मुखिया खुशबु कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में पंचायत क्षेत्र से काफी संख्या में जरूरत मंद महिला व पुरुष शामिल हुए।शिविर में पहुचाने वाले लोगों को परेशानी ना हो इसे लेकर डीएलएओ वैभव कुमार सिंह ने विभाग वार लगाए गए स्टॉल का निरिक्षण कर संबंधित विभागों के कर्मियों को शिविर में आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।ताकि अधिक से अधिक आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जा सके। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों में 1228 आवेदन प्राप्त हुआ।जिसमें से लगभग 556 आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया।जिसमें सार्वजन पेंशन योजना 68,साइकिल वितरण 24,जॉब कार्ड 10,धोती साड़ी 60 के अलावा स्वास्थ्य जांच,पशु दवा, जाति प्रमाण पत्र का वितरण लाभुकों के बीच डीएलएओ ने किया।इस मौके पर डीएलएओ ने पंचायत वार आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील लोगों से किया। ताकि शिविर के माध्यम

## किसानों को मिली खरीफ फसल की बुआई व कटाई की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार में संचालित प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला में क्षेत्र के किसानों ने जागरुकता व सहभगिता निभाया है। इसमें किसानों को धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना व सोयाबीन की खेती व उपज के संबध में विस्तृत जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने दी। इसमें उपस्थित प्रगतिशील किसान सह सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, व उपाध्यक्ष संजय सिंह, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एटीएम परवीन जहां, किसान मित्र कुणाल सिंह, रामसुंदर मेहता, संजय मेहता, अभय सिंह, विजय सिंह, जनसेवक जयप्रकाश राम आदि ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की बुआई प्रतिवर्ष जून - जुलाई माह में किये जाने के बाद इसकी कटाई का काम अक्टूबर माह तक कर लिया जाता है। किसानों के हित में समय समय पर खेती के साथ उपज के लिये आवश्वयक खाद, बीज, दवा के छिड़काव संबधित समुचित जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस फसल की अच्छी उपज के लिये अधिक तापमान के साथ आर्द्रता की जरुरत होती है। फसलों की वृद्धि व पैदावार वर्षा पर निर्भर करती है। इसकी बुआई से पूर्व यह देखना जरुरी होगा कि जलोढ़ मिट्टी है कि नहीं।

### जेएमएम जिला अध्यक्ष ने उत्पाद सिपाही दौड़ में मृतक के परिजनों से की मुलाकात, कहा-

# युवाओं की आकस्मिक मृत्यु बहुत ही पीड़ा दायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** उत्पाद सिपाही दौड़ में युवाओं की हो रही आकस्मिक मौत को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर दिख रहे हैं। ज्ञात हो कि पलामू में बहाली के दौरान दो प्रतिभागियों की मृत्यु हो गई है। छतरपुर प्रखंड के कउवल ग्राम के गिरजा राम के पुत्र अरुण कुमार एवं पांडू प्रखंड के मुरमा कला के दीपक कुमार पासवान की मृत्यु उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान हो गई थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल मृतक अरुण कुमार के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि युवाओं की आकस्मिक मृत्यु बहुत ही पीड़ा दायक है। पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार मर्माहत है। ईश्वर इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार को दुख को सहने की ताकत दे। दोनों युवाओं के परिवार की स्थिति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा। सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद दिलाने की बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा मृतक के परिजनों के साथ है। उन्हें जब भी आवश्यकता हो निसंकोच हमसे या पार्टी के किसी नेता से मिल सकते हैं और उनकी जो भी समस्याएं होंगी उन्हें अतिशीघ्र दूर करने की कोशिश की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, जिला सचिव सन्नू सिद्दकी, जिला उपाध्यक्ष कमाल खान, महानगर अध्यक्ष फंटूश जायसवाल, वरीय नेता अविनाश देव, हाजी ललन, अखिलेश सिंह, युवा जिला अध्यक्ष सनी कुमार शुक्ला, देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष बब्लू चौधरी, छोटू त्रिपाठी, अरविंद चौधरी, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष उदय पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फरार मैनेजर के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चतरा पुलिस की सहायता से चतरा के अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पां किया है। बालूमाथ थाना में दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा पिता-प्रभात मिश्रा बुचीडारी छठ तालाब रोड चतरा के घर पर चतरा पुलिस के सहयोग से इश्तिहार चिपकाया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में पदास्थापित एएसआई संजय चौधरी ने बताया कि भारत फाइनेंस इनक्लूजर कंपनी के ऋणधारक महिला समूह से लिया पैसा लगभग 17 लाख गबन करने का अभिषेक आरोपी है। न्यायालय द्वारा इश्तेहार जारी किया गया है। अगर अभिषेक मिश्रा एक माह के अंदर सरेंडर व न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

## छात्रा ने सेविका पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पंचायत के टोला लोहरसिमी निवासी सुहानी कुमारी ने गांव के ही आंगनबाड़ी सेविका किरण देवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपायुक्त व ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया।सुहानी कुमारी ने बताया कि लोहरसिमि आंगनबाड़ी सेविका किरण देवी ने सावित्री बाई फूले समृद्धि योजना का फॉर्म जमा करने में हम से प्रति फॉर्म पर तीन सौ रुपया व हमारी छोटी बहन अनुष्का कुमारी से मांग किया और पैसा नहीं देने पर हमारा फॉर्म जमा नहीं करने का धमकी देने लगीं जिसे देखते हुए हमने लिखित आवेदन वरीय अधिकारी को देने का निर्णय लिया और बुधवार को उपायुक्त व ज़िला समाज कल्याण अधिकारी से मिलकर लिखित आवेदन दिया जिसपर उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन मिला है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. दुर्गानंद झा ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में छात्राओं को पढ़ाई हिंदी व्याकरण

# छात्र-छात्राओं को नियमित होमवर्क दें शिक्षक : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने में शिक्षकों के साथ पदाधिकारी भी जुट जाएं तो फिर पठन-पाठन का स्तर अपग्रेड होने से कोई नहीं रोक सकता है। जिले में भी कई ऐसे अधिकारी हैं, जो शैक्षणिक स्तर को सुधारने में लगे हुए हैं। इनमें एक नाम जिले के डीईओ डॉ. दुर्गानंद झा का भी है, जो निरंतर विद्यालय में निरीक्षण के दौरान कक्षा का संचालन करते हैं। बुधवार को वे बालिका सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कक्षा 6 की छात्राओं को व्याकरण की विशेषता बताई। उन्होंने स्वर और व्यंजन से लेकर कई विषयों को पढ़ाने का काम किया। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विलोम, पर्यायवाची और संधि विच्छेद के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से कई प्रश्न भी पूछे। दसवीं का छात्र सत्कार और सज्जन का विलोम नहीं बता सका। वहीं स्वागत का संधि विच्छेद कर दिखाए। डीईओ ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को होमवर्क दें। उसे नियमित चेक करें। यह काम शिक्षक नियमित करें। इसके अच्छे और सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। जो स्कूल में शैक्षिक माहौल को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल का मुकाबला प्राइवेट शैक्षिक संस्थान से है। ऐसे में शिक्षकों को कठिन परिश्रम करने की जरूरत है। मौके पर डीएसई संदीप कुमार व स्कूल के प्राचार्य रोहित तिवारी मौजूद थे।

## अलौदीया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के अलौदिया पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ चंदन प्रसाद, उपप्रमुख आश्विनी कुमार मिश्र, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने मुख्यमंत्री मंइंया सम्मान योजना,अबुवा आवास योजना,सावित्री भाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, साइकल वितरण योजना,पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व चेक वितरण किया। साथ ही पंचायत के लाभुको के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया। इस दौरान बीडीओ चंदन प्रसाद ने आमजनों के बीच संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की व योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। वहीं शिविर में प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र,अबुआ आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना,कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे। स्टाल के माध्यम से लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली व लाभ को लेकर आवेदन भी दिया। शिविर का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने किया। मौके पर प्रभारी सीआई महेश सिंह, पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक रितेश कुमार, कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, रोहित मेहता, महेंद्र प्रसाद, रामकृष्ण मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन चला वाहन जांच अभियान

**बालूमाथ।** जिला परिवहन विभाग ने बालूमाथ मुख्य मार्ग स्थित मकईया ताड़ एवं झारखंड ढाबा के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान छोटी-बड़ी वहनों को रोक उनके कागजात की जांच की गई। मोटरसाइकिल चालक जो हेलमेट नहीं लगाए हुए थे उनको हेलमेट लगाने का नसीहत देते हुए ऑनलाइन चालान काटा गया। इस विषय में परिवहन विभाग के कर्मी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जिले के उपायुक्त के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पालन कराने के उद्देश्य से यह वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में इजाफा न हो। इस दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन में 1 लाख 20 हजार रुपए की राजस्व का वसूली की गई।

### शिक्षक का काम सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही नहीं

# बच्चों को अनुशासित व संस्कारिक बनाना भी है : सोमा खंडैत



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पंडित विंदेश्वर पांडेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय व निदेशक राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा देश के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते उन्हें नमन किया गया। सोमा खंडैत ने कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही नही बल्कि उन्हें अनुशासित व संस्कारिक बनाना भी होता है। बच्चों को व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान देना भी होता है। उन्होंने कहा कि आज रचनात्मकता के साथ शिक्षा जरूरी है। बच्चे उसे कितना अपने व्यवहार में लाते हैं,इस पर भी विद्यालय प्रबंधन,शिक्षकों व अभिभावकों को नजर रखना होगा। रामचंद्र यादव ने कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक का महत्व ज्यादा है। बतौर शिक्षक सभी को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा,तभी सभी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि दुनिया में गुरु से बड़ा कोई नही है। इसलिए शिष्यों को गुरु का आदर करते हुए अनुशासन में रहना चाहिए। उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षकों - शिक्षिकाओं व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया.मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, शिक्षिका पम्मी कुमारी, संध्या कुमारी, अदिति, पल्लवी, सबूना बानो, मोनू कुमार, मेघा कुमारी, सरीता कुमारी, सुशांत कुमार, रूद्र नारायण, ब्रजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**चंदवा।** नागरिकों के शिकायत का तुरंत एवं प्रभावी निराकरण हेतु झारखंड पुलिस के द्वारा एक अनोखी पहल की शुरूआत की जा रही है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के आदेश के आलोक में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में जिले के सभी थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगी जिसमे आम लोगों की फरियाद को प्रशासन सुनेगी व त्वरित समाधान भी निकलेगा। शनिवार 7 सितंबर को सुबह 11 बजे से चंदवा थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर चंदवा पुलिस के द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा चंदवा शहर के विभिन्न चौक चौराहा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है व कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं को रखने की भी अपील की जा रही है।

## अंतिम संस्कार कराने गए युवक का नहाने के दौरान तालाब में डूबने से मौत

**मयूरहंड (चतरा)।** अम्बातरी गांव के अर्जुन सिंह की मौत मंगवार के बाद अंतिम संस्कार श्मशान घाट में करने गए गांव वालों के साथ एक युवक की तालाब में डूबने से हो गई है। मृतक युवक भी गया हुआ था। मृतक की पहचान रंजीत कुमार के 24 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के रूप में हुई है। डाक विभाग में नौकरी करता था। रांची से अंतिम कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचा था। बताया जाता है कि अंतिम संस्कार होने के बाद मृतक गांव के एक युवक के साथ तालाब में नहाने लगा,और गहरा पानी होने के कारण तालाब में डूब गया। साथ नहाने वाला युवक मृतक को डूबता देख हल्ला किया। जिसके बाद गांव के लोग युवक को काफी मश्कत के बाद बाहर निकाल। स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी ले गए। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मयूरहंड थाना को सूचना दी गई सूचना पाकर अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

## पेज एक का शेष

**ऐसा टीका लगवाया...**

इसे लेकर भाजपा हेमंत सोरेन सरकार पर हमलावर है। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने 2 सितंबर को रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन मौतों के लिए हेमंत सोरेन सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के करीब एक घंटे बाद ही सीएम हेमंत सोरेन ने कांस्टेबल बहाली के लिए दौड़ को तीन दिनों तक स्थगित करने की घोषणा की थी। उन्होंने मौत के कारणों व बहाली नियमावली की समीक्षा की भी बात कही थी।

**एफसीआई गोदाम संचालक...**

इसमें जेएसएफसी (झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन) के कुछ अफसरों की भी मिलीभगत की आशंका है। एफसीआई ने सरिया में दस हजार टन क्षमता का गोदाम शास्त्रीनगर, गिरिडीह में रहने वाले रामजी पांडे से किराये पर लिया था। इसके संचालन की जिम्मेदारी भी उन्हें ही दी गई थी।

**शिबू और हेमंत...**

तब तक हजारों लोगो ने उसको देखा और वायरल किया और इससे भाजपा और झारखंड के मान सम्मान को ठेस पहुंची। जब फोटो की पड़ताल की गयी तो पता चला की यह फोटो महाराष्ट्र का है जब मराठा आंदोलन के दौरान नांदेड एक्सप्रेस वे पर आंदोलनकारियों और पुलिस में भिडंत हुई थी। यह फोटो झामुमो की ओर से जान-बूझकर पुलिस को उकसाने के लिए पोस्ट किया गया और हुआ भी वही। कुछ पुलिसवालों ने उस फोटो के कारण और कुछ सरकार के आदेश पर भाजपा कार्यकर्ता को खूब पिटा। उस समय दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती हुए थे। किसी राजनीतिक पार्टी की अधिकारिक वेब साइट सीधे सीधे प्रदेश अध्यक्ष और कार्य कारी अध्यक्ष के कमान में रहती है और अध्यक्ष और कार्य कारी अध्यक्ष के आदेश पर सोशल मीडिया प्रभारी और आई टी सेल प्रभारी पोस्ट को अपलोड करते हैं। इससे आहत होकर एस सी मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संतोष कुमार राम ने आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल मे संतोष राम और सुबोध कांत शामिल थे।

**देश में और...**

राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में मंत्री की ओर से कहा गया कि सरकार भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ से सड़कों को बचाने के लिए लागत प्रभावी स्थायी समाधान की जरूरत है। सरकार की ओर से काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सुरंग और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (डीपीआर) बनाने के लिए बनाए गए ज्वाइंट वेंचर में 51 प्रतिशत विदेशी हिस्सेदारी की अनुमति दी है। गडकरी ने कहा, हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक हो और लागत प्रभावी भी हो। सरकार का फोकस लगातार हाईवे नेटवर्क को मजबूत करना है। मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग का उद्घाटन किया था।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू...**

संबद्ध, संचालित व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और स्कूल प्रमुख पुरस्कार के लिए पात्र हैं। केन्द्र सरकार के स्कूल, यानी केन्द्रीय विद्यालय (केवी), जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी), रक्षा मंत्रालय (एमओडी) द्वारा संचालित सैनिक स्कूल, परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी (एईईएस) द्वारा संचालित स्कूल, और जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) से संबद्ध स्कूल भी इसके लिए मान्य हैं।

**सचिवालय सेवा के...**

और सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार की नीतियों के नियम एवं सदैव निष्ठा पूर्व सक्रिय रहता है। लंबे समय से लंबित अपनी उचित मांगों को लेकर हमेशा राज्य सरकार के समक्ष रखा गया है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई हैं। ऐसे में वह आंदोलन को मजबूर हैं।

**एनआईए की कार्रवाई...**

इनमें प्रतिबंधित संगठन के वे कार्यकताओं और समर्थक हैं, जिन्होंने इंडिया गेट रायनार के पास नारायणपुर-ओरछा मुख्य सड़क को विभिन्न हिस्सों को खोदकर, पेड़ों को काटकर और कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी चट्टानों को छोटे-छोटे टुकड़े करके अवरुद्ध कर दिया था। नाकाबंदी का उद्देश्य पुलिस दलों को मारना और उनके हथियार लूटना था। एनआईए की जांच के दौरान कुछ सीपीआई (माओवादी) समर्थकों व ओजीडब्ल्यू के नाम सामने आए थे। उन पर सीपीआई (माओवादी) के अग्रणी संगठन, माड़ बचाओ मंच के सदस्य होने का संदेह है। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपराध को अंजाम देने में सीपीआई (माओवादी) की सहायता की थी। ओरछा में माड़ बचाओ मंच का नेता लखमा राम उर्फ लखमा कोर्रम इस मामले में आरोप पत्रित माओवादी है। जांच से पता चला है कि माड़ बचाओ मंच मुठभेड़ों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करता है और उन्हें रसद सहायता प्रदान करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन के लिए नए शिविर स्थापित करने में मदद करता है। वे सीपीआई (माओवादी) विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए माड़ बचाओ मंच के बैनर तले विभिन्न बैठकें भी आयोजित करते हैं। फ्रंटल संगठन के सदस्य माओवादी कैडरों तक आवश्यक सामग्री आदि पहुंचाने का भी काम करते हैं। मामले में जांच जारी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# ब्रुनेई यात्रा से मजबूत संबंधों के नए युग की शुरूआत : पीएम मोदी

**एजेंसी। बंदर सेरी बेगवान (ब्रुनेई)**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि ब्रुनेई की उनकी दो दिवसीय यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की नई दिल्ली की इच्छा झलकती है और इससे 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इसके दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र की अपनी यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में सिंगापुर रवाना होने से पहले कहा, ब्रुनेई दारुस्सलाम की मेरी यात्रा फलदायी रही। इससे भारत-ब्रुनेई संबंधों के एक नए युग की शुरूआत हुई है। इससे पहले, भारत और ब्रुनेई ने बुधवार को प्रौद्योगिकी, वित्त, विनिर्माण और प्रसंस्करण के क्षेत्रों में अपनी-अपनी शक्तियों का लाभ उठाने का आह्वान किया। बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नूरुल ईमान में आयोजित व्यापक द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया की उपस्थिति में कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें उपग्रह और प्रक्षेपण वाहनों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर समझौता शामिल था। ब्रुनेई के सुल्तान द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक दिशा देने के लिए अपने संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक बातचीत की।

## सिंगापुर में पीएम मोदी का दिखा अलग अंदाज, बजाया ढोल

**नई दिल्ली।** ब्रुनेई दौरा पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सिंगापुर की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सिंगापुर होटल के बाहर अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में दिखाई दिए।



पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वो महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रियन धुन पर जमकर ढोल बजाया। इतना ही नहीं वो खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमते हुए भी दिखे। सिंगापुर के होटल के बाहर से पीएम मोदी का एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें एक महिला प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांध रही है। इसके अलावा पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में होड़ भी दिखाई दी।

## उ.कोरिया में बाढ़ रोकने में नाकाम अधिकारियों को फांसी का आदेश

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर तानाशाही फरमान जारी किया है। उन्होंने बाढ़ और भूस्खलन रोकने में नाकाम रहने वाले 30 अधिकारियों को फांसी देने का आदेश दिया है। देश में बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है। उत्तर कोरिया की सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, इससे पहले किम जोंग उन ने बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृत्यु दर में हुई बढ़ोत्तरी और 15 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने के बाद अधिकारियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया था।

## मिस्र और जॉर्डन ने हथियार तस्करी के दावे को किया खारिज

**काहिरा/अम्मान।** मिस्र ने इजरायल के उस दावे को खारिज कर दिया है कि उसके क्षेत्रों का इस्तेमाल गाजा पट्टी में हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता था। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, मिस्र इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों को पूरी तरह से खारिज करता है, जिसके जरिए उन्होंने इजरायली जनता का ध्यान भटकाने के लिए संघर्ष में मिस्र का नाम घसीटने की कोशिश की थी। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने गाजा युद्धविराम समझौते पर मध्यस्थता के प्रयासों को कमजोर करने के उद्देश्य से नेतन्याहू के दावे की निराधार आरोप के रूप में निंदा की।

## विभव को जमानत मिलने पर सुनीता केजरीवाल ने जाहिर की खुशी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने विभव कुमार को सशर्त जमानत दे दी। इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर खुशी जाहिर की, इस पर स्वाति मालीवाल का गुस्सा फूट पड़ा। सुनीता ने एक्स पर हंसने वाली इमोजी के साथ लिखा, सुकून भरा दिन। इस पर मालीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री की पत्नी, जो मेरी पिटाई के दौरान घर पे ही थीं, उनको बड़ा सुकून महसूस हो रहा है। सुकून इसलिए कि वो आदमी जिसने मुझे उनके घर में पीटा और अभद्रता की, वो शर्तिया बेल पर आया है।

## केंद्र ने राज्यों से डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को पत्र लिखकर डॉक्टरों और अन्य मेडिकल पेशेवरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10 सितंबर तक इस बारे में जवाब देने को कहा गया है। तीन सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा गया है कि 28 अगस्त को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डॉक्टरों और मेडिकल पेशेवरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के कई अहम पहलुओं पर चर्चा की गयी थी। इसमें राज्यों को मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा जांच संबंधी व्यवस्था और अन्य उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया था।

## उपराष्ट्रपति ने दिलाई राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सांसदों के रूप में शपथ दिलाई।



राज्यसभा सांसद की शपथ लेने वालों में कांग्रेस नेता व वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, भाजपा की किरण चौधरी, रामेश्वर तेली, जॉर्ज कुरियन व महाराष्ट्र के सांसद धैर्यशील मोहन पाटिल शामिल हैं। राज्यसभा की कुल 12 सीटों पर सांसद चुने गए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 9, सहयोगी दलों के दो और कांग्रेस का एक सांसद बना है। राज्यसभा में अभिषेक मनु सिंघवी के पहुंचने के साथ ही कांग्रेस के सांसदों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है, जबकि नेता विपक्ष का का पद हासिल करने के लिए 25 सीटों की जरूरत होती है।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल से भरा पर्चा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार गांदरबल विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



वहीं गांदरबल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के एक बागी समेत छह अन्य उम्मीदवार भी मैदान में उतरे हैं। श्रीनगर से गांदरबल तक उनके साथ कई वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पार्टी कार्यकर्ता भी थे। उमर अब्दुल्ला मध्य कश्मीर की बडगाम सीट से भी विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उमर अब्दुल्ला के प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में जम्मू-कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट (जेकेयूएम) के इश्फाक जब्बार और कांग्रेस के बागी नेता साहिल फारूक शामिल हैं।

## हमारा पहला कदम कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा : राहुल

**एजेंसी। रामबन**



जम्मू-कश्मीर के रामबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की जनता से स्टेटहुड वापस दिलाने का वादा किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहली बार हिंदुस्तान के एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों के अधिकार छीने गए। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वो राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर बाहर के लोगों को दे रहा है।'' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा, एक बात तो मान लीजिए कि यहां कांग्रेस पार्टी की अलायंस की सरकार आने वाली है। हमारा पहला काम सभी सरकारी रिक्तियों को भरना और आयु सीमा को 40 साल करना होगा। हम दैनिक वेतन भोगियों को नियमित और स्थायी करेंगे और उनकी आमदनी बढ़ाएंगे। बता दें कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीट पर चुनाव लड़ेगी। 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए 18 सितंबर, दूसरे चरण में 25 सितंबर और तीसरे चरण में 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे।

## मुश्किल में पूजा खेडकर, दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में पेश की स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली। पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किल बढ़ने वाली है। क्योंकि, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश की है। दावा किया जा रहा है कि इस रिपोर्ट में दिल्ली पुलिस ने बताया है कि पूजा खेडकर ने जो दिव्यांगता के दस्तावेज जमा कराए, वह जांच में फर्जी निकले हैं। बता दें कि सिविल सर्विस की परीक्षा के दौरान पूजा ने साल 2022 और 2023 में दो दिव्यांगता प्रमाण पत्र लगाए थे। बताया गया था कि यह प्रमाण पत्र उन्हें महाराष्ट्र के अहमदनगर चिकित्सा प्राधिकरण के द्वारा जारी किया गया था। अब दिल्ली पुलिस की जांच में चिकित्सा प्राधिकरण ने कहा है कि यह उनके द्वारा जारी नहीं किया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि उन्होंने अपने सिविल सर्जन कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है। इस दिव्यांगता प्रमाण को जारी करने वाले प्राधिकरण की तरफ से जवाब में यह भी कहा गया है कि विकलांगता प्रमाण पत्र के जाली और मनगढ़ंत होने की संभावना अधिक है। बता दें कि पूजा खेडकर पर ओबीसी आरक्षण और दिव्यांग कोटे का सहारा लेकर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने का आरोप है। आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में सभी कागजात भी फर्जी तरीके से बनवाए थे।



## एजुकेशन/करियर

# इंटीरियर डिजाइनिंग में बना सकते हैं अपना शानदार करियर

**रजनीश।** इंटीरियर डिजाइनर डेकोरेशन से जुड़ी सेवाएं प्रदान करते हैं जैसे मकान, इमारत, भवन आदि को एक खुबसूरत लुक देना, इंटीरियर डिज़ाइनर का प्रमुख काम होता है। इसके अलावा इंटीरियर डिज़ाइनर की डिमांड अब केवल बड़े शहरो तक सिमित नही रह गया है बल्कि छोटे शहरो, गांव आदि में भी इंटीरियर डिज़ाइनर का डिमांड बहुत अधिक हो गया है। आजकल हर छोटे-बड़े फंक्शन में इंटीरियर डिज़ाइनर से डेकोरेशन कराया जा रहा है। इंटीरियर डिजाइनर के प्राथमिक काम में योजना बनाना, नई डिज़ाइन की रुपरेखा तैयार करना और रिहायशी मकानों, व्यावसायिक व अन्य इमारतों की सजावट करना शामिल हैं। इंटीरियर डिज़ाइनर को कॉन्ट्रैक्टर, आर्किटेक्ट व इंजीनियर समेत अनेक अन्य पेशे के लोगों के साथ मिलकर काम करना होता है, ताकि वह यह सुनिश्चित कर सके कि डिज़ाइन बनाने का कार्य अच्छे तरीके से हो रहा है। इंटीरियर डिज़ाइनर अपने ग्राहकों को स्पेसिंग, ले आउट, फर्नीचर व कलर कॉम्बिनेशन समेत विभिन्न तरह के डिज़ाइन से जुड़ी सलाह देते हैं। इसके साथ ही डिज़ाइन को और बेहतर करने के संबंध में ग्राहक से निरंतर बातचीत करना व विचारों का आदान प्रदान करना भी इंटीरियर डिज़ाइनर के काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### इंटीरियर डिज़ाइनिंग कोर्सेज

इंटीरियर डिज़ाइनर कैसे बने ? इस पहेली की अगली कड़ी है इंटीरियर डिज़ाइनिंग कोर्सेज। इसलिए हमने आपके लिए कुछ ऐसे कोर्सेज की सूची तैयार की है, जो इस क्षेत्र में भारी महत्व रखते हैं-

- बैचलर ऑफ फ़ाइन आर्ट्स इन इंटीरियर डिज़ाइन
- बैचलर ऑफ अप्लाइड साइंस (इंटीरियर आर्किटेक्चर)
- बैचलर ऑफ इन्वायरमेंटल डिज़ाइन स्टडीज
- बैचलर ऑफ इंटीरियर डिज़ाइन (ऑनर्स) बीए (ऑनर्स) इंटीरियर एंड स्पेशल डिज़ाइन
- बी एससी (ऑनर्स) इंटीरियर आर्किटेक्चर एंड प्रॉपर्टी डवलपमेंट
- बैचलर ऑफ डिज़ाइन इन इंटीरियर आर्किटेक्चर (ऑनर्स)
- बैचलर ऑफ डिज़ाइन-इंटीरियर डिज़ाइन एंड इन्वायरमेंट्स
- बैचलर ऑफ साइंस इन होम फर्निशिंग मर्चन्डाइज़िंग
- बैचलर ऑफ बिल्ट इन्वायरमेंट (इंटीरियर आर्किटेक्चर)
- बी एससी (ऑनर्स) आर्किटेक्चरल टेक्नोलॉजी एंड डिज़ाइन
- ऑनर्स बैचलर ऑफ क्राफ्ट एंड डिज़ाइन (फर्नीचर)

### इंटीरियर डिज़ाइनिंग क्षेत्र में शीर्ष नौकरी

इस क्षेत्र में बेहतर अवसर पाने के लिए हर विद्यार्थी को अपना पोर्टफोलियो तैयार करना पड़ेगा। पोर्टफोलियो एक विद्यार्थी द्वारा अपनी पढ़ाई के दौरान किए गए कार्यों का संग्रह होता है। विद्यार्थी को फोटो, चित्र व डिज़ाइन लगाकर अपने पोर्टफोलियो को बेहद आकर्षक बनाना चाहिए। भारत में इंटीरियर डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में शीर्ष नौकरी प्रदाताओं का जिक्र नीचे किया गया है-

- 1. ला सोरोगीका
- 2. आमिर एंड हमीदा
- 3. डिजाइन क्यूब
- 4. राजा ऐडेरी
- 5. मॉर्फ डिज़ाइन
- 6. सेविओ एंड रूपा इंटीरियर कॉन्सेप्ट्स
- 7. मैप्स ऑफ इंडिया
- 8. द कारिघर्स
- 9. द ग्रिड
- 10. आर्किटेक्ट

### भारत में टॉप कॉलेज

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, अहमदाबाद
- पर्ल एकेडमी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़
- आर्च कॉलेज ऑफ डिज़ाइन एंड बिज़नेस, जयपुर
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, मुंबई
- हैम्सटेक इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव एजुकेशन, हैदराबाद
- लव ली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, पुणे
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइन, मुंबई



### करियर के अवसर

इस क्षेत्र में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद आप इंटीरियर डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में अपने लिए कैरियर के अवसर तलाश ना चाहेंगे। हमने ऐसे पदों की सूची तैयार की है जिन पर आपको पढ़ाई के बाद नौकरी मिल सकती है

- एक्स बिशन डिज़ाइनर
- ला इटिंग डिज़ाइनर
- किचन डिज़ाइनर
- आर्किटेक्ट
- आर्किटेक्चरल टेक्नोलॉजिस्ट
- प्रोडक्ट डिज़ाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनर
- प्रोडक्शन डिजाइनर

### पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम

इंटीरियर डिज़ाइन एमए

इन्वायरमेंटल डिज़ाइन ऑफ बिल्डिंग (एम एससी)

मास्टर ऑफ डिज़ाइन इन इंटीरियर स्टडीज- अडैप्टिव रीयूज

एमए इंटीरियर एंड स्पेशल डिज़ाइन

क्लाइमेट रिसिलिएन्स एंड इन्वायरमेंटल सस्टेनिबिलिटी इन आर्किटेक्चर (CRESTA) एमएससी

मास्टर ऑफ आर्ट्स इन फैमिली एंड कंज्यूमर साइंस – इंटीरियर डिज़ाइन

एम एससी इंफ्रास्ट्रक्चर डिज़ाइन एंड मैनेजमेंट

कॉमर्सियल इंटीरियर मैनेजमेंट एंड प्रैक्टिस एम एससी

मास्टर ऑफ आर्ट्स इन अप्लाइड डिज़ाइन- फर्नीचर एंड वुडवर्किंग